آزادی کے بعد

اُردو افسانہ

(ایک انتخاب)

جلد دوم

ترتیب

گوپی چند نارنگ

ارتضی کریم

اسلم جمشید پوری

قومی کونسل برائے فروغِ اردو زبان

نئی دہلی

آزادی کے بعد اردو افسانہ

आज़ादी के बाद उर्दू अफ़साना

آزادی کے بعد اردو افسانہ

(ایک انتخاب)

आज़ादी के बाद उर्दू अफ़साना

(एक इन्तिख़ाब)

जिल्द दोम

جلد دوم

तरतीब

ترتیب

गोपी चंद नारंग

گوپی چند نارنگ

इर्तज़ा करीम

ارتضیٰ کریم

असलम जमशेदपुरी

اسلم جمشید پوری

قومی کونسل برائے فروغ اردو زبان

وزارت ترقی انسانی وسائل (حکومتِ ہند)

ویسٹ بلاک ۱، آر۔ کے۔ پورم، نئی دہلی 110066

Azadi Ke Bad Urdu Afsana (An Anthology), Vol. 2

Selected & Edited by

Gopi Chand Narang, Irteza Karim & Aslam Jamshedpuri

سنہ اشاعت : نومبر 2003

پہلا اڈیشن : 1100

قیمت : Rs. 200/-

سلسلہ مطبوعات : 990

کمپوزنگ : عروف انٹر پرائزیز، نئی دہلی

ISBN: 81-7587- 041-9(Set)
ISBN: 81-7587- 043 -5(Vol II)

ناشر: ڈائرکٹر، قومی کونسل برائے فروغ اردو زبان، ویسٹ بلاک۔1، آر.کے.پورم، نئی دہلی 110066

طابع: لاہوتی پرنٹ ایڈس، جامع مسجد، دہلی - 110006

آزادی کے بعد اردو افسانہ

جلد دوم

आज़ादी के बाद उर्दू अफ़साना

जिल्द दोम

जिल्द दोम جلد دوم

☆☆☆

جیلانی بانو

موم کی مریم

آج بھی کمرے میں لیٹا میں خیالی ہیولوں سے کھیل رہا تھا۔

اور جب بھی اندھیرا چھا جاتا ہے تم نہ جانے کہاں سے نکل آتی ہو جیسے تم نے تاریکی کی کوکھ سے جنم لیا ہو۔ مجبوراً مجھے جلے ہوئے سگریٹ کی طرح تمہیں بھی ذہن سے جھٹک دینا پڑتا ہے۔

میں نے کبھی تمہارے سامنے ہاتھ نہیں پھیلائے، کبھی تمہاری آواز پر نظمیں نہیں لکھیں، کبھی تمہاری یاد میں تارے گننے کا پروگرام نہیں بنایا، پھر میں تمہیں کیوں یاد کیے جاؤں! زندگی بھر تم سے اتنی دور رہا۔ کہ کبھی اس رنگ و بو کے سیلاب میں غرق نہ ہو سکا جو تمہارے چاروں طرف پھیلا رہا۔ ہمارے بیچ جھوٹی عقیدت اور مضحکہ خیز احترام کی خلیج حائل رہی۔ پھر آج تم اپنی آہوں اور سسکیوں سے کون سے جذبے جگانا چاہتی ہو!

مجھے! آج صبح ہی عائشہ کے خط سے تمہاری موت کی خبر مل چکی ہے۔ لیکن میں اس موت پر اظہار افسوس نہ کر سکا اور نہ جانے کتنے بادل بنا برسے کیوں گزر جاتے ہیں۔ کتنے نغمے ساز کے اندر ہی دم توڑ دیتے ہیں۔ کتنے انسان ایک لمحے کی خوشی ڈھونڈتے مر جاتے ہیں۔ پھر تمہاری موت تو میرے سامنے کئی بار ہو چکی ہے۔ حالاں کہ مادی طور پر تم چلتی پھرتی نظر آتی تھیں، بالکل یونہی جیسے آج میرے کمرے میں آ بیٹھی ہو۔

مگر اس وقت میں تمہارے خیالی وجود سے باتیں نہیں کر رہا ہوں کیونکہ جب تمہاری جانی پہچانی سسکیاں تمہارے وجود کا یقین دلا رہی ہوں تو میں اسے واہمہ کیسے سمجھ لوں! تمہارا اور اندھیرے کا ہمیشہ ساتھ رہا ہے تم جہاں جہاں بھی گئیں چراغ گل ہوتے گئے۔ تاریکی کے

जीलानी बानो

मोम की मरियम

आज भी कमरे में लेटा मैं ख़्याली हयोलों से खेल रहा था।

और जब भी अंधेरा छा जाता है तुम न जाने कहां से निकल आती हो जैसे तुम ने तारीकी की कोख से जन्म लिया हो। मजबूरन मुझे जले हुए सिगरेट के राख की तरह तुम्हें भी ज़ेहन से झटक देना पड़ता है।

मैंने कभी तुम्हारे सामने हाथ नहीं फैलाये कभी तुम्हारी आवाज़ पर नज़में नहीं लिखीं, कभी तुम्हारी याद में तारे गिनने का प्रोग्राम नहीं बनाया, फिर मैं तुम्हें क्यों याद किए जाऊं! ज़िन्दगी भर तुम से इतनी दूर रहा कि कभी इस रंगो-बू[1] के सैलाब में गर्क़[2] न हो सका जो तुम्हारे चारों तरफ़ फैला रहा। हमारे बीच झूटी अकीदत और मज़हका-खेज़[3] एहतेराम की ख़लीज हाएल[4] रही······फिर आज तुम अपनी आंहों और सिसकियों से कौन से जज़्बे जगाना चाहती हो!

मुझे आज सुबह ही आयशा के खत से तुम्हारी मौत की ख़बर मिल चुकी है। लेकिन मैं उस मौत पर इज़हारे अफ़सोस न कर सका और न जाने कितने बादल बिना बरसे क्यों गुज़र जाते हैं। कितने नग़मे साज़ के अंदर ही दम तोड़ देते हैं। कितने इन्सान एक लम्हें की खुशी ढूंढते मर जाते हैं। फिर तुम्हारी मौत तो मेरे सामने कई बार हो चुकी है हांलाकि माद्दी[5] तौर पर तुम चलती फिरती नज़र आती थीं, बिल्कुल यूहीं जैसे आज मेरे कमरे में आ बैठी हो।

मगर इस वक़्त मैं तुम्हारे ख़्याली वजूद से बातें नहीं कर रहा हूं क्योंकि जब तुम्हारी जानी पहचानी सिसकियां तुम्हारे वजूद का यक़ीन दिला रही हों तो मैं उसे वाहेमा कैसे समझ लूं! तुम्हारा और अंधेरे का हमेशा साथ रहा है तुम जहां जहां

---

1. रंग और महक 2. डूबा हुआ 3.हास्यजनक 4. रुकावट 5. भौतिक

حلقے تمھیں اپنے گھیرے میں لیتے گئے۔ جس طرح مریم کی تصویر کے گرد مصوّر نور کا ہالہ کھینچ دیتا ہے۔ تقدس اور معصومیت کی لکیریں! جن کے اندر مریم کی روح کو محصور کر دیا گیا ہے (عورت کی روح کو کیسے کیسے شکنجوں میں کسا گیا؟)۔ اس وقت بھی جب تمھارے مستقبل کی طرح میرے کمرے میں اندھیرا چھایا ہوا ہے تمھارے آنسو یوں چمک رہے ہیں جیسے کسی برہمن نے دریا کی سطح پر چراغوں کی قطار چن دی ہو۔ میرے کمرے میں تمھارے آنسوؤں نے اجالے کی امید قائم رکھی ہے۔

(ہم مشرق کے مرد صدیوں سے اپنی عیش گاہوں میں تمھارے اشکوں سے جشن مناتے آئے ہیں) تمھارے متعلق جو لوگوں نے کہانیاں مشہور کر رکھی تھیں وہ بالکل سطحی تھیں اس لیے میں نے حقیقت کی روشنی میں آ کر تمھیں سمجھنا چاہا۔ تم کیا تھیں؟ اماوس کی رات کو ٹوٹنے والا ایک ستارہ جو اپنی آخری جھلک سے بہت سے دلوں میں امید کی ایک کرن جگا کر غائب ہو جائے۔ ایک تند لہر جو اپنے زعم میں ساحل کے پرخچے اڑانے کے ساتھ خود بھی مٹ گئی ہو۔

آج جب تم اپنے گناہوں کی لمبی فہرست سمیت خود ہی میرے کمرے میں آ گئی ہو، مجھے اعتراف کرنا پڑتا ہے کہ تم ایک عام لڑکی ہونے کے باوجود دوسروں سے کس قدر مختلف تھیں۔ تم ایک مسحور کرنے والا جادو بن گئیں جو کتنے ہی خریداروں کو کھینچ لایا، مگر سونگھا ہوا پھول سمجھ کر سب واپس چلے گئے۔

دوکان دار کے نزدیک وہ چیز کتنی حقیر ہو جاتی ہے جسے گاہک الٹ پلٹ کر پھر دوکان میں رکھ دے۔

شیشے کے کیس میں بند رہنے والی گڑیا۔ آج تم اتنی صاف صاف باتیں سن کر اتنی حیران کیوں ہو رہی ہو جب کہ تم نے آس پاس کے شیش محل چکنا چور کر ڈالے تھے اور سماج کی کھینچی ہوئی لکیروں پر چلنے سے انکار کر دیا تھا۔ ایک بار تم سب لڑکیوں کو آنگن میں دھما چوکڑی مچاتے دیکھ کر امی نے کہا تھا۔

''او نہہ مت روکو نگوڑی ماریوں کو۔ کنواری لڑکیاں برساتی چڑیاں ہوتی ہیں کون جانے کل کس کا ڈولا دروازے پر کھڑا ہوگا۔''

भी गईं चराग़ गुल होते गए। तारीकी के हलक़े तुम्हें अपने घेरे में लेते गए। जिस तरह मरियम की तस्वीर के गिर्द मुसव्विर[1] नूर का हाला खींच देता है। तक़द्दुस[2] और मासूमियत की लकीरें! जिन के अंदर मरियम की रूह को महसूर[3] कर दिया गया है (औरत की रूह को कैसे कैसे शिकन्जों में कसा गया?) इस वक़्त भी जब तुम्हारे मुस्तक़्बिल की तरह मेरे कमरे में अंधेरा छाया हुआ है तुम्हारे आंसू यूं चमक रहें है जैसे किसी ब्राहनण ने दरिया की सतह पर चिराग़ों की क़तार चुन दी हो। मेरे कमरे में तुम्हारे आंसुओं ने उजाले की उम्मीद क़ायम रखी है।

(हम मशरिक़ के मर्द सदियों से अपनी ऐश गाहों में तुम्हारे अशकों से जश्न मनाते आए हैं) तुम्हारे मुतल्लिक़ लोगों ने जो कहानियां मशहूर कर रखी थीं वह बिल्कुल सतही थीं इस लिए मैने हक़ीक़त की रौशनी में आकर तुम्हें समझना चाहा। तुम क्या थीं- ?अमावस की रात को टूटने वाला एक सितारा जो अपनी आख़री झलक से बहुत से दिलों में उम्मीद की एक किरण जगा कर ग़ायब हो जाए। एक तुंद लहर जो अपने जोम में साहिल के परख़चे उड़ाने के साथ ख़ुद भी मिट गई हो।

आज जब तुम अपने गुनाहों की लम्बी फ़हरिस्त समेत ख़ुद ही मेरे कमरे में आ गई हो, मुझे एतेराफ़ करना पड़ता है कि तुम एक आम लड़की होने के बावजूद दूसरों से किस क़दर मुख़्तलिफ थीं। तुम एक मसहूर[4] करने वाला जादू बन गईं जो कितने ही ख़रीदारों को खींच लाया, मगर सूंघा हुआ फूल समझ कर सब वापस चले गए।

दुकानदार के नज़दीक वह चीज़ कितनी हक़ीर होजाती है जिसे ग्राहक उलट पलट कर फिर दुकान में रख दे।

शीशे के केस में बंद रहने वाली गुड़िया...... आज तुम इतनी साफ़ साफ़ बातें सुन कर हैरान क्यों हो रही हो। जबकि तुम ने आस पास के शीश महल चकना चूर कर डाले थे और समाज की खींची हुयी लकीरों पर चलने से इन्कार कर दिया था। एक बार तुम सब लड़कियों को आंगन में धमा चौकड़ी मचाते देख कर अम्मी ने कहा था!

"उहं मत रोको निगोड़ी मारियों को...... कुंवारी लड़कियां बरसाती चिड़ियां

---

1. चित्रकार 2. पवित्रता 3. घेराबंदी 4. मंत्र मुग्ध

اس وقت اخبار پڑھتے پڑھتے میں نے تمھاری زندگی کی پوری فلم دیکھ ڈالی۔ جب تم کسی ناصر، شاہد، کلرک سے بیاہ رچا کر آنسو پونچھتی ڈولے میں سوار ہوکر چلی جاؤ گی۔ ہر سال ایک منے کی پیدائش میں اضافہ ہوتا رہے گا اور آٹھویں یا دسویں منے کی پیدائش پر تپ دق کا شکار ہوکر مر جاؤ گی — ہر لڑکی اپنی لکیروں پر دوڑتی چلی آئی ہے مگر تم نے اپنی انفرادیت سے ایک نیا راستہ ڈھونڈنا چاہا، جس کی سزا میں تم پر موت وزندگی حرام ہوگئی۔

تم منجھلے چچا کی دسویں یا گیارھویں اولاد تھیں اور نامراد لڑکی۔

''اونہہ لڑکی ہے تو کیا، نصیب اچھے ہوں، لڑکے کون سا فیض پہنچاتے ہیں۔ ماں باپ کی موت پر آنسو بہانے والی تو بیٹی ہی ہوتی ہے۔''

اور اپنی موت کے نوحہ گر کے پیدا ہوتے ہی کسی نے تمھیں خوش آمدید نہ کہا۔ اپنے آس پاس کے اس ماحول نے تمھیں زیادہ حساس بنا دیا۔ حقارت بھری نظروں نے تمھاری خودداری کو بھڑوں کے چھتے کی طرح چھیڑ دیا اور تم نے کچھ کرنے، کچھ پانے کی قسم کھالی۔ تمھارے متعلق بدنامیاں اور سرگوشیاں بڑھتی گئیں۔ جاہل، بددماغ، بدصورت اور مغرور جیسے ناموں سے یاد کیا جاتا۔ لیکن تم ایک ننھی سی چڑیا کی طرح اترا اترا کر کہتیں'' جو میرے پاس ہے وہ راجا کے محل میں نہیں'' اسی انانیت پسندی سے تم ایک ایسا شعر بن گئیں جس کے، غالب کے شارحین کی طرح، ہر ایک نے الگ معنی نکالنے چاہے مگر پھر بھی بہت کم حقیقت کی تہہ تک پہنچ سکے اور میں نے بہت دور ہوکر بھی سمجھنا چاہا۔۔ یہ سچ ہے میں نے دوسرے مردوں کی طرح تمھاری دوشیزگی کی جانب ہاتھ نہیں بڑھایا۔۔ کبھی اتنے نزدیک نہیں آیا کہ تمھارے تنفس کی رفتار کے راز پا سکوں۔ پھر بھی اس شعر پر کافی ریسرچ کی، دماغ کی لیبارٹری میں دو سال تک تجربے کیے مگر کچھ نہ سمجھ سکا۔ ایک بار مجھے اپنی جانب جھکتے دیکھ کر تم نے کہا تھا۔

''احمد بھائی میں آپ کی بہت عزت کرتی ہوں اور یہ نہیں چاہتی کہ کوئلوں کی دلالی میں آپ بھی اپنے ہاتھ کالے کر بیٹھیں''

مگر یہ کتنا بڑا حزنیہ ہے کہ تم نے بہت سوں کو کوئلے کی دلالی سے بچانے کی خاطر

होती हैं कौन जाने कल किस का डोला दरवाज़े पर खड़ा होगा।"

उस वक़्त अख़बार पढ़ते पढ़ते मैंने तुम्हारी ज़िन्दगी की पूरी फ़िल्म देख डाली। जब तुम किसी नासिर, शाहिद, क्लर्क से ब्याह रचाकर आंसू पोंछती डोले में सवार हो कर चली जाओगी। हर साल एक मुन्ने की पैदाइश में इज़ाफ़ा होता रहेगा और आठवें या दसवें मुन्ने की पैदाइश पर तपेदिक़ का शिकार हो कर मर जाओगी...... हर लड़की अपनी लकीरों पर दौड़ती चली आई है मगर तुमने अपनी इनफ़ेरादियत[1] से एक नया रास्ता ढूंढना चाहा। जिस की सज़ा में तुम पर मौतोज़िन्दगी हराम होगई।

तुम मंझिले चचा की दसवीं या ग्यारहवीं औलाद थीं और नामुराद लड़की......

"उहं लड़की है तो क्या,नसीब अच्छे हों, लड़के कौनसा फैज़ पहुंचाते हैं मां बाप की मौत पर आंसू बहाने वाली बेटी ही होती है,"

और अपनी मौत के नौहागर के पैदा होते ही किसी ने तुम्हें खुश आमदीद न कहा अपने आस पास के इस माहौल ने तुम्हें ज़्यादा हस्सास बना दिया। हक़ारत भरी नज़रों ने तुम्हारी खुद्दारी को भिड़ों के छत्ते की तरह छेड़ दिया और तुमने कुछ करने, कुछ पाने की क़सम खाली। तुम्हारे मुताल्लिक़ बदनामियां और सरगोशियां बढ़ती गयीं, जाहिल, बद्दिमाग़, बद्सूरत और मग़रूर जैसे नामों से याद किया जाता। लेकिन तुम एक नन्ही सी चिड़ियां की तरह इतरा इतरा कर कहतीं, "जो मेरे पास है वह राजा के महल में नहीं" इसी अनानियत[2] पसन्दी से तुम एक ऐसा शेर बन गयीं जिसके, ग़ालिब के शारेहीन[3] की तरह हर एक ने अलग मानी निकालने चाहे, मगर फिर भी बहुत कम हक़ीक़त की तह तक पहुंच सके और मैंने बहुत दूर होकर समझाना चाहा...... यह सच है कि मैंने दूसरे मर्दों की तरह तुम्हारी दोशीज़गी[4] की जानिब हाथ नहीं बढ़ाया...... कभी इतने नज़दीक नहीं आया कि तुम्हारे तनफ़्फ़ुस[5] की रफ़्तार से कोई राज़ पा सकूं...... फिर कभी इस शेर पर मैंने काफ़ी रिर्सच की, दिमाग़ की लेबॉरेट्री में दो साल तक तर्जुबे किये लेकिन कुछ समझ न सका। एक बार मुझे अपनी जानिब झकते देखकर मुझसे तुमने कहा था।

"अहमद भाई मैं आपकी बहुत इज़्ज़त करती हूं और यह नहीं चाहती कि

---

1. व्यक्तिवाद् 2. अहंकार 3. शारेह (टीकाकार) का बहुवचन 4. कुंवार पन 5. सांस

اپنے منہ پر کالک مل لی تھی، تاکہ ان کے سفید دامن سیاہی سے ملوث نہ ہوں۔ تم میری بہت عزت کرتی تھیں، ایک نوجوان مرد کی، جو تمھارے ذرا سے سہارے پر آگے بڑھنا چاہتا تھا۔ جس نے اٹھارہ سال کی عمر میں تم کو کئی بار فریب دیے۔ منزل کے قریب لا کر بھٹکا دیا۔ بدنامی کی کوٹھری میں ڈھکیل کر ہر دروازہ بند کردیا۔ پھر تم نے اپنی رہی سہی عزت کی دھجیاں بکھیر ڈالیں اور بیچ چوراہے پر اپنے سب ظاہری لباس نوچ پھینکے۔ وہ تو خیر ہوئی کہ تم میری عزت کرتی رہیں اور میں تمھیں سمجھنے میں اتنا منہمک ہو گیا کہ جذبات کے انجکشن قطعی بے اثر ہوگئے ورنہ ممکن تھا ایک دن میری خودداری تمھارے قدموں پر پڑی بخشش کی طلب گار ہوتی اور تم اطہر کی طرح مجھے ایک چٹان پر چھوڑ کر کہتیں۔

''میں نے تمھیں پانے کے لیے بہت سی ٹھوکریں کھائیں مگر تمھارے چھونے سے پہلے اتنی بلندی پر پہنچ گئی کہ جب تم وہاں پہنچے تو میں سراب بن چکی تھی۔''

گھبراؤ مت تم نے یہ الفاظ اطہر یا ریاض سے خود نہیں کہے لیکن آج تک تم نے اور کون سی باتیں زبان سے ادا کی ہیں۔۔تم تو اس گونگی کی طرح ہو جسے اپنا مفہوم ہمیشہ عملی طور پر سمجھانا پڑتا ہے — بظاہر تم کتنی معمولی سی تھیں۔ چھوٹے چھوٹے کاندھوں تک لہراتے ہوئے بال، جن کی باریک باریک آوارہ لٹیں چہرے کے گرد ہالہ بنائے کانپتی رہتیں۔ معمولی سا قد، دبلا پتلا دھان پان سا جسم، جیسے تیز ہوا کے جھونکے بھی تمھیں اڑا کر لے جائیں گے۔ جیسے تمھاری جانب ہاتھ بڑھایا تو چھوئی موئی کی طرح کمھلا جاؤ گی۔ ایک واہمہ سی۔ ادھورا خاکہ، کتنے ہلکے ہلکے تھے تمھارے خدوخال پتلے خمیدہ لب جو ہمیشہ سرد مہر سے بند رہتے۔ ہر چیز کو تجسس سے دیکھنے والی ہمدرد آنکھیں جو اپنے سارے گناہوں کو آشکارا کرنے کو تیار رہتیں اور اسی خیال سے بات کرتے وقت بار بار بند ہوجاتیں تاکہ ان کی گہرائیوں کا کوئی پتہ نہ لگا سکے اور ہر لحہ بدلنے والا رنگ، جو کبھی شعلہ کی طرح دہکنے لگتا۔ کبھی مٹی کی طرح میلا پڑ جاتا۔ جب تم بات کرتیں تو تمھارے نقوش بالکل نہ بدلتے کتنی مشکل بات تھی تمھارے چہرے سے کسی بات کا اندازہ لگانا۔ اس معمولی سی شکل و صورت ہی نے تو گھر میں تمھیں ایک ناقابل التفات چیز بنا دیا۔ اپنی خوب صورت

कोयले की दलाली में आप भी अपने हाथ काले कर बैठें"

मगर यह इतना बड़ा हुज़निया है कि तुमने बहुत सों को दलाली से बचाने की ख़ातिर अपने मुंह पर कालिख मल ली थी ताकि उनके सफ़ेद दामन सियाही से मुलव्विस[1] न हों...... तुम मेरी बहुत इज़्ज़त करती थीं। एक नौजवान मर्द की, जो तुम्हारे ज़रा से सहारे पर आगे बढ़ना चाहता था। जिसने अठ्ठारह साल की उम्र में तुम को कई बार फ़रेब दिए। मन्ज़िल के क़रीब लाकर भटका दिया, बदनामी की कोठरी में ढकेल कर दरवाज़ा बंद कर दिया, फिर तुम ने अपनी रही सही इज्जत की धज्जियां बिखेर डाली और बीच चौराहे पर अपने सब ज़ाहिरी लिबास नोच फेंके, यह तो ख़ैर हुई कि तुम मेरी इज़्ज़त करती रहीं और मैं तुम्हें समझने में इतना मुनहमिक[2] हो गया कि जज़्बात के इनजेक्शन क़तअई[3] बे असर हो गए, वरना मुमकिन था कि एक दिन मेरी खुद्दारी तुम्हारे क़दमों पर पड़ी बख़्शिश की तलबगार होती और तुम अत्हर की तरह मुझे एक चट्टान पर छोड़ कर कहतीं—:

"मैंने तुम्हें पाने के लिए बहुत सी ठोकरें खाई मगर तुम्हारे छूने से पहले इतनी बुलंदी पर पहुंच गई कि जब तुम वहां पहुचे तो मैं सराब बन चुकी थी।"

घबराओ मत तुम ने यह अलफ़ाज़ अत्हर या रियाज़ से खुद नहीं कहे लेकिन आज तक तुम ने और कौन सी बातें ज़ुबान से अदा की हैं...... तुम तो उस गूंगी की तरह हो जिसे अपना मफ़हूम हमेशा अमली तौर पर समझना पड़ता है......बज़ाहिर तुम कितनी मामूली सी थीं, छोटे छोटे कांधों तक लहराते हुए बाल, जिन की बारीक बारीक आवारा लटें चेहरे के गिर्द हाला बनाए कांपती रहतीं। मामूली सा क़द, दुबला पतला धान पान सा जिस्म, जैसे तेज़ हवा के झोंके भी तुम्हें उड़ा कर लेजाएगें। जैसे तुम्हारी जानिब हाथ बढ़ाया तो छुई मूई की तरह कुम्हला जाओगी। एक वाहमा सी, अधूरा ख़ाका, कितने हल्के हल्के थे तुम्हारे ख़दो ख़ाल, पतले ख़मीदह लब जो हमेशा सर्दमेहर[4] से बंद रहते। हर चीज़ को तजस्सुस[5] से देखने वाली हमदर्द आंखें, जो अपने सारे गुनाहों को आशकारा[6] करने को तैयार रहतीं और उसी ख़्याल से बातें करते वक़्त बारहा बंद हो जातीं ताकि उनकी गहराइयों का कोई पता ना लगा सके। और हर लमहां बदलने वाला रंग, जो कभी शोला की तरह दहकने लगता, कभी मिट्टी की तरह मैला पड़ जाता। जब तुम बातें करतीं तो तुम्हारे नुक़ूश बिल्कुल न बदलते कितनी मुश्किल बात थी

1. लिप्त 2. मग्न 3. बिल्कुल 4. ठंडे पन से 5. जिज्ञासा 6. ज़ाहिर

سعادت مند بہنوں کے مقابلے میں تمھاری کوئی قیمت نہ تھی۔

خرید و فروخت کے اس بازار میں صرف اچھی صورت والی لڑکی کے اونچے دام لگتے ہیں۔ چچا اور چچی کے لیے یہ خیال سوہان روح تھا۔

مجھے آج سے تین سال پہلے والی جاڑوں کی ایک صبح یاد آرہی ہے۔تم اس وقت نہا کر آئی تھیں۔نسرین اور عائشہ کے ساتھ صحن میں بیٹھی سوئٹر کا نمونہ بنا بنا کر ادھیڑ رہی تھیں۔ نومبر کی لطیف دھوپ آنگن میں بکھری ہوئی تھی۔ چچی نیچے بیٹھی نئے لحافوں کو نگندرہی تھیں۔ اس وقت تمھارے گلابی دوپٹے، بھیگے بال اور نکھرے ہوئے رنگ کو دیکھ کر بھی مجھے کوئی شعر یاد نہیں آیا۔کوئی تشبیہ دماغ میں انھیں ابھری۔ عائشہ، نسرین، اور فرزانہ کے فروزاں حسن نے تمھارے چراغ کو ٹمٹمانے بھی نہیں دیا۔ کتنی کمتر تھیں تم، مغرور اور اپنے حسن کے ہتھیاروں سے واقف بہنوں کے حلقے میں۔۔ اس وقت میں نے سوچا تھا کہ حسن کے اس جمگھٹ میں تمھاری کہانی کتنی پھیکی اور مختصر ہوگی۔

انھی دنوں مسلسل بے کاری نے مجھے نئی نئی راہوں سے واقف کرایا۔ گھر سے بہت دور ایک ہڑتال کے سلسلے میں گرفتار ہوا تو عائشہ کے خط سے پہلی بار تمھاری جانب متوجہ ہوا تھا تم لڑکیوں کو خط لکھنے کے لیے بھی تو کوئی بات نہیں ملتی۔

عائشہ کے خط بھی اس کی طرح خاموش اور معصوم ہوتے ہیں، جن میں ابا کی ناراضگی سے لے کر خاندان کی اہم تقریبوں میں آنے والی عورتو ں کے کپڑے، زیوروں کے ڈیزائن اور اسکول کی سہیلیوں کے رومان تک، ہر چیز کا ذکر تفصیل سے ہوتا، ساتھ ہی مجھے بھی ایسا ہی مزے دار لمبا خط لکھنے کی ہدایت کرتی۔ میری بہن جو نہیں جانتی تھی کہ میں رومانوں، سرگوشیوں اور رنگینیوں سے کتنا دور تھا۔لیکن وہ میری مسلسل خاموشی کے باوجود ایک ہنگامہ پر گھر میں بیٹھی، بار بار منھ پر جھک آنے والی لٹوں کو پیچھے جھٹک کر لکھتی رہی۔"

آپ نے اور سنا بھائی جان !قدسیہ کے یہاں چھوٹی خالہ امجد بھائی کا پیغام لے کر گئی تو قدسیہ نے آ کر خود کہہ دیا کہ وہ امجد سے بیاہ نہیں کرے گی سنا ہے چچا ابا زہر کھانے والے ہیں۔ سارے خاندان میں تھوتھو ہو رہی ہے"۔

तुम्हारे चहरे से किसी बात का अंदाज़ा लगाना!

इस मामूली सी शक्लो सूरत ही ने तो घर में तुम्हें एक नाक़ाबिले-इल्तेफ़ात चीज़ बना दिया। अपनी ख़ूबसूरत सआदतमंद[1] बहनों के मुक़ाबले में तुम्हारी कोई क़ीमत न थी।

ख़रीदोफ़रोख़्त के इस बाज़ार में सिर्फ़ अच्छी सूरत वाली लड़की के ऊंचे दाम लगते हैं, चचा और चची के लिए यह ख़्याल सूहाने रूह था।

मुझे आज से तीन साल पहले वाली जाड़ों की एक सुबह याद आ रही है, तुम उस वक़्त नहा कर आई थीं, नसरीन और आयशा के साथ सहन में बैठी स्वेटर का नमूना बना बना कर उधेड़ रही थीं, नवम्बर की लतीफ़ धूप आंगन में बिखरी हुई थी, चची नीचे बैठी नए लेहाफ़ों को नगंद रही थीं। उस वक़्त तुम्हारे गुलाबी दोपट्टे, भीगे बाल और निखरे हुए रंग को देख कर भी मुझे कोई शेर याद नहीं आया। कोई तश्बीह[2] दिमाग़ में नहीं उभरी। आयशा, नसरीन, और फरज़ाना के फरोज़ां हुस्न ने तुम्हारे चराग़ को टिमटिमने भी नहीं दिया। कितनी कमतर थीं तुम, मगरूर और अपने हुस्न के हथियारों से वाक़िफ़ बहनों के हलक़े में...... उस वक़्त मैने सोचा था कि हुस्न के इस जमघट में तुम्हारी कहानी कितनी फीकी और मुख़्तसर होगी।

उन्हीं दिनों मुसलसल बेकारी ने मुझे नई नई राहों से वाक़िफ़ कराया। घर से बहुत दूर एक हड़ताल के सिलसिले में गिरफ़्तार हुआ तो आयशा के ख़त से पहली बार तुम्हारी जानिब मुतवज्जा हुआ था। तुम लड़कियों को ख़त लिखने के लिए भी तो कोई बात नहीं मिलती।

आयशा के ख़त भी उस की तरह ख़ामोश और मासूम होते हैं जिन में अब्बा की नाराजगी से लेकर ख़ानदान की अहम तक़रीबों[3] में आने वाली औरतों के कपड़े, ज़ेवरों के डिज़ाईन और स्कूल की सहेलियों के रोमान तक हर चीज़ का जिक्र तफ़सील से होता। साथ ही मुझे भी ऐसा ही मज़ेदार लम्बा खत लिखने की हिदायत करती। मेरी बहन जो नहीं जानती थी कि मैं रोमानों, सरगोशियो और रंगीनियों से कितना दूर था लेकिन वह मेरी मुसलसल ख़ामोशी के बावजूद, एक हंगामा पर घर के कमरे में बैठी, बार बार मुंह पर झुक आने वाली लटों को पीछे झटक कर लिखती रही, "आपने और सुना भाई जान! क़ुदसिया के यहां छोटी

1. आज्ञाकारी 2. उपमा 3. प्रोग्रामों

اس دن میں بہت دنوں کے بعد جیل کی منحوس کوٹھری میں مسکرایا تھا۔ اس دلیرانہ جرات پر غائبانہ تمھاری پیٹھ ٹھونکی تھی اور محسوس کیا تھا کہ جس خول میں ہم اپنے آپ کو لپیٹے ہوئے ہیں وہ جگہ جگہ سے ٹوٹ رہا ہے۔ جی چاہا چچا ابا کو ایک زہر کی شیشی فوراً پارسل کر دوں تاکہ وہ صرف ارادہ کر کے ہی نہ رہ جائیں۔ تم پھر ایک بار میرے سامنے آئی تھیں۔ جھنجھلا کر سوئٹر ادھیڑتی ہوئی۔ پھر میں اس واقعہ کو بھول گیا۔ عائشہ اپنے خطوں میں لکھتی رہتی ہے کہ تمھارا اور ریاض کا رومانس چل رہا ہے۔ اپنی صفائی میں کچھ کہنے کی کوشش مت کرو۔۔ مجھے معلوم ہے کہ تم نے اس محبت کو کامیاب بنانے کی کتنی کوشش کی۔

لیکن ریاض تمھارے یہاں کالے پالک تھا۔ تمھارے دسترخوان کے ٹکڑوں پر پلا تھا۔ پھر چچا ابا کو اس محبت کی سن گن ملی تو ریاض کو گھر ہی سے نہیں بلکہ شہر سے نکال دیا گیا اور تم نے بڑے تحمل سے محبت کی اس لاش کو دل کے قبرستان میں دفن کر دینا چاہا لیکن شاید ایسا نہ ہو سکا کیوں کے مردار کھانے والے گدھ، جو ایسے موقعوں کی تلاش میں پھرتے ہیں، اس لاش کو باہر کھینچ لائے۔ جی بھر کے لطف اٹھایا اور چیر پھاڑ کے پھینک دیا۔ تمھاری بیماری کو بڑے معنی پہنائے گئے۔ یعنی یہ سب ریاض کی امانت کو ٹھکانے لگانے کے بہانے ہیں اور تم اپنے بند کمرے میں نہیں پڑی رہتی بلکہ ریاض کے ساتھ فرار ہو چکی ہو۔

یہ افواہیں میں نے بہت دور بیٹھ کر سنیں اور یقین کے خانے میں ڈالتا گیا۔ یہ کوئی ناقابل یقین بات بھی تو نہ تھی۔ بقول عائشہ کے تم اپنی اہمیت کا احساس دلانے کا فیصلہ کر چکی تھیں اور تم نے ساری دنیا کو ٹھکرا کر اپنی من مانی کرنے کا ارادہ کر لیا تھا۔۔ پھر تم جیسی محبت کی ماری لڑکیاں اس سے زیادہ اپنی اہمیت کا ثبوت کیا دے سکتی ہیں۔

اس کے بعد جب میں رہا ہو کر گھر آیا تو تم وقت کا اہم موضوع بن چکی تھیں، یا عائشہ کے الفاظ میں کچھ کرنے کی دھن میں اپنا رہا سہا وقار بھی کھو چکی تھیں۔

اس دوران میں تم اپنے ماسٹر سے محبت کر چکی تھیں، جو تمھیں پڑھانے آتا تھا۔ ایک سیدھا سادا خطرناک حد تک شریف انسان۔ جو اپنی مظلومی اور بے چارگی ظاہر کر کے دوسروں سے رحم کی بھیک مانگتا تھا۔

ख़ाला अमजद भाई का पैग़ाम लेकर गईं तो क़ुदसिया ने खुद आकर कह दिया कि अमजद से ब्याह नहीं करेगी। सुना है चचा अब्बा ज़हर खाने वाले हैं सारे ख़ानदान में थू थू हो रही है।"

उस दिन बहुत दिन के बाद मैं जेल की मनहूस कोठरी में मुस्कुराया था। इस दिलेराना जुरअत[1] पर ग़ाएबाना तुम्हारी पीठ ठोंकी थी और महसूस किया था कि जिस ख़ोल में हम अपने आप को लपेटे हुए हैं वह जगह जगह से टूट रहा है। जी चाहा चचा अब्बा को एक ज़हर की शीशी फ़ौरन पार्सल कर दूं। ताकि वह सिर्फ़ इरादा करके ही न रह जाए। तुम फिर एक बार मेरे सामने आई थीं। झुंझुला कर स्वेटर उधेड़ती हुई, फिर मैं उस वाक़या को भूल गया। आयशा अपने ख़तों में लिखती रहती है कि तुम्हारा और रियाज़ का रूमान चल रहा है। अपनी सफ़ाई में कुछ कहने की कोशिश मत करो...... मुझे मालूम है कि तुम ने उस मोहब्बत को कामयाब बनाने की कितनी कोशिश की...... लेकिन रियाज़ तुम्हारे यहां का लेपालक था। तुम्हारे दस्तर ख़ान के टुकड़ो पर पला था। फिर चचा अब्बा को इस मोहब्बत की सुन गुन मिली, तो रियाज़ को घर ही से नहीं बल्कि शहर से निकाल दिया गया और तुमने बड़े तहम्मुल[2] से मोहब्बत की इस लाश को दिल के क़ब्रिस्तान में दफ़न कर देना चाहा ......लेकिन शायद ऐसा न हो सका क्यों कि मुर्दार खाने वाले गिद्ध, जो ऐसे मौक़ों की तलाश में फ़िरते हैं उस लाश को बाहर खींच लाए। जी भर के लुत्फ़ उठाया और चीर फाड़ कर फेंक दिया। तुम्हारी बीमारी को बड़े मानी पहनाए गए यानी यह सब रियाज़ की अमानत को ठिकाने लगाने के बहाने हैं, और तुम अपने बंद कमरे में नहीं पड़ी रहतीं बल्कि रियाज़ के साथ फ़रार हो चुकी हो ।

यह अफ़वाहें मैंने बहुत दूर बैठ कर सुनीं और हर बात को यक़ीन के ख़ाने में डालता गया। यह कोई नाक़ाबिले यक़ीन बात भी तो न थी। बक़ौल आएशा के तुम अपनी अहमियत का एहसास दिलाने का फ़ैसला कर चुकी थीं और तुम ने सारी दुनिया को ठुकरा कर अपनी मनमानी करने का इरादा कर लिया था...... फिर तुम जैसी मोहब्बत की मारी लड़कियां इस से ज़्यादा अपनी अहमियत का सबूत क्या दे सकती हैं।

इस के बाद जब मैं रिहा हो कर घर आया तो तुम वक़्त का अहम मौज़ू बन

1. हिम्मत 2. सहन

پہلے اس نے تمھیں عزت اور شرافت کے سبق پڑھائے، اپنی بے چارگی اور دکھ کے افسانے سنائے۔ اس کی محبوبہ نے اسے دھوکا دیا تھا۔ محض غریبی کی وجہ سے ٹھکرا دیا تھا۔ (یہ محبوباؤں کے دھوکا دینے کا دکھڑا ابھی کتنا فرسودہ ہو چکا ہے؟)

پھر اس کی پیاسی دنیا میں تم نے اپنی ہمدردی کے چند قطرے برسانے چاہے۔ اپنے اپنے طرز عمل سے سے اس کا دکھ کم کرنا چاہا اپنے غم کی کہانی بھی اسے سنا ڈالی۔ کورس کی کتابوں کو ایک جانب سمیٹ کر تسکین و تسلی کے سبق پڑھائے جانے لگے۔

تمھارا ماسٹر بیمار ہو گیا اور چچا ابا نے دوسرا ماسٹر رکھنا چاہا تو تم نے انکار کر دیا۔ تم اس ماسٹر سے پڑھنا چاہتی تھیں۔ اس کی مزاج پرسی کے لیے اس کے گھر جانے پر مصر تھیں۔ یہ ساری باتیں گھر کے بچوں نے مجھے سنائیں میں کیسے یقین کر لوں کے ماسٹر سے محبت نہیں صرف ہمدردی تھی یہ انسانیت کا جذبہ ہی ایک رات چپکے سے اٹھا کر تمھیں ماسٹر کے گھر لے گیا اور جب تم دروازہ کھٹکھٹا رہی تھیں تو چچا ابا کے ڈنڈے کی ضرب سے بے ہوش ہو گئیں۔

پھر مہینوں گھر والے تمھارے سائے سے اچھوتوں کی طرح بچتے رہے۔ گھر کی لمبی لمبی ناکوں والی عورتوں نے برادری میں نکلنا چھوڑ دیا۔ چچا ابا نے وقت سے پہلے پنشن لے لی اور تم سارے خاندان پر کلنک کا جھومر بن کر لہرانے لگیں۔

لڑکیوں کو تمھارے قریب بیٹھنے کی اجازت نہ تھی۔ مگر تم شان بے نیازی سے رہتی تھیں "گنگا ری گنگا تو کہاں لہرائے؟ میں پاؤں بھی تو ڈبوؤں!"

اور بیچ آنگن میں کھڑے ہو کر تم نے اماں سے کہا "جو میرا جی چاہے گا کروں گی یا پھر آپ لوگ مجھے مار ڈالیے۔"

پھر سب نے دوسری بات سے اتفاق کر لیا۔ سب نے تم پر فاتحہ پڑھ ڈالی۔ مگر شمیم ماموں اس فاتحہ میں شریک نہیں ہوئے۔ رفتہ رفتہ دوسرا غم بھی بھولنے لگا۔ کچھ شمیم ماموں کی ناز برداریوں نے مٹا ڈالا۔ وہ تم پر بے حد مہربان تھے۔ عائشہ کہتی تھی "شمیم ماموں کی عذرا بھی تو قدسیہ کی کلاس فیلو ہے جیسی ان کی بیٹی ویسی قدسیہ۔ پھر وہ کیسے ایک لڑکی کو مکمل

चुकी थीं या आयशा के अलफाज़ में कुछ करने की धुन में अपना रहा सहा वक़ार भी खो चुकी थीं।

इस दौरान में तुम अपने मास्टर से मोहब्बत कर चुकी थीं, जो तुम्हें पढ़ाने आता था। एक सीधा सादा ख़तरनाक हद तक शरीफ़ इन्सान, जो अपनी मज़लूमी और बेचारगी ज़ाहिर कर के दूसरों से रहम की भीख मांगता था।

पहले उसने तुम्हे इज़्ज़त और शराफ़त के सबक़ पढ़ाए, अपनी बेचारगी और दुख के अफ़साने सुनाए। उसकी महबूबा ने उसे धोखा दिया था। महज़ ग़रीबी की वजह से उसे ठुकरा दिया था। (ये महबूबाओं के धोखा देने का दुखड़ा भी कितना फ़रसूदा[1] हो चुका है।) फिर उस की प्यासी दुनिया में तुमने अपनी हमदर्दी के चन्द क़तरे बरसाने चाहे। अपने अपने तर्ज़े अमल से उसका दुख कम करना चाहा, अपने ग़म की कहानी भी उसे सुना डाली। कोर्स की किताबों को एक जानिब समेट कर तसकीनो तसल्ली के सबक़ पढ़ाए जाने लगे ।

तुम्हारा मास्टर बीमार हो गया और चचा अब्बा ने दूसरा मास्टर रखना चाहा तो तुम ने इनकार कर दिया। तुम उस मास्टर से पढ़ना चाहती थी। उस की मिज़ाज पुरसी के लिए उस के घर जाने पर मुसिर[2] थीं। यह सारी बातें घर के बच्चों ने मुझे सुनाईं, मैं कैसे यक़ीन करलूं कि उस मास्टर से मोहब्बत नहीं सिर्फ़ हमदर्दी थी। यह इन्सानियत का जज़्बा ही एक रात चुपके से उठा कर तुम्हें मास्टर के घर ले गया और जब तुम दरवाज़ा खटखटा रही थीं तो चचा अब्बा की ज़र्ब से बेहोश हो गईं।

फिर महीनों घर वाले तुम्हारे साये से अछूतों की तरह बचते रहे। घर की लम्बी लम्बी नाकों वाली औरतों ने बिरादरी में निकलना छोड़ दिया। चचा अब्बा ने वक़्त से पहले पैंशन ले ली और तुम सारे ख़ानदान पर कलंक का झूमर बन कर लहराने लगीं ।

लड़कियों को तुम्हारे क़रीब बैठने की इजाज़त न थी मगर तुम शाने बेनियाज़ी से रहती थीं, "गंगा री गंगा तू कहां लहराए? मैं पाऊँ भी तो डुबोऊं।"

और बीच आंगन में खड़े होकर तुमने अम्मा से कहा. "मेरा जो जी चाहेगा करूंगी या फिर आप लोग मुझे मार डालिये।"

फिर सब ने दूसरी बात से इत्तेफ़ाक़ कर लिया। सब ने तुम पर फ़ातेहा पढ़

1. पुराना 2. हठ

مکمل کر مرتا دیکھیں۔" شمیم ماموں بڑی مدت سے بیوی بچوں سے قطع تعلق کیے بڑی رنگین زندگی گزار رہے تھے۔ صرف اتنی سی بات پر کہ ان کی بیوی کبھی اچھی ساڑی نہ باندھ سکیں۔ (ایک بار عائشہ نے لکھا تھا کہ بہترین ساڑی باندھنے پر تم انعام لے چکی ہو!) وہ اپنے بچوں کو چھوڑ کر تمھیں سیر کرانے جاتے ہیں۔ تمھارے صدقہ میں سارا گھر سنیما دیکھتا، پکنک پر جاتا، موٹروں میں گھومتا، تم کوئی اعلا ڈگری لینا چاہتی تھیں اور چچا ابا تمھیں تنہا ہوسٹل میں چھوڑنے کو تیار نہیں تھے۔ اس لیے بے چارے شمیم ماموں اپنی وکالت کے بے شمار اہم کام چھوڑ کر بارہ بارہ بجے رات تک فارسی اور اردو شاعروں کا کلام پڑھاتے۔ عشق و تصوف میں ڈوبے ہوئے اشعار کا مطلب تم سے پوچھتے اور ان میں چھپے ہوئے نکتوں کی وضاحت پر جھوم جھوم اٹھتے۔

سب طرف سے ٹھکرائے جانے سے پہلے تم خود ہی کسی سے بات نہیں کرتی تھیں۔ دن بھر پلنگ پر اوندھی پڑی نہ جانے کیا کیا سوچا کرتی تھیں کوئی بات نہ کرتا تو شکایت نہ کرتیں۔ شمیم ماموں سر پر ہاتھ پھیرتے تو منع نہ کرتیں۔ ہاتھ پکڑ کر موٹر میں بٹھا دیتے تو بیٹھ جاتیں۔ ممکن ہے تم سے ان کی ویران زندگی نہ دیکھی گئی ہو اور انسانیت کے تقاضے نے مجبور کیا ہو!

پھر تمھاری یہ روش کتنی تعجب خیز تھی۔ ممانی کو اپنا مستقبل خطرے میں نظر آنے لگا اور سب کی سوالیہ نظریں تمھارے چہرے پر گڑ گئیں۔

ایک رات جب تم شمیم ماموں سے پڑھ رہی تھیں، کمرے میں کچھ شور ہوا اور تم بغیر دوپٹے کے کمرے میں بھاگتی ہوئی آئیں اور پلنگ پر گر کر رونے لگیں۔

پیچھے پیچھے گھر کے سب لوگوں کی لمبی قطار تھی۔ میں بڑی دلچسپی سے تماشہ دیکھنے لگا۔ چچی نے اپنی دانست میں تمھاری پیٹھ پر بڑے زور دار دھموکے رسید کیے اور بہت سی مرغابیاں کڑکڑانے لگیں۔ جواب میں سسکیاں روک کر تم نے بڑی مشکل سے کہا "میں جدھر بھی جاؤں سب مجھی کو برا کہتے ہیں مجھے کیا معلوم کہ وہ اتنا کمینہ۔" مجھے ہنسی آگئی۔ کوئی مرد ماموں نہیں ہوتا صرف کمینہ ہوتا ہے، جو عورت سے سب کچھ لینے کے بعد بھی

डाली। मगर शमीम मामूं उस फ़ातेहा में शरीक नहीं हुए। रफ़्ता रफ़्ता दूसरा ग़म भी भूलने लगा, कुछ शमीम मामूं की नाज़ बरदारियों ने मिटा डाला। वह तुम पर बेहद मेहरबान थे। आयशा कहती थी ''शमीम मामूं की अज़रा भी तो क़ुदसिया की क्लास फेलो है जैसी उनकी बेटी वैसी कुदसीया। फिर वह कैसे एक लड़की को घुल घुल कर मरता देखें,'' शमीम मामूं बड़ी मुद्दत से बीवी बच्चों से क़तअ-तअल्लुक़[1] किये बड़ी रंगीन ज़िन्दगी गुज़ार रहे थे। सिर्फ़ इतनी सी बात पर कि उनकी बीवी कभी अच्छी साड़ी न बांध सकीं , (एक बार आयशा ने लिखा था कि बेहतरीन साड़ी बांधने पर तुम ईनाम ले चुकी हो।) वह अपने बच्चों को छोड़ कर तुम्हें सैर कराने जाते हैं,। तुम्हारे सदक़े में सारा घर सिनेमा देखता, पिकनिक पर जाता, मोटरों में घूमता, तुम कोई आला डिगरी लेना चाहती थीं और चचा अब्बा तुम्हें तन्हा होस्टल में छोड़ने पर तैयार नहीं थे इस लिए बेचारे शमीम मामूं अपनी वकालत के बेशुमार अहम काम छोड़कर बारह बारह बजे रात तक फ़ारसी और उर्दू शायरों का कलाम पढ़ाते, इश्क़ो व तसव्वुफ में डूबे हुए अशआर का मतलब तुम से पूछते और उनमें छुपे हुए नुकतों की वज़ाहत[2] पर झूम-झूम उठते।

सब तरफ़ से ठुकराए जाने से पहले तुम खुद ही किसी से बात न करती थीं। दिन भर पलंग पर औंधी पड़ी न जाने क्या क्या सोचा करतीं। कोई बात न करता तो शिकायत न करतीं। शमीम मामूं सर पर हाथ फेरते तो मना न करतीं। हाथ पकड़ कर मोटर में बिठा देते तो बैठ जातीं। मुमकिन है तुम से उनकी वीरान ज़िन्दगी न देखी गई हो और इंसानियत के तक़ाजे ने मजबूर किया हो।

फिर तुम्हारी यह रविश कितनी ताअज्जुब खेज़ थीं मुमानी को अपना मुसतक़बिल ख़तरे में नज़र आने लगा और सब की सवालिया नज़रें तुम्हारे चेहरे पर गड़ गईं।

एक रात जब तुम शमीम मामूं से पढ़ रहीं थीं, कमरे में कुछ शोर हुआ और तुम बग़ैर दोपट्टे के कमरे में भागती हुई आईं और पलंग पर गिर कर रोने लगीं।

पीछे -पीछे घर के सब लोगों की लम्बी क़तार थी मैं बड़ी दिलचस्पी से तमाशा देखने लगा। चची ने अपनी दानिस्त में तुम्हरी पीठ पर बड़े ज़ोर दार धमूके रसीद किए और बहुत सी मुर्ग़ायां कुड़कुड़ाने लगीं। जवाब में सिसकियां

---
1. सम्बंध विच्छेद 2. व्याख्या

اسے جھلملاتے ہوئے آنسوؤں کے علاوہ کچھ بھی نہیں دے سکتا۔

شمیم ماموں نے سوچا ہوگا کہ اگر ریاض یا ماسٹر تمھیں کوئی امانت نہیں دے سکے تو وہ کیوں نہ اس بہتی گنگا میں ہاتھ دھولیں، جبکہ وہ کسی رشتہ سے تمھارے ماموں بھی بنے ہوئے تھے۔ پھر تو ان کی بیوی نے یہ خبر شہر بھر میں عام کردی کہ تم چاہو تو بیوی بچوں والے مردوں کو بھی بہکادو۔ شمیم ماموں جیسا پرہیز گار انسان تمھیں دیکھ کر سٹھیا گیا۔

کسی میوزیم میں رکھی ہوئی لاکھوں سال پرانی ممی کی طرح تم ایک نمائش کی چیز بن گئیں۔ چھتوں کو پھلانگتی ہوئی یہ بات سارے شہر کا گشت لگا کر تمھارے ماتھے پر چپک گئی۔ عورتیں اور لڑکیاں دور دور سے کولہوں پر ہاتھ ٹکائے ناک پر انگلی رکھے تمھیں دیکھنے کو آتیں۔ مردوں کی محفلوں میں، بلند قہقہوں اور فحش گالیوں کے بیچ تمھارا نام آجاتا تو خود بھی اس لٹنے والے باغ میں جانے کو طبیعت مچل اٹھتی ہے۔ اطہر اسی مال غنیمت کی امید میں آیا تھا۔ میرا چھوٹا بھائی، جو اپنی آوارگی کے سبب حوالات تک ہو آیا تھا۔ متوسط طبقے کا ایک بیکار نوجوان، جسے بے کاری نے مٹا ڈالا تھا اور سب اس سے مایوس ہوگئے تھے۔ متفقہ طور پر طے ہوگیا تھا کہ کوئی اسے بیٹی نہ دیگا۔ باہر کی تفریحوں کے علاوہ وہ کئی بار گھریلو لڑکیوں کو بھی جھانسا دے چکا تھا بلکہ راحت کے متعلق تو یہ مشہور تھا کہ محض اطہر کی وجہ سے وہ اپنے شوہر کا گھر چھوڑے بیٹھی ہے۔ مگر اتنے سیاہ کارنامے کرنے کے باوجود وہ تمھاری جانب سے مایوس نہیں لوٹا، ساری دنیا سے دھتکارا ہوا، منہ پھٹ، بے رحم، چیخ چیخ کر باتیں کرنے والا اطہر۔ جسے ابا روز گھر سے نکال دیتے، امی کوسنے دیتیں اور عائشہ اپنی قسمت پر صبر کر کے بیٹھ گئی۔ اگر بہنوں کے بھائی قابل فخر نہ ہوں تو وہ کتنی بدنصیب نظر آتی ہیں۔ خوبصورت کماؤ بھائیوں کے بھروسے پر ہی تو وہ نہ جانے کتنی ناکوں کو اپنے سامنے رگڑوا سکتی ہیں۔ عائشہ کی ساری توجہ میری جانب مرکوز ہوگئی تھی۔ میری خشک اور بے ربط زندگی میں لڑکیوں کے لیے کوئی دلچسپی نہ تھی۔ پھر بھی اپنی اصول پسندی اور صاف گوئی کی وجہ سے میری شخصیت کو کافی اہمیت حاصل تھی۔

रोक के तुम ने बड़ी मुश्किल से कहा, "मैं जिधर भी जाऊं सब मुझी को बुरा कहते हैं मुझे क्या मालूम कि वह इतना कमीना……" मुझे हंसी आ गई, कोई मर्द मामूं नहीं होता सिर्फ़ कमीना होता है, जो औरत से सब कुछ लेने के बाद भी उसे झिलमिलाते हुए आंसुओं के अलावा कुछ भी नहीं दे सकता ।

शमीम मामूं ने सोचा होगा कि अगर रियाज़ या मास्टर तुम्हें कोई अमानत न दे सके तो वह क्यों न इस बहती गंगा में हाथ धोलें, जबकि वह किसी रिश्ते से तुम्हारे मामूं भी बने हुए थे, फिर तो उन की बीवी ने यह ख़बर शहर भर में आम कर दी कि तुम चाहो तो बीवी बच्चों वाले मर्दों को भी बहकादो, शमीम मामूं जैसा परहेज़गार इन्सान तुम्हें देख कर सठिया गया।

किसी म्यूज़ियम में रखी हुई लाखों साल पुरानी ममी की तरह तुम एक नुमाईश की चीज़ बन गईं। छतों को फलांगती हुई यह बात सारे शहर का गश्त लगाकर तुम्हारे माथे पर चिपक गई। औरतें और लड़कियां दूर दूर से कुल्हों पर हाथ टिकाए नाक पर उंगली रखे तुम्हें देखने को आतीं। मर्दों की महफ़िलों में बुलंद क़हक़हों और फहश[1] गालियों के बीच तुम्हारा नाम आ जाता तो खुद भी उस लुटने वाले बाग़ में जाने को तबीयत मचल उठती। अत्हर उसी माले ग़नीमत की उम्मीद में आया था। मेरा छोटा भाई जो अपनी आवारगी के सबब हवालात तक हो आया था। मोतवस्सित[2] तबक़े का एक बेकार नौजवान जिसे बेकारी ने मिटा डाला था और सब उस से मायूस होगए थे। मुत्तफ़िक़ा[3] तौर पर तय हो गया था कि कोई उसे बेटी न देगा। बाहर की तफ़रीहों के अलावा वह कई बार घरेलू लड़कियों को भी झांसा दे चुका था, बल्कि राहत के मोतअल्लिक़ तो यह मशहूर था, कि महज़ अत्हर की वजह से वह अपने शौहर का घर छोड़े बैठी है। मगर अपने सियाह कारनामों के बावजूद वह तुम्हारी जानिब से मायूस नहीं लौटा। सारी दुनिया से धुतकारा हुआ मुंह फट, बेरहम चीख चीख बातें करने वाला अत्हर……जिसे अब्बा रोज़ घर से निकाल देते। अम्मी कोसने देतीं और आयशा अपनी क़िस्मत पर सब्र करके बैठ जाती। अगर बहनों के भाई क़ाबिले फ़ख़्र न हों तो वह कितनी बदनसीब नज़र आती हैं। खूबसूरत कमाऊ भाइयों के भरोसे पर ही तो वह न जाने कितनी नाकों को अपने सामने रगड़वा सकती हैं। आयशा की सारी तवज्जोह मेरी जानिब मरकूज़[4] हो गई थी। मेरी खुश्क और बे-रब्त[5] ज़िन्दगी

1. अशलील 2. मध्यम वर्ग 3. सब की राय में 4. केन्द्रित 5. बे तअल्लुक

تمھاری بارگاہ میں اطہر کو کیسے شرف نیاز بخشا گیا! یہ بات سب کے لیے حیران کن تھی۔ وہ تو اپنے خوبصورت جسم اور بے باک لہجے سے معر کے سر کرآتا تھا لیکن تم نے ہمیشہ مجھے دل اور بیدار ذہن تلاش کیے تھے۔

یہاں مجھے اپنی پچھلی ریسرچ بے کار معلوم ہوئی اور اسے اٹھا کر پھینکنے سے پہلے میں نے تم سے راہ ورسم بڑھانا چاہی۔ مجھے گھر میں بہت کم رہنے کا اتفاق ہوتا تھا خصوصاً تم سے کبھی بے تکلف بات کرنے کی فرصت نہ ملی۔ اس ایک گھر میں رہنے کے باوجود ہم ایک دوسرے سے بہت دور رہے۔ تم مجھ سے ہمیشہ چھپنا چاہتی تھیں، کیوں کہ پہلے دن ہماری ملاقات نے بڑی تلخ فضا پیدا کر دی تھی۔

اس دن ہم ناشتہ کی میز پر ملے تھے۔ تم شاید میرے متعلق عائشہ سے پہلے ہی سن چکی تھیں اور مجھ تک اپنے کارنامے پہنچانے سے گریز کر رہی تھیں۔ احتیاط سے سر پر پلو ڈالے، نظریں جھکائے یوں بیٹھی تھیں جیسے کسی پادری کے سامنے اپنے گناہوں کا اعتراف کرنے آئی ہو۔ عائشہ نے میری طرف بڑی معنی خیز نظروں سے دیکھ کر کہا تھا۔ ''بھائی جان دیکھیے یہ ہے قدسیہ۔'' عائشہ کی طنزیہ نظروں کو تم نے پکڑ لیا اور ہونٹوں پر زبان پھیر کر خشک لہجے میں کہا ''تو احمد بھائی مجھے پہلے سے جانتے ہیں؟'' اور تم چائے کی پیالی رکھ کر اٹھ گئی تھیں۔

برسات کی ایک رات کو ہلکی ہلکی رم جھم نے موسم بڑا پر کیف بنا دیا تھا۔ میں حسب عادت دھوئیں سے خیالی ہیولے بنا رہا تھا۔ عائشہ، پروین، چھوٹی بھابھی اور فرزانہ قریب بیٹھی کیرم کھیل رہی تھیں اور کسی فلم پر زور دار بحث ہو رہی تھی۔ ایک ہیرو دو لڑکیوں سے بیک وقت محبت کرتا ہے اور ڈائریکٹر ہر بار اس کی محبت کو سچی بنانے پر مصر ہے۔ عائشہ کے خیال میں یہ محبت کی توہین تھی یا ہیرو کی بوالہوسی۔ تم ان کے قریب بیٹھی، سیاہ ساٹن کے ایک ٹکڑے پر ننھے ننھے آئینے ٹانک رہی تھی جن کی بہت سی شعاعوں نے تمھارے چہرے پر مشعلیں جلا دی تھیں۔ اپنی رائے کو وزنی بنانے کے لیے عائشہ نے مجھ سے پوچھا ''آپ بتائیے بھائی جان، کیا محبت ایک سے زیادہ بار کی جا سکتی ہے؟''——

में लड़कियों के लिए कोई दिलचस्पी न थी फिर भी अपनी उसूल पसंदी और साफ़ गोई की वजह से मेरी शख़्सियत को काफ़ी अहमियत हासिल थी। तुम्हारी बारगाह में अत्हर को कैसे शर्फ़े नियाज़ बख़्शा गया! यह बात सब के लिए हैरान कुन थी। वह तो अपने ख़ूबसूरत जिस्म और बे बाक लहजे से मारके सर कर आता था लेकिन तुम ने हमेशा बुझे दिल और बीमार ज़ेहन तलाश किए थे।

यहां मुझे अपनी रिसर्च बेकार मालूम हुई और उसे उठा कर फैंकने से पहले मैंने तुम से राहो रस्म बढ़ाना चाही। मुझे घर में बहुत कम रहने का इत्तेफ़ाक़ होता था। ख़ुसूसन तुम से कभी बेतकल्लुफ़ बात करने की फ़ुर्सत न मिली। इस एक घर में रहने के बावजूद हम एक दूसरे से बहुत दूर रहे। तुम मुझ से हमेशा छिपना चाहती थी, क्योंकि पहले दिन हमारी मुलाक़ात ने बड़ी तल्ख़ फ़िज़ा पैदा कर दी थी। उस दिन हम नाशते की मेज़ पर मिले थे। तुम शायद मेरे मुता अल्लिक़ आयशा से पहले ही सुन चुकी थीं और मुझ तक अपने कारनामे पहुंचाने से गुरेज़ कर रही थी। एहतियात से सर पर पल्लू डाले नज़रें झुकाए बैठी थीं जैसे किसी पादरी के सामने अपने गुनाहों का एतराफ़ करने आई हो। आयशा नें मेरी तरफ़ बड़ी मानी ख़ेज़ नज़रों से देख कर कहा था। "भाई जान देखिए यह हैं क़ुदसिया।" आयशा की तनज़िया[1] नज़रों को तुम ने पकड़ लिया और होठों पर ज़बान फेर कर ख़ुश्क लहजे में कहा। "तो अहमद भाई मुझे पहले से जानते हैं?" और तुम चाय की प्याली रख कर उठ गई थीं।

बरसात की एक शाम को हल्की हल्की रिमझिम ने मौसम बड़ा पुरकैफ़ बना दिया था। मैंहसबे आदत धुओं से ख़्याली हयोले बना रहा था। आयशा, परवीन, छोटी भाभी, और फरज़ाना क़रीब बैठी कैरम खेल रही थीं। और किसी फ़िल्म पर ज़ोरदार बहस हो रही थी। एक हीरो दो लड़कियों से बयक वक़्त मोहब्बत करता है और डायरेक्टर हर बार उस की मोहब्बत को सच्ची बनाने पर मुसिर[2] है आयशा के ख़्याल में यह मोहब्बत की तौहीन थी या हीरो की बुल-हवसी[3]। तुम उन के क़रीब बैठी सियाह साटन के एक टुकड़े पर नन्हें नन्हें आईने टांक रही थीं। जिन की बहुत सी शुआओं[4] ने तुम्हारे चहरे पर मशालें जला दी थीं। अपनी राय को वज़नी बनाने के लिए आयशा ने मुझ से पूछा, "आप बताइए भाई जान, क्या मोहब्बत एक से ज़्यादा बार की जा सकती है?"

---

1. कटाक्षीय 2. हठ 3. लालची 4. किरणों

اور میں نے بلا سوچے سمجھے کہہ دیا" قدسیہ سے پوچھو"۔ تمھارے ہاتھ کام کرتے کرتے رک گئے۔ چہرے پر جلتی ہوئی مشعلیں بجھ گئیں اور شکایت آمیز نظروں سے تم میری طرف دیکھتی ہوئی باہر چلی گئیں۔

بھابھی اور فرزانہ آہستہ آہستہ ہنسنے لگیں۔ پروین بات ٹالنے کو گنگنانے لگی اور عائشہ نے داد طلب نگاہوں سے مجھے دیکھا۔ پھر میں نے اس خوبصورت شام کا زرلباس نوچ کر پھینک دیا۔ رم جھم شور مچانے والی بوندیں آنسوؤں کے دھارے بن گئیں اور کمرے میں اندھیرا بڑھنے لگا۔

"آج موسم کتنا خوش گوار ہو رہا ہے۔"

"ہونہہ"۔

"جی چاہ رہا ہے کہیں باہر گھومنے جائیں"۔

"تو جائیے"۔ تم حسب عادت مختصر جواب دے رہی تھیں۔

"مگر کوئی ساتھ چلنے والا جو نہیں۔ اطہر نے وعدہ کیا تھا مگر وہ نہیں آیا۔ بہت غیر ذمہ دار اور جھوٹا ہو گیا ہے یہ لڑکا"۔ اطہر کی برائی کر کے میں نے تمھارے چہرے پر کچھ ڈھونڈنا چاہا، تمھاری آنکھیں کھلی ہوئی کتاب پر تھیں اور ہاتھ ٹیبل کلاتھ کی شکنیں درست کرنے میں مصروف، پھر بڑے طنز کے ساتھ تم نے کہا۔

"اتنے سہانے موسم میں تو وہ کسی بار میں بے ہوش پڑے ہوں گے! آپ لوگ تو انھیں اچھی طرح جانتے ہیں نا"۔ یہ تم کہہ رہی تھیں۔ تم — جس کے متعلق مشہور تھا کہ سارے خاندان کی عزت جوتے کی نوک پر اچھال کر تم نے اطہر سے شادی کر لی ہے۔ سب سے چھپا کر اسے روپے دیتی ہو وہ شراب پی کر آتا ہے تو اس کی پردہ پوشی کرتی ہو۔ اتنے برے انسان پر تمھاری یہ عنایتیں کیوں تھیں جبکہ پچھلی زندگی میں کئی نا قابل اعتبار لوگ دھوکا دے چکے تھے — تمھارے متعلق پھیلی ہوئی بدنامیوں کے درمیان مجھے اپنی رائے بڑی مضحکہ خیز لگی۔ اسے میں نے دماغ سے کھرچ دیا۔ تم سب کے لیے نا قابل فہم بن گئیں۔ بھول بھلیوں کی طرح تمھارے گرد مکر و فریب کے جو جال بچھے ہوئے تھے مجھے ان سے نفرت ہو گئی۔ پھر ایک دن بڑا حواس باختہ سا میں تمھارے کمرے میں آیا۔

और मैंने बिला सोचे समझे कह दिया "क़ुदसिया से पूछो" तुम्हारे हाथ काम करते करते रुक गए। चेहरे पर जलती हुई मशालें बुझ गईं और शिकायत आमेज़ नज़रों से तुम मेरी तरफ देखती हुई बाहर चली गईं।

भाभी और फरज़ाना आहिस्ता आहिस्ता हंसने लगीं परवीन बात टालने को गुनगुनाने लगी और आयशा ने दाद-तलब[1] निगाहों से मुझे देखा। फिर मैंने उस खूबसूरत शाम का ज़र लिबास नोच कर फैंक दिया। रिमझिम शोर मचाने वाली बूंदें आंसूओं के धारे बन गईं और कमरे में अंधेरा बढ़ने लगा।

"आज मौसम कितना ख़ुशगवार हो रहा है"

"हूं ह"

"जी चाह रहा है कहीं बाहर घूमने जाएं'

"तो जाइये" तुम हसबे आदत मुख़्तसर[2] जवाब दे रही थीं।

"मगर कोई साथ चलने वाला जो नहीं। अत्हर ने वादा किया था मगर वह नहीं आया। बहुत ग़ैरज़िम्मेदार और झूठा हो गया है यह लड़का" अत्हर की बुराई कर के मैने तुम्हारे चेहरे पर कुछ ढूंढना चाहा। तुम्हारी आंखें खुली हुई किताब पर थीं और हाथ टेबुल कलाथ की शिकनें दुरस्त करने में मसरूफ़,[3] फिर बड़े तंज़ के साथ तुम ने कहा।

"इतने सुहाने मौसम में तो वह किसी बार में बेहोश पड़े होंगे! आप लोग तो उन्हें अच्छी तरह जानतें हैं ना" यह तुम कह रहीं थी। तुम...... जिस के मुताल्लिक़ मशहूर था कि सारे ख़ानदान की इज़्ज़त जूते की नोक पर उछाल कर तुम ने अत्हर से शादी कर ली है। सब से छुपा कर उसे रुपये देती हो वह शराब पी कर आता है तो उस की पर्दा पोशी करती हो। इतने बुरे इंसान पर तुम्हारी यह इनायतें क्यों थी जब कि पिछली ज़िन्दगी में कई नाक़ाबिलेएतबार लोग धोखा दे चुके थे......? तुम्हारे मुताल्लिक़ फैली हुई बदनामियों के दरमियान मुझे अपनी राय बड़ी मज़हका खेज़ लगी । इसे मैंने दिमाग़ से खुरच दिया। तुम सब के लिए नाक़ाबिलेफ़हम[4] बन गईं। भूल भुलैयों की तरह तुम्हारे गिर्द मकरोफ़रेब के जो जाल बिछे हुए थे, मुझे उन से नफ़रत हो गयी। फिर एक दिन बड़ा हवास-बाख़्ता[5] सा मैं तुम्हारे कमरे में आया, "मैं तुम्हारे मुतल्लिक़ कुछ जानना चाहता हूं। क़ुदसिया अगर तुम इजाज़त दो तो...... तो" अपनी घबराहट पर मैं

1. प्रशंसा याचना 2. छोटा, 3. व्यस्त 4. समझ से परे 5. हटसंज्ञ

"میں تمھارے متعلق کچھ جاننا چاہتا ہوں قدسیہ۔ اگر تم اجازت دو تو — تو" اپنی گھبراہٹ پر میں خود متعجب تھا۔ اس دن پہلی بار میں نے تمھارے چہرے پر خوف کی پرچھائیاں دیکھیں، جن پر حیرانی غالب تھی۔ تم یوں کھڑی ہوگئیں جیسے شمیم ماموں جھپٹنا چاہتے ہوں۔ تم نے دوپٹے کو سینے پر سنبھال کر کہا:

" آپ بھی مجھے جاننا چاہتے ہیں احمد بھائی! میں آپ کی بہت عزت کرتی ہوں پھر آپ کیوں کوئلے کی دلالی میں ہاتھ کالے کرنا چاہتے ہیں"۔ اور تم پیچھے دیکھے بغیر باہر بھاگ گئی تھیں۔

ان دنوں اتفاق سے مجھے تمھارا ایک خط ہاتھ لگا، جو تم نے شاید ریاض کو لکھا تھا، مگر اسے نہ بھیج سکیں، یا شاید بھیجنے کو لکھا ہی نہ تھا، کیوں کہ یہ تمھاری روح کی پکار تھی۔ جسے ریاض جیسا بیوقوف انسان کبھی نہ سمجھ پاتا۔ اس کی محبت میں تمھاری برتری اور پرستش کا جذبہ غالب تھااور تم اسے روح کی بلندی کبھی نہ دے سکتی تھیں۔ بھابھی کا نھا راشد ناؤ بنوانے کے لیے یہ خط تمھاری اٹیچی سے نکال لایا تھا۔ اپنی شرافت کا ثبوت دینے کے لیے میں نے اسے واپس رکھوانا چاہا مگر ایک بار پڑھنے سے بعض نہ رہ سکا۔

میری جانب ملامت آمیز نظروں سے نہ دیکھو۔

ان دنوں میں تم پر ریسرچ کر رہا تھا۔ بیسویں صدی کا ایک نکما انٹلکچوئل۔

تمھارا وہ خط بہت سی ڈھکی چھپی حقیقتوں کو سامنے لے آیا اور میری رائے پھر ڈگمگانے لگی۔

اس خط میں لکھا تھا تم نے بچپن سے ہر دل میں اپنے لیے نفرت اور حقارت پائی کسی نظر میں برتری حاصل کرنے کا یہ جذبہ ہی تمھیں ریاض کی جانب لے گیا، جو تمھاری طرح سب کی جانب سے دھتکارا ہوا دوسرا فرد تھا۔ ریاض کی نیاز مندی نے اسے گہرا کر دیا اور گھر والوں کی مخالفت نے اسے جنگل میں لگی ہوئی آگ کی طرح بھڑکا دیا۔ پھر تم نے ہر قیمت ادا کر کے اسے پانے کا ارادہ کر لیا، مگر ریاض کے قدم اس دشوار راستہ پر ڈگمگا گئے۔ ابا کی ایک ڈانٹ پر محبت اچھل کر دور جا پڑی۔ اور وہ اپنا بوریا بستر سمیٹ کر بھاگ گیا۔

خط کے آخر میں تم نے اسے خوب ذلیل کیا تھا— بزدل تو سمجھتا ہے کہ اس طرح تو

ख़ुद मुताअज्जब था। उस दिन पहली बार मैंने तुम्हारे चेहरे पर ख़ौफ़ की परछाइयां देखीं, जिन पर हैरानी ग़ालिब थी। तुम यूं खड़ी हो गईं जैसे शमीम मामूं झपटना चाहते हों। तुम ने दोपट्टे को सीने पर संभाल कर कहा:

"आप भी मुझे जानना चाहते हैं अहमद भाई। मैं आप की बहुत इज़्ज़त करती हूं फिर आप क्यों कोयले की दलाली में हाथ काले करना चाहते हैं।" और तुम पीछे देखे बग़ैर बाहर भाग गई थीं।

उन दिनों इत्तेफ़ाक़ से मुझे तुम्हारा एक ख़त हाथ लगा, जो तुम ने शायद रियाज़ को लिखा था। मगर उसे न भेज सकीं, या शायद भेजने को लिखा ही न था, क्योंकि यह तो तुम्हारी रूह की पुकार थी जिसे रियाज़ जैसा बेवक़ूफ़ इन्सान कभी न सुन पाया था। उस की मोहब्बत में तुम्हारी बरतरी और परस्तिश[1] का जज़्बा ग़ालिब था और तुम उसे रूह की बुलंदी कभी न दे सकती थीं, भाभी का नन्हा राशिद नाव बनवाने को यह ख़त तुम्हारी अटैची से निकाल लाया था। अपनी शराफ़त का सबूत देने के लिये मैंने उसे वापस रखवाना चाहा मगर एक बार पढ़ने से बाज़ न रह सका। मेरी जानिब मलामत-अमेज़[2] नज़रो से न देखो।

उन दिनों मैं तुम पर रिसर्च कर रहा था। बीसवीं सदी का एक निकम्मा इन्टिलेकचुवल तुम्हारा वह ख़त बहुत सी ढकी छुपी हक़ीक़तों को सामने ले आया और मेरी राय फिर डगमगाने लगी।

उस ख़त में लिखा था कि तुमने बचपन से हर दिल में अपने लिये नफ़रत और हक़ारत[3] पायी और किसी नज़र में बरतरी हासिल करने का यह जज़्बा ही तुम्हें रियाज़ की जानिब ले गया जो तुम्हारी तरह सबकी जानिब से धुत्कारा हुआ घर का दूसरा फ़र्द था। रियाज़ की नियाज़ मंदी ने उसे गहरा कर दिया और घर वालों की मुख़ालफ़त ने उसे जंगल में लगी आग की तरह भड़का दिया। फिर तुमने हर क़ीमत अदा करके उसे पाने का इरादा कर लिया, मगर रियाज़ के क़दम इस दुश्वार रास्ते पर डगमगा गये। अब्बा की एक डांट पर मुहब्बत उछल कर दूर जा पड़ी और वह अपना बोरिया बिस्तर समेट कर भाग गया।

ख़त के आख़िर में तुम ने उसे खूब ज़लील किया था......बुज़दिल तू समझता है कि इस तरह तूने अपनी मुहब्बत को रुसवाई से बचा कर मेरी लाज रखली। मगर अभी हमारी मोहब्बत शुरू ही कहां हुई थी। मेरी इज़्ज़त पहले ही

1.अर्चना 2. धुतकार भरी 3. घृणा

نے اپنی محبت کو رسوائی سے بچا کر میری لاج رکھ لی۔ مگر ابھی ہماری محبت شروع بھی کہاں ہوئی تھی۔ میری عزت پہلے ہی کون سے جھنڈے پر چڑھی بیٹھی ہے۔ میں تجھے وہ دے ہی نہ سکی جو میری زندگی کا آدرش تھا۔ کاش میں تجھے اس بلندی پر پہنچا سکتی جہاں میرا بھی ہاتھ نہ جاتا— اب میری روح اس وسیع سمندر میں ایک تنکے کو تلاش کرتی پھرے گی۔

اب تم اس تنکے کی تلاش میں خوف ناک پہاڑوں سے ٹکرا رہی تھیں۔ تم جو موم کی مورتی کی طرح اپنے خالق کے تخیل کی گرمی سے پگھل سکتی تھیں، کسی کی تیز نگاہوں سے سلگ سکتی تھیں، پھر اپنے چاروں طرف لپکنے والے شعلوں میں کیسے کھڑی تھیں۔

دوسرے دن میں نے تمھارے سامنے اطہر کو خوب ڈانٹا! '' کل تم مجھ سے وعدہ کرنے کے باوجود کیوں نہیں آئے میں یہاں انتظار میں بیٹھا رہا اور جناب بقول قدسیہ کے کسی بار میں جمے رہے''۔

اطہر کے قہقہے رک گئے وہ یوں چپ ہوگیا جیسے میں نے اسے پھانسی کا حکم سنایا ہو۔ تھوڑی دیر بعد وہ بڑا پشیمان ہوکر میرے پاس آیا۔

اور اس نے میرے متعلق کیا کہا۔ اسے میری عادتوں کی خبر ہے۔ وہ بہت رنجیدہ ہے؟ زندگی میں پہلی بار میں نے اطہر کو شرمندہ دیکھا تھا وہ بھی کسی کی شکایت سننے کو تیار تھا۔ اس سے متاثر ہوسکتا تھا۔

'' یہ کوئی نئی بات نہیں ہے۔ جب کہ تم ہمیشہ فریب دیتے آئے ہو اور قدسیہ ہمیشہ فریب کھاتی آئی ہے''۔

'' آپ بھی ایسا سمجھتے ہیں بھائی جان!'' اس نے شکایت آمیز لہجے میں کہا۔'' قدسیہ کے بگڑنے میں اس کا کوئی قصور نہیں۔ وہ بڑی بدنصیب لڑکی ہے۔ میں سچ مچ بہت برا ہوں اور قدسیہ کو فریب دے کر نقصان میں رہوں گا——''

اطہر باہر چلا گیا اور تم ایک بار پھر میرے سامنے نئی گتھیاں لے کر آ گئیں۔ اطہر کون سا راستہ اختیار کر رہا تھا۔ وہ بے رحم انسان جو اپنے مفاد کے آگے کسی پر رحم نہ کر سکتا تھا۔

تم مجھے وہ کسوٹی نظر آئیں جس پر سونا اور پیتل دونوں واضح شکل میں چمک اٹھتے

कौन से झंडे पर चढ़ी बैठी है...... मैं तुझे वह दे ही न सकी जो मेरी ज़िन्दगी का आदर्श था। काश मैं तुझे उस बुलंदी पर पहुंचा सकती जहां मेरा भी हाथ न जाता......अब मेरी रूह उस वसी[1] समुंदर में एक तिनके को तलाश करती फिरेगी।

अब तुम उस तिनके की तलाश में ख़ौफ़नाक पहाड़ों से टकरा रही थीं। तुम, जो मोम की मूर्ती की तरह अपने खालिक के तख़य्युल[2] की गर्मी से पिघल सकती थीं, किसी की तेज़ निगाहों से सुलग सकती थीं, फिर अपने चारों तरफ़ लपकने वाले शोलों में कैसे खड़ी थीं।

दूसरे दिन तुम्हारे सामने मैने अत्हर को खूब डांटा! "कल तुम मुझ से वादा करने के बावजूद क्यों नहीं आए मैं यहां इंतिज़ार में बैठा रहा और जनाब बक़ौल क़ुदसिया के किसी बार में जमे रहे।"

अत्हर के क़हक़हे रुक गए वह यूं चुप होगया जैसे मैं ने उसे फांसी का हुक्म सुनाया हो। थोड़ी देर बाद वह बड़ा पशेमान होकर मेरे पास आया।

और उसने मेरे मुताल्लिक़ क्या कहा। उसे मेरी आदतों की ख़बर है। वह बहुत रंजीदा है? ज़िन्दगी में पहली बार मैंने अत्हर को शर्मिंदा देखा था वह भी किसी की शिकायत सुनने को तैयार था। उस से मुतास्सिर हो सकता था।

"यह कोई नई बात नहीं है जबकि तुम हमेशा फ़रेब देते आए हो और क़ुदसिया हमेशा फ़रेब खाती आई है।"

"आप भी ऐसा समझते हैं भाई जान!" उस ने शिकायत अमेज़ लहजे में कहा। क़ुदसिया के बिगड़ने में उस का कोई क़ुसूर नहीं। वह बड़ी बदनसीब लड़की है। मैं सच मुच बहुत बुरा हूं और क़ुदसिया को फ़रेब देकर नुक़सान में रहूंगा।" अत्हर बाहर चला गया और तुम एक बार फिर मेरे सामने नई गुत्थियाँ लेकर आ गईं। अत्हर कौन सा रास्ता इख़्तियार कर रहा था। वह बेरहम इन्सान जो अपने मुफ़ाद[3] के आगे किसी पर रहम न कर सकता था।

तुम मुझे वह कसौटी नज़र आईं जिस पर सोना और पीतल दोनो वाज़े शक्ल में चमक उठते हैं...... दो गुनाहों के इत्तेसाल से इतना पाक जज़्बा भी वजूद में आता है? फिर तुम्हारी कहानी का बाक़ी हिस्सा न देख सका। मेरी मसरूफ़ियतें मुझे आंधरा ले गईं और वहां से मुझे कलकत्ता जाना पड़ा।

---

1. विशाल 2. विचारण 3. लाभ

ہیں۔ دوگناہوں کے اتصال سے اتنا پاک جذبہ بھی وجود میں آتا ہے۔ پھر تمھاری کہانی کا باقی حصہ نہ دیکھ سکا۔ میری مصروفیتیں مجھے آندھرا لے گئیں اور وہاں سے مجھے کلکتہ جانا پڑا۔ کلکتہ کی ہنگامہ پرور زندگی اور پر جوش سرگرمیوں نے تمھاری محبت کی نیم مردہ رینگتی ہوئی کہانی بھلادی اور گھر میں ہونے والے یہ چھوٹے چھوٹے حادثے ذہن کے کسی کونے میں تھک کر سو گئے۔

ایک بار عائشہ نے لکھا کہ اطہر کی مسلسل نافرمانیوں کے سبب ابا نے اسے عاق کر دیا ہے اور وہ گھر سے چلا گیا۔ پھر معلوم ہوا کہ تم اچانک گھر سے غائب ہو گئیں۔ کسی نے مجھے بتایا کہ تم دونوں لکھنؤ میں رہتے ہو۔ چچا ابا تمھیں واپس بلانے پر تیار نہیں ہیں — اس سے آگے کی کہانی مجھے کسی نے نہیں سنائی۔ مگر میں اس بات کا منتظر رہا کہ اب اطہر اپنا الو سیدھا کر کے ممبئی جائے گا جہاں کئی برسوں کے بعد میں تمھیں ایک فلم میں دیکھوں گا۔! ہیروئن کے پیچھے! ایکسٹراؤں میں کولھے مٹکاتی ہوئی، کوئی آوارہ سا گیت تمھارے لبوں پر ہوگا، جو تمھارے چہرے، پنڈلیوں اور چھاتیوں کی نمائش کرے گا۔ تم جھوٹ کا ایک خول ہوگی۔ سلولائڈ کی گڑیا، جس کی ہر جنبش دوسروں کے تابع ہوتی ہے۔ تم اپنی خودداری کی لاش پر ناچ رہی ہوگی۔

ایک حد سے زیادہ جذباتی لڑکی کے تخیل کی اڑان یوں ہی کھائیوں میں گر کے دم توڑ دیتی ہے۔ مجھے تم دونوں کے نام سے نفرت ہو گئی۔ عائشہ نے ایک بار لکھا بھی کہ قدسیہ نے لکھنؤ کے کسی پرائیویٹ اسکول میں نوکری کر لی ہے۔ اطہر بہت بیمار ہے اور وہ دونوں بڑی تکلیف سے دن گزار رہے ہیں۔ لیکن میں نے بڑی سختی سے لکھ دیا کہ اب میں قدسیہ کے متعلق کچھ نہیں سننا چاہتا۔ اطہر کی یہ تبدیلی جتنی نفرت انگیز تھی اتنی ہی تعجب خیز بھی۔

کسی کی شادی کی خبر سن کر بھی وہ مذاق اڑایا کرتا تھا'' ایک ہی راگ مسلسل کیسے سنے جاتے ہیں۔ میں تو دو ہی دن میں پاگل ہو جاؤں''۔ پھر اس نے دو سال تک اس راگ کو کیسے سنا؟ امی اپنی قسمت کو رو کر بیٹھ رہیں۔ ان کی زندگی کے دونوں پھل کڑوے نکلے۔ میں تو خیر اپنی آزاد زندگی سے انھیں کوئی فیض نہ پہنچا سکتا تھا مگر ابا یہ بھی برداشت نہ کر سکے کہ اطہر کی زندگی اچانک پلٹا کھائے وہ ایک دم شریف بن جائے اور کسی اچھی

कलकत्ता की हंगामा परवर ज़िन्दगी और पुर जोश सरगर्मियों ने तुम्हारी मोहब्बत की नीम मुर्दा रेंगती हुई कहानी भुला दी और घर में होने वाले यह छोटे छोटे हादसे ज़हन के किसी कोने में थक कर सोगए।

एक बार आयशा ने लिखा कि अतहर की मुसलसल नाफ़रमानियों के सबब अब्बा ने उसे आक़ कर दिया है और वह घर से चला गया। फिर मालूम हुआ कि तुम अचानक घर से ग़ायब हो गईं। किसी ने मुझे बताया कि तुम दोनों लखनऊ में रहते हो। चचा अब्बा तुम्हें वापस बुलाने पर तैयार नहीं हैं। उस से आगे की कहानी मुझे किसी ने नहीं सुनाई मगर मैं इस बात का मुन्तज़िर रहा कि अब अत्हर अपना उल्लू सीधा कर के बम्बई जाएगा। जहां कई बरसों के बाद मैं तुम्हें एक फ़िल्म में देखूंगा। हीरोइन के पीछे! एक्सट्राओं में कुल्हे मटकाती हुईं, कोई आवारा सा गीत तुम्हारे लबों पर होगा, जो तुम्हारे चेहरे, पिंडलियों और छातियों की नुमाइश करेगा, तुम झूठ का एक खोल होगी, सेलोलैड की गुड़िया, जिस की हर जुंबिश[1] दूसरों के ताबे होती है। तुम अपनी खुद्दारी की लाश पर नाच रही होगी।

एक हद से ज़्यादा जज़्बाती लड़की के तख़य्युल की उड़ान यों ही खाइयों में गिर के दम तोड़ देती है। मुझे तुम दोनों के नाम से नफ़रत हो गई। आयशा ने एक बार लिखा भी कि क़ुदसिया ने लखनऊ के किसी प्राइवेट स्कूल में नौकरी करली है, अत्हर बीमार है और वह दोनों बड़ी तकलीफ़ से दिन गुज़ार रहे हैं। लेकिन मैं ने बड़ी सख़्ती से लिख दिया कि अब मैं क़ुदसिया के मुताल्लिक़ कुछ सुनना नहीं चाहता, अत्हर की यह तब्दीली जितनी नफ़रत अंगेज़ थी उतनी ही ताज्जुब ख़ेज़ भी।

किसी की शादी की ख़बर सुन कर भी वह मज़ाक़ उड़ाया करता था, "एक ही राग मुसलसल कैसे सुने जाते हैं, मैं तो दो ही दिन में पागल हो जाऊं" फिर उस ने दो साल तक उस राग को कैसे सुना, अम्मी अपनी क़िस्तत को रोकर बैठ रहीं। उन की ज़िन्दगी के दोनों फल कड़वे निकले, मैं तो ख़ैर अपनी आज़ाद ज़िन्दगी से उन्हें कोई फ़ैज़ नहीं पहुचा सकता था मगर अब्बा यह भी बर्दाश्त ना कर सके कि अत्हर की ज़िन्दगी अचानक, पल्ट्य खाए वह एक दम शरीफ़ बन जाए और किसी अच्छी पोस्ट पर ले लिया जाए।

---

1. हरकत

پوسٹ پر لے لیا جائے۔

उस दिन लख्खी दरवाज़े से निकलते निकलते मैं फ़लक मैना को घर ले आने का पक्का फ़ैसला कर चुका था और उसे एक मामूली सा काम समझ रहा था जिस में मुझ को शर्म या पशेमानी वाली कोई बात नज़र नहीं आ रही थी, बल्कि शर्मिंदगी थी तो सिर्फ़ अपनी फ़लक आरा से कि मैं इतने दिन तक ख़्वाह-म-ख़्वाह[1] उसे मैना के लिये तरसाता रहा, और पछतावा था तो बस इसका कि फ़लक मैना को आज ही क़फ़स से क्यों नहीं निकाल लाया।

चिड़िया बाजार में रुक कर मैंने थोड़े मोल तोल के बाद एक सस्ता सा पिंजड़ा खरीद लिया। पिंजड़े वाले ने पैसे गिनते गिनते पूछा:

"कौन सा जनवर है?"

"पहाड़ी मैना," मैंने कहा और मेरा दिल आहिस्ता से धड़का।

"पहाड़ी मैना पाली है तो शैदी साहब पिंजड़ा भी वैसा ही रखना था," उसने कहा "ख़ैर, आप की ख़ुशी।"

मैं पिंजड़ा लेकर आगे बढ़ गया, लेकिन चंद ही क़दम चला हूंगा कि हाथ पाऊं सनसनाने लगे और गला खुश्क हो गया। ऐसा मालूम हो रहा था जैसे कोई मेरे कान में कह रहा हो, "काले खां! बादशाही परिंदे की चोरी?" रास्ते भर मुझ को यही आवाज़ सुनाई देती रही। कई बार इरादा किया पिंजड़ा फेर आऊं, फिर ख़्याल आया फ़लक आरा को किसी तरह ख़ाली पिंजड़े से बहला लूंगा घर पहुंचते पहुंचते मुझे खुद पर हैरत होने लगी कि मैंने ऐसी ख़तरनाक बात का इरादा किया था। ख़ुशी भी बहुत हो रही थी कि मैं ने फ़लक मैना को क़फ़स से निकाल नहीं लिया।

यक़ीन मुझे अब भी था कि एक मैना की चोरी पकड़ी नहीं जा सकती थी फिर भी मालूम हो रहा था मौत के मुंह से निकल आया हूं।

1. यूं ही

''جھوٹ نہیں بیٹی، کل دیکھنا،'' میں نے کہا، ''تمھاری مینا ہم نے لے بھی لی ہے۔''

''سچی؟'' وہ چہک کر بولی اور اس کا چہرہ خوشی سے چمکنے لگا۔ ''تو کہاں ہے؟''

''ایک بہت بڑے پنجرے میں ہے،'' میں نے کہا، ''وہ تو ضد کر رہی تھی۔ کہ ہم آج ہی بہن فلک آرا کے پاس جائیں گے۔ ہم نے کہا بھئی آج تو ہم تمھارے لیے پنجرا مول لیں گے۔ پھر فلک آرا پنجرے کو دھوئے گی، سجائے گی۔ اس میں تمھارے کھانے پینے کے برتن رکھے گی۔ تب تم کو لے چلیں گے۔

فلک آرا کی خوشی دیکھنے والی تھی۔ فوراً میری گود سے اتر کر اس نے پنجرے کو سینے سے لگا لگا کر چوما اسی وقت اسے خوب اچھی طرح دھویا پونچھا اس کے اندر کامنی کی پتیوں کا فرش کیا، پھر مٹی کا آب خورہ اور دانے کے لیے سکوری رکھی۔ مجھ سے مینا کی ایک ایک بات پوچھتی رہی۔ اس کی چونچ کیسی ہے، پر کس رنگ کے ہیں، کیا کیا باتیں کرتی ہیں۔ رات کو اسے ٹھیک سے نیند نہیں آئی۔ بار بار جاگ کر مینا کی باتیں کرنے لگی تھی۔

دوسرے دن گھر سے نکلا تو دور تک اس کی آواز سنائی دیتی رہی۔

''آج ہماری مینا آئے گی، آج ہماری مینا آئے گی۔''

راستے بھر میں یہی سوچتا رہا کہ آج جب خالی ہاتھ گھر لوٹوں گا تو فلک آرا سے کیا بہانہ کروں گا۔ چمن میں میناؤں کو دانہ پانی دیتے ہوئے بھی طرح طرح کے بہانے سوچتا رہا۔ اس دن کام میں میرا دل نہیں لگ رہا تھا پھر بھی مغرب تک میں نے سارے کام نپٹا دیے اور ایک بار پھر پلٹ کر قفس کے اندر گیا۔ مجھے خیال آیا کہ آج میں نے فلک مینا کی طرف دیکھا تک نہیں۔ اس وقت وہ قفس کی پچھلی جالی کے ایک مچان پر بیٹھی ہوئی تھی اور چپ چاپ میری طرف دیکھ رہی تھی۔ میں اس کے قریب گیا تو اس نے گردن گھما لی اور دوسری طرف دیکھنے لگی۔ میں نے اسے چمکارا۔ اس نے دھیرے سے پر پھڑپھڑائے پھر مجھے دیکھنے لگی میں نے قفس میں چاروں طرف نظریں دوڑائیں۔ سب مینائیں اپنی اپنی جگہ ساکت بیٹھی تھیں۔ پھر بھی ان کی گنتی آسان نہیں تھی اس لیے کہ ان میں سے آدھی کے قریب ٹہنیوں میں چھپی ہوئی تھیں۔ کل مجھے شاہی مینا کی چوری کے خیال سے جو ڈر لگا تھا وہ اچانک جاتا رہا، فلک آرا کو بہلانے کے لیے جو بہانے سوچے تھے وہ بھی دماغ سے نکل گئے اور مینا کی چوری پھر ایک معمولی بات معلوم ہونے لگی۔ میں نے ادھر ادھر دیکھا۔ طاؤس چمن

घर पहुंचा तो फ़लक आरा मेरे हाथ में पिंजड़ा देख कर खुशी से चीख़ पड़ी:

"हमारी मैना आ गई!"

लेकिन जब वह दौड़ती हुई मेरे क़रीब आई तो पिजड़ा खाली देख कर फिर उसका चेहरा उतर गया। उसने मेरी तरफ़ देखा और रूहांसी हो गई, मैंने उसे गोद में उठा लिया और कहा:

"भई आज पिंजड़ा आया है, कल मैना भी आ जाएगी।"

"नहीं!" उसने कहा "आप झूठ बहुत बोलते हौ गे?"

"झूठ नहीं बेटी, कल देखना," मैंने कहा "तुम्हारी मैना हमने ले भी ली है।"

"सच्ची?" वह चहक कर बोली और उसका चेहरा खुशी से चमकने लगा। "तो वह कहां है?"

"एक बहुत बड़े पिंजड़े में है," मैंने कहा "वह तो ज़िद कर रही थी कि हम आज ही बहन फ़लक आरा के पास जाएंगे। हमने कहा भई आज तो हम तुम्हारे लिये पिंजड़ा मोल लेंगे। फिर फ़लक आरा पिंजड़े को धोएगी। सजाएगी, उसमें तुम्हारे खाने पीने के बर्तन रखेगी, तब तुम को ले चलेंगे।"

फ़लक आरा की खुशी देखने वाली थी। फ़ौरन मेरी गोद से उतर कर उसने पिंजड़े को सीने से लगा लगा कर चूमा, उसी वक़्त उसे खूब अच्छी तरह धोया पोछा, उसके अंदर कामनी की पत्तियों का फ़र्श किया, फिर मिट्टी का आबख़ोरा और दाने के लिये सिकोरी रखी, मुझ से मैना की एक एक बात पूछती रही, उसकी चोंच कैसी है, पर किस रंग के हैं, क्या क्या बातें करती हैं। रात को उसे ठीक से नींद नहीं आई। बार बार जाग कर मैना की बातें करने लगी थी।

दूसरे दिन घर से निकला तो दूर तक उसकी आवाज़ सुनाई देती रही:

"आज हमारी मैना आएगी, आज हमारी मैना आएगी"।

रास्ते भर मैं यही सोचता रहा कि आज जब खाली हाथ घर लौटूंगा तो फ़लक आरा से क्या बहाना करूंगा। चमन में मैनाओं को दाना पानी देते हुए भी तरह तरह के बहाने सोचता रहा। उस दिन काम में मेरा दिल नहीं लग रहा था फिर भी मग़रिब तक मैंने सारे काम निबटा दिये और एक बार फिर पलट कर क़फ़स के अंदर गया। मुझे ख़्याल आया कि आज मैंने फ़लक मैना की तरफ़ देखा तक

میں سناٹا تھا، مالی کام ختم کر کے جا چکے تھے۔ کوئی مجھے نہیں دیکھ رہا تھا۔ میں نے پھر فلک مینا کو چمکارا۔ اس نے پھر دھیرے سے پر پھڑپھڑا کر میری طرف دیکھا اور میں نے ایک دم سے ہاتھ بڑھا کر اسے پکڑ لیا۔ اس نے خود کو چھڑانے کے لیے زور کیا لیکن جب میں چمکار چمکار کر اس کے پروں پر ہاتھ پھیرنے لگا تو آنکھیں موند لیں اور بدن ڈھیلا چھوڑ دیا۔ میں کچھ دیر دم سادھے کھڑا رہا، پھر اسے اپنے کرتے کی لمبی جیب میں ڈالا اور قفس سے باہر نکل آیا۔

لکھی دروازے تک کئی جگہ پہرے کے سپاہی ملے لیکن انھیں معلوم تھا کہ میں طاؤس چمن میں شام تک کی باری کر رہا ہوں۔ کسی نے مجھ سے کچھ نہیں پوچھا اور میں جیب میں ہاتھ ڈالے ڈالے قیصر باغ سے نکل کر گھر کی طرف روانہ ہو گیا۔ جی تو چاہتا تھا پوری رفتار سے دوڑنے لگوں لیکن کسی طرح اپنے قدموں کو تھامے ہوئے چلتا رہا۔

گھر پہنچا۔ فلک آرا سو چکی تھی۔ جمعراتی کی اماں میرا راستہ دیکھ رہی تھیں۔ انھیں کھانا دے کر رخصت کیا۔ مکان کا دروازہ اندر سے بند کر کے مینا کو جیب سے نکالا اور پنجرے کے پاس لے گیا۔ آج فلک آرا نے پنجرے کو اور بھی سجا رکھا تھا۔ تیلیوں کے بیچ بیچ میں چاندنی کے پھول لگائے تھے۔ جھاڑو کے تنکے میں رنگین کپڑے کی کترن باندھ کر اپنے خیال میں جھنڈا بنایا تھا جو پنجرے کے سہارے ٹیڑھا ٹیڑھا کھڑا تھا، پنجرے کے اندر آب خورے میں لبالب پانی بھرا ہوا تھا ٹوکری میں روٹی کے ٹکڑے بھیگ رہے تھے اور پرانی روئی کی دو تین بتیاں سی بنا کر شاہی مینا کے لیے گاؤ تکیے تیار کیے گئے تھے۔ میں نے مینا کو آہستہ سے پنجرے میں پہنچایا اور پنجرا الگنی میں لٹکا دیا۔ مینا کچھ دیر تک پنجرے میں ادھر سے ادھر چکر کاٹتی رہی، پھر آرام سے ایک جگہ ٹھہر گئی۔

صبح فلک آرا کے کھلکھلانے اور مینا کے چہچہانے کی آوازوں سے میری آنکھ کھلی۔ فلک آرا نے معلوم نہیں کس وقت الگنی کے نیچے مونڈھا رکھ کر پنجرا اتار لیا تھا اور اب اسی مونڈھے پر پنجرا رکھے، زمین پر گھٹنے ٹیکے بار بار پنجرے کو چومتی تھی اور مینا بار بار بول رہی تھی مجھے دیکھتے ہی فلک آرا نے خبر سنائی۔

''ابا، ہماری مینا آ گئی۔''

नहीं। उस वक़्त वह क़फ़स की पश्चिमी जाली के एक मचान पर बैठी हुई थी और चुप चाप मेरी तरफ़ देख रही थी। मैं उसके क़रीब गया तो उसने गर्दन घुमा ली और दूसरी तरफ़ देखने लगी। मैंने उसे चुमकारा। उसने धीरे से पर फड़फड़ाए और फिर मुझे देखने लगी। मैंने क़फ़स में चारों तरफ़ नज़रें दौड़ाईं सब मैनाएं अपनी अपनी जगह साकित बैठी थी। फिर भी उनकी गिनती आसान नहीं थी इस लिये कि उनमें से आधी के क़रीब टहनियों में छुपी हुई थीं। कल मुझे शाही मैना की चोरी के ख़्याल से जो डर लगा था वह अचानक जाता रहा, फ़लक आरा को बहलाने के लिये जो बहाने सोचे थे वह भी दिमाग़ से निकल गये और मैना की चोरी फिर एक मामूली बात मालूम होने लगी मैं ने इधर उधर देखा। ताऊस चमन में सन्नाटा था, माली काम ख़त्म कर के जा चुके थे। कोई मुझे नहीं देख रहा था। मैं ने फिर फ़लक मैना को चुमकारा। उसने फिर धीरे से पर फड़फड़ा कर मेरी तरफ़ देखा और मैंने एक दम से हाथ बढ़ा कर उसे पकड़ लिया। उसने ख़ुद को छुड़ाने के लिये ज़ोर किया लेकिन जब मैं चुमकार चुमकार कर उसके परों पर हाथ फेरने लगा तो आंखें मूंद लीं और बदन ढीला छोड़ दिया। मैं कुछ देर दम साधे खड़ा रहा, फिर उसे अपने कुर्ते की लम्बी जेब में डाला और क़फ़स से बाहर निकल आया।

लक्खी दरवाज़े तक कई जगह पहरे के सिपाही मिले लेकिन उन्हें मालूम था कि मैं ताऊस चमन में शाम तक की बारी कर रहा हूं। किसी ने मुझ से कुछ नहीं पूछा और मैं जेब में हाथ डाले डाले क़ैसर बाग़ से निकल कर घर की तरफ़ रवाना हो गया। जी तो चाहता था पूरी रफ़्तार से दौड़ने लगूं लेकिन किसी तरह अपने क़दमों को थामे हुए चलता रहा।

घर पहुंचा। फ़लक आरा सो चुकी थी। जुमेराती की अम्मां मेरा रास्ता देख रहीं थीं। उन्हें खाना देकर रुख़्सत किया। मकान का दरवाज़ा अंदर से बंद करके मैना को जेब से निकाला और पिंजड़े के पास ले गया। आज फ़लक आरा ने पिंजड़े को और भी सजा रखा था। तीलियों के बीच बीच में चांदनी के फूल लगाए थे, झाड़ू के तिनके में रंगीन कपड़े की कतरन बांध कर अपने ख़्याल में झंडा बनाया था जो पिंजड़े के सहारे टेढ़ा खड़ा था, पिंजड़े के अन्दर आब-ख़ोरे[1] में लबा लब पानी भरा हुआ था, सिकोरी में रोटी के टुकड़े भीग रहे थे और पुरानी

1. मिट्टी के प्याले (सिकोरा)

دیر تک وہ مجھے بتاتی رہی کہ مینا کیا کہہ رہی ہے۔ میں نے بھی پنجرے کے پاس بیٹھ کر مینا سے دو تین باتیں کیں۔ لیکن اس نے اس طرح میری طرف دیکھا گویا مجھے پہچانتی ہی نہیں۔ اتنے میں فلک آراء نے پوچھا:

''ابا، اس کا نام کیا ہے؟''

''فلک آرا'' میرے منہ سے نکلا، پھر میں رکا اور بولا'' فلک آرا بیٹی، اس کا نام مینا ہے۔''

''واہ مینا تو یہ خود ہے''

''اسی لیے تو اس کا نام مینا ہے۔''

''تو مینا تو سب کا نام ہوتا ہے۔''

''اسی لیے اس کا بھی نام مینا ہے۔''

اس طرح میں اس کے چھوٹے سے دماغ کو الجھاتا رہا۔ اصل میں خود میرا دماغ الجھا ہوا تھا۔

کئی دن تک میں ڈرتا ہوا طاؤس چمن پہنچتا اور ڈرا ہوا وہاں سے واپس آتا۔ ہر وقت چونکا رہتا۔ قیصر باغ میں کوئی مجھے ذرا غور سے دیکھتا تو جی چاہتا بھاگ کھڑا ہوں۔ گھر پر دیکھتا کہ فلک آرا مینا کا پنجرا سامنے رکھے اس سے دنیا جہان کی باتیں کر رہی ہے۔ مجھے دیکھتے ہی وہ بتانا شروع کر دیتی کہ آج مینا نے اس سے کیا کیا باتیں کی ہیں۔ دھیرے دھیرے میری وحشت کم ہونے لگی، اور ایک دن جب فلک آرا مینا کی باتیں بتا رہی تھی، میں نے کہا:

''مگر تمھاری مینا ہم سے تو بولتی نہیں۔''

''آپ بھی تو اس سے نہیں بولتے، وہ شکایت کر رہی تھی۔''

''اچھا؟ کیا کہہ رہی تھی بھلا؟''

''کہہ رہی تھی تمھارے ابا تم کو چاہتے ہیں' ہم کو نہیں چاہتے۔''

''مگر اس کی بہن تو اسے بہت چاہتی ہے۔''

''کون بہن؟''

रोटी की दो तीन बत्तियां सी बनाकर शाही मैंना के लिए गाओ तकिए तैयार किए गए थे, मैं ने मैंना को आहिस्ता से पिंजड़े में पहुंचाया और पिंजड़ा अलगंनी में लटका दिया, मैंना कुछ देर तक पिंजड़े में इधर से उधर चक्कर काटती रही, फिर आराम से एक जगह ठहर गई,

सुबह फ़लक आरा के खिल-खिलाने और मैंना के चहचहाने की आवाज़ों से मेरी आंख खुली। फ़लक आरा ने मालूम नहीं किस वक़्त अलगंनी के नीचें मूंढा रख कर पिंजड़ा उतार लिया था और अब इसी मूंढे पर पिंजड़ा रखे ज़मीन पर घुटने टेके बार बार पिंजड़े को चूमती थी, और मैंना बार बार बोल रही थी। मुझे, देखते ही फ़लक आरा ने ख़बर सुनाई:

"अब्बा,हमारी मैना आ गई।"

देर तक वह मुझे बताती रही कि मैना क्या कहरती है। मैं ने भी पिंजड़े के पास बैठकर मैंना से दो तीन बातें की, लेकिन उसने इस तरह मेरी तरफ़ देखा गोया मुझे पहचानती ही नहीं। इतने में फ़लक आरा ने पूछा:

"अब्बा, इसका नाम क्या है?"

"फ़लक आरा", नेरे मुंह से निकला, फिर मैं रुका और बोला, "फ़लक आरा बेटी, इसका नाम मैना है।"

"वाह मैना तो यह ख़ुद है।"

"इसी लिये तो इसका नाम मैना है।"

"तो मैना तो सब का नाम होता है।"

"इसी लिये इसका भी नाम मैना है।"

इस तरह मैं उसके छोटे से दिमाग़ को उलझाता रहा। असल में ख़ुद मेरा दिमाग़ उलझा हुआ था।

कई दिन तक मैं डरता हुआ ताऊस चमन में पहुंचता और डरा हुआ वहां से वापस आता। हर वक़्त चौंका रहता। क़ैसर बाग़ में कोई मुझे ज़रा ग़ौर से देखता तो जी चाहता कि भाग खड़ा होऊं। घर पर देखता कि फ़लक आरा मैना का पिंजड़ा सामने रखे उससे दुनिया जहान की बातें कर रही है। मुझे देखते ही वह बताना शुरू कर देती कि आज मैना ने उससे क्या क्या बातें की हैं। धीरे-धीरे मेरी वहशत[1] कम होने लगी, और एक दिन जब फ़लक आरा मैना की बातें बता रही

1. डर

''فلک آرا شہزادی''

اس پر وہ اس طرح ہنسی کہ میرا سارا ڈر ختم ہوگیا اور دوسرے دن میں بے دھڑک طاؤس چمن میں داخل ہوا۔ شام کے وقت میں نے کئی مرتبہ میناؤں کو گنا مگر صحیح صحیح نہیں گن سکا۔ صفائی کے بہانے سے قفس کے سارے آئینوں کو اتارلیا، پھر بھی گنتی غلط ہوگئی۔ اس کے بعد میں روز کسی نہ کسی حیلے سے دو ایک مالیوں کو طاؤس چمن میں بلاتا اور ان سے میناؤں کی گنتی کراتا۔ ان کی بتائی ہوئی تعدادیں ایسی ہوتیں کہ مجھے ہنسی آجاتی تھی۔

مالیوں سے میناؤں کو گنوانے میں مجھے اتنا ہی مزہ لگا جتنا فلک آرا کو اپنی مینا سے باتیں کرنے میں آتا ہوگا۔ اور یہ میرا روز کا معمول ہو چلا تھا کہ ایک دن بادشاہ پھر طاؤس چمن میں تشریف لائے۔

ایجادی قفس کے پاس رک کر وہ درباریوں اور داروغہ نبی بخش سے باتیں کرنے لگے۔ ڈرنے کی کوئی وجہ نہیں تھی لیکن میرا دل دھڑ دھڑ کر رہا تھا۔ بادشاہ نبی بخش کو رمنے کے ہاتھیوں کے بارے میں کچھ بتا رہے تھے۔ بیچ بیچ میں وہ ایک نظر قفس پر بھی ڈال لیتے اور اس کی میناؤں کو ادھر سے ادھر اڑتے دیکھتے تھے۔ ایک بار انھوں نے زیادہ دیر تک میناؤں کو دیکھا، پھر نبی بخش سے پوچھا۔

''ان کی تعلیم شروع کرادی؟''

''عالم پناہ،'' داروغہ ہاتھ جوڑ کر بولے،''میر داؤد روز فجر کے وقت آکر سکھاتے ہیں۔''

اب بادشاہ نے اپنے مصاحبوں سے قفس کی باتیں شروع کردیں۔ اس کے بنانے میں کاریگروں نے جو جو صنعتیں دکھائی تھیں ان کا ذکر ہوا۔ کچھ کاریگروں کے نام بھی لیے گئے جن میں بعض لکھنؤ کے مشہور سنار تھے۔ میری گھبراہٹ اب دور ہو چکی تھی میں سوچ رہا تھا ہمارے بادشاہ اپنے نوکروں سے بھی کیسے التفات کے ساتھ بات کرتے ہیں۔ اور ان کی آواز کس قدر نرم ہے۔

اسی وقت مجھے بادشاہ کی نرم آواز سنائی دی۔

''بھئی نبی بخش، آج فلک آرا نہیں دکھائی دے رہی ہیں۔''

ایک دم سے جیسے کسی نے میرے بدن سے سارا خون کھینچ لیا۔ داروغہ نے کہا۔

थी मैंने कहा :

"मगर तुम्हारी मैना हम से तो बोलती नहीं।"

"आप भी तो उससे नहीं बोलते, वह शिकायत कर रही थी।"

"अच्छा ? क्या कह रही थी भला ?"

"कह रही थी तुम्हारे अब्बा तुम को चाहते हैं, हम को नहीं चाहते।"

"मगर उसकी बहन तो उसको बहुत चाहती है।"

"कौन बहन ?"

"फ़लक आरा शहज़ादी।"

इस पर वह इस तरह हंसी कि मेरा सारा डर ख़त्म हो गया और दूसरे दिन मैं बेधड़क ताऊस चमन में दाख़िल हुआ। शाम के वक़्त मैंने कई मर्तबा मैनाओं को गिना, मगर सही सही नहीं गिन सका, सफ़ाई के बहाने से क़फ़स के सारे आईनों को उतार लिया, फिर गिना, फिर भी गिनती ग़लत हो गई। उसके बाद मैं रोज किसी न किसी हीले से दो एक मालियों को ताऊस चमन में बुलाता और उन से मैनाओं की गिनती कराता। उनकी बताई हुई तादाद ऐसी होती कि मुझे हंसी आ जाती थी।

मालियों से मैनाओं को गिनाने में मुझे इतना ही मज़ा लगा जितना फ़लक आरा को अपनी मैना से बातें करने में आता होगा। और यह मेरा रोज़ का मामूल हो चला था कि एक दिन बादशाह फिर ताऊस चमन में तशरीफ़ लाये ।

ईजादी क़फ़स के पास रुक कर वह दरबारियों और दारोग़ा नबी बख़्श से बातें करने लगे। डरने की कोई वजह नहीं थी लेकिन मेरा दिल धड़ धड़ कर रहा था। बादशाह नबी बख़्श को रमने के हाथियों के बारे में कुछ बता रहे थे। बीच बीच में वह एक नज़र क़फ़स पर भी डाल लेते और उस की मैनाओं को इधर से उधर उड़ते देखते थे। एक बार उन्होंने ज़्यादा देर तक मैनाओं को देखा, फिर नबी बख्श से पूछा:

"इन को तालीम शुरू करा दी ?"

"आलम पनाह," दारोग़ा हाथ जोड़ कर बोले "मीर दाऊद रोज़ फजर के वक़्त आकर सिखाते हैं।"

अब बादशाह ने अपने मुसाहिबों से क़फ़स की बातें शुरू कर दीं, उसके

''جہاں پناہ، کہیں ٹہنیوں میں چھپ گئی ہیں۔ ابھی تو سارے میں اڑتی پھر رہی تھیں۔'' بادشاہ دھیرے سے ہنسے اور بولے۔

''ہم سے شرما تو نہیں رہی ہیں؟ اور انھیں دیکھو، حیادار دلہن کو، کیسی چہلیں کر رہی ہیں، حیادار دلہن یہی تمھارے پچھن رہے تو ہم تمھارا نام بدل کر شوخ ادا رکھ دیں گے۔''

سب لوگوں نے سر جھکا کر منہ پر رومال رکھ لیے اور بے آواز ہنسنے لگے۔ کوئی اور وقت ہوتا تو میں بھی بادشاہ کو اس طرح مزے مزے کی باتیں کرتے دیکھ کر نہال ہو جاتا اور اپنے تمام جاننے والوں کے سامنے ان کا ایک ایک لفظ دہراتا، لیکن اس وقت تو میرے کانوں میں ایک ہی آواز گونج رہی تھی۔ ''بھئی نبی بخش، آج فلک آرا نہیں دکھائی دے رہی ہیں۔''

بادشاہ اب پھر ہاتھیوں کی باتیں کر رہے تھے اور میں قفس سے کچھ ہٹ کر کھڑا ہوا تھا۔ بادشاہ کی بات سن کر پہلے تو مجھے ایسا محسوس ہوا تھا کہ میں اچانک سکڑ کر بالشت بھر کا رہ گیا ہوں، لیکن اب یہ معلوم ہو رہا تھا کہ میرا بدن پھیل کر اتنا بڑا ہوا جا رہا ہے کہ میں کسی کی بھی نظروں سے خود کو چھپا نہیں پاؤں گا۔ میں مٹھیاں بھینچ بھینچ کر سکڑنے کی کوشش کر رہا تھا۔ اس کش مکش میں مجھے پتا بھی نہیں چلا کہ بادشاہ کب واپس گئے۔ جب میں چونکا تو طاؤس چمن میں سناٹا تھا۔ صرف قفس کے اندر اڑتی ہوئی میناؤں کے پروں کی آوازیں آرہی تھیں۔

میرا بس نہیں تھا کہ ابھی اڑ کر گھر پہنچ جاؤں اور شاہی مینا کو لا کر قفس میں ڈال دوں۔

مغرب کے وقت تک کسی طرح کام ختم کر کے گھر واپس ہوا۔ راستے بھر تو اسی فکر میں رہا کہ مینا کو کس طرح چپکے سے قفس میں پہنچا دوں۔ لیکن جب گھر پہنچا اور فلک آرا نے روز کی طرح چہک چہک کر مینا کا دن بھر کا حال سنانا شروع کیا تو مجھے یہ فکر بھی لگ گئی کہ مینا کو تو لے جاؤں مگر فلک آرا سے کیا کہوں گا۔ اس رات بہت دیر تک جاگتا اور کروٹیں بدلتا رہا۔

دن چڑھے سو کر اٹھا تو خیال آیا کہ کل سے طاؤس چمن میں میری باری صبح کی ہو

बनाने में कारीगरों ने जो जो सिन्अतें दिखाई थीं उनका ज़िक्र हुआ। कुछ कारीगरों के नाम भी लिये गये जिन में बाज़ लखनऊ के मशहूर सुनार थे। मेरी घबराहट अब दूर हो चूकी थी, मैं सोच रहा था हमारे बादशाह अपने नौकरों से भी कैसे इल्तफ़ात[1] के साथ बातें करते हैं और उनकी आवाज़ किस क़द्र नर्म है।

उसी वक़्त मुझे बादशाह की नर्म आवाज़ सुनाई दी:

"भई नबी बख़्श, आज फ़लक आरा नहीं दिखाई दे रही हैं।"

एक दम से जैसे किसी ने मेरे बदन से सारा ख़ून खींच लिया। दारोग़ा ने कहा:

"जहां पनाह, कहीं टहनियों में छुप गई हैं। अभी तो सारे में उड़ती फिर रही थीं," बादशाह धीरे से हंसे और बोले ?:

"हम से शरमा तो नहीं रही हैं ? और उन्हें देखो, हयादार दुल्हन को कैसी चुहलें कर रही हैं, हयादार दुल्हन, यही तुम्हारे लक्षण रहे तो हम तुम्हारा नाम बदल कर, शोख़अदा, रख देंगे।"

सब लोगों ने सर झुका कर मुंह पर रूमाल रख लिये और बेआवाज़ हंसने लगे। कोई और वक़्त होता तो मैं भी बादशाह को इस तरह मज़े मज़े की बातें करते देख कर निहाल हो जाता और अपने तमाम जानने वालों के सामने उनका एक एक लफ़्ज दुहराता, लेकिन उस वक़्त तो मेरे कानों में एक ही आवाज गूंज रही थी, "भई नबी बख़्श, आज फ़लक आरा नहीं दिखाई दे रही हैं।"

बादशाह अब फिर हाथियों की बातें कर रहे थे और मैं क़फ़स से कुछ हट कर खड़ा हुआ था। बादशाह की बात सुन कर पहले तो मुझे ऐसा महसूस हुआ था कि मैं अचानक सुकड़ कर बालिश्त भर का रह गया हूं, लेकिन अब यह मालूम हो रहा था कि मेरा बदन फैल कर इतना बड़ा हुआ जा रहा है कि मैं किसी की भी नज़रों से खुद को छुपा नहीं पाऊंगा। मैं मुट्ठियां भींच भींच कर सुकड़ने की कोशिश कर रहा था। इस कशमकश में मुझे पता भी नहीं चला कि बादशाह कब वापस गये। जब मैं चौंका तो ताऊस चमन में सन्नाटा था, सिर्फ़ क़फ़स के अंदर उड़ती हुई मैनाओं के परों की आवाज़ें आ रही थीं।

मेरा बस नहीं था कि अभी उड़ कर घर पहुंच जाऊं और शाही मैना को लाकर क़फ़स में डाल दूं। मग़रिब के वक़्त तक किसी तरह काम ख़त्म करके घर

1. लगाव

جائے گی۔ پھر ایک ہفتے تک مینا کو قفس میں پہنچانا آسان نہ ہوگا۔ جو کچھ کرنا ہے آج ہی کرنا ہے۔ فلک آرا اس وقت بھی مینا سے کھیل رہی تھی۔ دونو ں میں جدائی ڈال دینے کا خیال مجھے تکلیف دے رہا تھا لیکن اسی وقت ایک تدبیر میرے دماغ میں آ گئی۔ میں نے پنجرے کے پاس بیٹھ کر مینا کو غور سے دیکھا اور فلک آرا سے کہا۔

''بیٹی، یہ تمھاری مینا کی آنکھیں کیسی ہورہی ہیں؟''

''ٹھیک تو ہیں،'' فلک آرا نے مینا کی آنکھیں دیکھتے ہوئے کہا۔

''کہیں بھی نہیں ٹھیک ہیں۔ میلی میلی تو ہو رہی ہیں، اور دیکھو کنارے کنارے زردی بھی ہے۔ افوہ اسے بھی یرقان ہوگیا ہے۔''

''ارقان کیا؟'' فلک آرا نے گھبرا کر پوچھا۔

''بہت بری بیماری ہوتی ہے۔ بادشاہ کے باغ کی کتنی مینائیں اس میں مر چکی ہیں۔''

فلک آرا اور بھی گھبرا گئی، بولی:

''تو حکیم صاحب سے دوا لے آؤ۔''

''حکیم صاحب چڑیوں کی دوائیں تھوڑی دیتے ہیں،'' میں نے کہا، اسے تو نصیر الدین حیدر بادشاہ کے انگریزی اسپتال میں بھرتی کرانا ہوگا۔ شاید بچ ہی جائے۔ اس کی حالت تو بہت خراب ہے، پھر بھی شاید...... دیکھو کہیں راستے ہی میں نہ مر جائے۔''

غرض میں نے بھولی بھالی بچی کو اتنا دہلایا کہ وہ رو کر کہنے لگی:

''اللہ! ابا اسے جلدی لے کر جاؤ۔''

''ابھی تو اسپتال بند ہوگا۔'' میں نے اسے بتایا ''جب کام پر جائیں گے تو اسے لیتے جائیں گے۔''

جانے کا وقت آیا تو میں نے مینا کو پنجرے سے نکالا۔ فلک آرا بولی:

''ابا پنجرے ہی میں لے جاؤ۔''

''وہاں چڑیاں پنجروں میں نہیں رکھی جاتیں۔ ان کے لیے پورا مکان بنا ہوا ہے۔ تم پنجرا صاف کر کے رکھو۔ جب یہ اسپتال سے اچھی ہو کر آئے گی تو مزے سے اپنے پنجرے میں رہے گی۔''

वापस हुआ, रास्ते भर तो इसी फ़िक्र में रहा कि मैना को किस तरह चुपके से क़फ़स में पहुंचा दूं। लेकिन जब घर पहुंचा और फ़लक आरा ने रोज़ की तरह चहक चहक कर मैना का दिन भर का हाल सुनाना शुरू किया तो मुझे यह फ़िक्र भी लग गई कि मैना को तो ले जाऊं मगर फ़लक आरा से क्या कहूंगा। उस रात बहुत देर तक जागता और करवटें बदलता रहा।

दिन चढ़े सो कर उठा तो ख़्याल आया कि कल से ताऊस चमन में मेरी बारी सुबह की हो जायेगी। फिर एक हफ़्ते तक मैना को क़फ़स में पहुंचाना आसान ना होगा, जो कुछ करना है आज ही करना है। फ़लक आरा उस वक़्त भी मैना से खेल रही थी। दोनों में जुदाई डाल देने का ख़्याल मुझे तकलीफ़ दे रहा था लेकिन उसी वक़्त एक तदबीर मेरे दिमाग़ में आ गई। मैंने पिंजड़े के पास बैठ कर मैना को ग़ौर से देखा, और फ़लक आरा से कहा:

"बेटी, यह तुम्हारी मैना की आंखें कैसी हो रही हैं?"

"ठीक तो है," फलक आरा ने मैना की आंखें देखते हुए कहा।

"कहीं भी नहीं ठीक हैं। मैली मैली तो हो रही है, और देखो किनारे किनारे ज़र्दी भी है, अफ़्फ़ोह इसे भी यरक़ान[1] हो गया है।"

"अरकान क्या?" फ़लक आरा ने घबरा कर पूछा।

"बहुत बुरी बीमारी होती है। बादशाह के बाग़ की कितनी मैनाएं इसमें मर चुकी हैं"

फ़लक आरा और भी घबरा गई, बोली:

"तो हकीम साहब से दवा ले आओ।"

"हकीम साहब चिड़ियों की दवाएं थोड़ी देते हैं।" मैंने कहा "इसे तो नसीरुद्दीन हैदर बादशाह के अंग्रेज़ी अस्पताल में भरती कराना होगा। शायद बच ही जाये। इसकी हालत तो बहुत ख़राब है, फिर भी शायद ...... देखो कहीं रास्ते ही में न मर जाये।"

ग़र्ज़ मैंने भोली भाली बच्ची को इतना दहलाया कि वह रो कर कहने लगी:

"अल्लाह अब्बा इसे जल्दी लेकर जाओ।"

"अभी तो अस्पताल बंद होगा," मैंने उसे बताया, "जब काम पर जायेंगे तो इसे लेते जायेंगे।"

1. पीलिया

فلک آرا نے مینا کو میرے ہاتھ سے لے لیا۔ دیر تک اسے پیار کرتی رہی۔ پھر بولی:

''ابا، اس پر کوئی دعا پھونک دو۔''

''راستے میں پھونک دیں گے'' میں نے کہا ''لاؤ دیر ہو رہی ہے۔ اسپتال بند ہوجائے گا۔''

مینا کو اس کے ہاتھ سے لے کر میں نے کرتے کی جیب میں ڈال لیا اور جلدی سے دروازے کے باہر نکل آیا۔ جانتا تھا کہ فلک آرا ہر روز کی طرح دروازے کا ایک پٹ پکڑے کھڑی ہوئی مجھے جاتے دیکھ رہی ہے۔ لیکن میں نے پیچھے مڑ کر نہیں دیکھا۔

☆☆☆

قسمت نے ساتھ دیا اور طاؤس چمن میں داخل ہوتے ہی موقع مل گیا۔ مالیوں میں سے کوئی میری طرف متوجہ نہیں تھا۔ میں قفس کے اندر آ گیا مالی اپنے اپنے کام میں لگے ہوئے تھے۔ میں نے ایک بار زور سے کھانس کر گلا صاف کیا پھر بھی کسی نے میری طرف نہیں دیکھا۔ اب قفس کے ایک کنارے پر جا کر میں نے فلک مینا کو جیب سے نکالا اور ہلکے سے اچھال دیا۔ اس نے پر پھڑپھڑا کر خود کو ہوا میں تولا، پھر ایک جھولے پر بیٹھ گئی، وہاں سے اڑی ایک مچان پر پہنچی، مچان سے نیچے غوطہ مارا اور حوض کے کنارے آ بیٹھی جہاں بھی وہ بیٹھتی دوسری کئی مینائیں اس کے پاس آ بیٹھتیں اور اس طرح چہچہاتیں جیسے پوچھ رہی ہوں، بہن اتنے دن، کہاں رہیں۔

جس دن طاؤس چمن میں مینائیں آئی ہیں اس کے بعد سے آج پہلا دن تھا کہ میرے دل پر کوئی بوجھ نہیں تھا۔ ننھی فلک آرا کو بہلانے کے لیے بہت سی باتیں میں نے راستے ہی میں سوچ لی تھیں اور مجھے یقین تھا کہ کئی دن وہ اسی میں خوش رہے گی کہ اس کی مینا اسپتال میں اچھی ہو رہی ہے۔ پھر اسے بھول بھال جائے گی۔ آج میں نے قفس کی ساری میناؤں کو غور سے دیکھا اور مجھے بھی ان میں کچھ کچھ فرق نظر آیا، اور فلک مینا کو تو میں ہزاروں میناؤں میں پہچان سکتا تھا۔ اس وقت وہ سب سے الگ تھلگ ایک ٹہنی پر بیٹھی تھی اور ٹہنی دھیرے دھیرے نیچے اوپر ہو رہی تھی۔ میں نے قریب جا کر اس کو چمکارا۔ چپ

जाने का वक़्त आया तो मैंने मैना को पिंजड़े से निकाला। फ़लक आरा बोली:

''अब्बा, पिंजड़े ही में ले जाओ।''

''वहां चिड़ियां पिंजड़ों में नहीं रखी जातीं। उनके लिये पूरा मकान बना हुआ है। तुम पिंजड़ा साफ कर के रखो जब यह अस्पताल से अच्छी हो कर आयेगी तो मज़े से अपने पिंजड़े में रहेगी।''

फ़लक आरा ने मैना को मेरे हाथ से ले लिया देर तक उसे प्यार करती रही, फिर बोली:

''अब्बा इस पर कोई दुआ फूंक दो।''

''रास्ते में फूंक देंगे,'' मैं ने कहा ''लाओ देर हो रही है। अस्पताल बंद हो जायेगा।''

मैना को उसके हाथ से लेकर मैंने कुर्ते की जेब में डाल लिया और जल्दी से दरवाजे के बाहर निकल आया जानता था कि फ़लक आरा हर रोज़ की तरह दरवाज़े का एक पट पकड़े खड़ी हुई मुझे जाते देख रही है। लेकिन मैंने पीछे मुड़ कर नहीं देखा

☆☆☆

क़िस्मत ने साथ दिया और ताऊस चमन में दाख़िल होते ही मौक़ा मिल गया। मालियों में से कोई मेरी तरफ़ मुतवज्जह[1] नहीं था। मैं क़फ़स के अंदर आ गया माली अपने अपने काम में लगे हुए थे। मैंने एक बार ज़ोर से खांसकर गला साफ किया फिर भी किसी ने मेरी तरफ़ नहीं देखा। अब क़फ़स के एक किनारे पर जाकर मैं ने फ़लक मैना को जेब से निकाला और हल्के से उछाल दिया। उस ने पर फट फटा कर खुद को हवा में टिकाया, फिर एक झूले पर बैठ गई, वहां से उड़ी एक मचान पर पहुंची, मचान से नीचे ग़ोता मारा और हौज़ के किनारे आ बैठी जहां भी वह बैठती दूसरी कई मैनाऐं उस के पास आ बैठतीं और इस तरह चहचहातीं जैसे पूछ रही हों, बहन इतने दिन, कहां रहीं ?

जिस दिन ताऊस चमन में मैनाऐं आयीं हैं उसके बाद से आज पहला दिन था कि मेरे दिल पर कोई बोझ नहीं था। नन्हीं फ़लक आरा को बहलाने के लिए बहुत सी बातें मैं ने रास्ते ही में सोच ली थीं और मुझे यक़ीन था कि कई दिन वह

1. ध्यान देना

چاپ میری طرف دیکھنے لگی۔

''فلک آرا یاد آرہی ہے۔'' میں نے اس سے پوچھا۔

وہ اسی طرح میری طرف دیکھتی رہی۔ میں نے کہا:

''ہم سے ناراض تو نہیں ہو؟''

اچانک مجھے خیال آیا کہ میں بالکل بادشاہ کی طرح بول رہا ہوں۔ میں آپ ہی آپ ڈر گیا اور جلدی جلدی قفس کا کام ختم کر کے باہر نکل آیا۔

(4)

گھر آکر، جیسا میرا خیال تھا، مجھے فلک آرا کو بہلانے میں کوئی مشکل نہیں ہوئی۔ میں نے خوب مزے لے لے کر اسے بتایا کہ کس طرح اس کی مینا نے کڑوی دوا پینے سے انکار کر دیا اور اس کے لیے میٹھی دوا بنوائی گئی۔

'' اور بھیا جب اسے مونگ کی کھچڑی کھانے کو دی گئی،'' میں نے بتایا ''تو اس نے کہا ہم مونگ کی کھچڑی نہیں کھاتے، تو ڈاکٹر نے پوچھا پھر کیا کھاتی ہو۔''

اس نے کہا ہوگا ہم تو دودھ جلیبی کھاتے ہیں'' فلک آرا بیچ میں بول پڑی۔

''ہاں''۔ میں نے کہا، ڈاکٹر کی سمجھ میں نہیں آیا۔ بیچارا انگریز تھا نا؟ ہم سے پوچھنے لگا واہ مسٹر کالے خاں جلیبی کیا ہوتا ہے۔''

فلک آرا ہنسی سے لوٹ گئی۔ اس نے خالی پنجرے کو اٹھا کر سینے سے لگا لیا اور جلیبی کیا ہوتا ہے، کہہ کہہ کر دیر تک ہنستی رہی۔ رات گئے تک میں نے اسے اسپتال اور مینا کے قصے سنائے۔

جب وہ سوگئی تو میں نے اٹھ کر پنجرے کو اس کی سجاوٹوں سمیت کوٹھری کے کباڑ میں چھپادیا۔ میں چاہتا تھا فلک آرا اپنی مینا کو بالکل بھول جائے۔

صبح وہ سوکر اٹھی چپ چپ تھی۔ دیر کے بعد اس نے مجھ سے صرف اتنا پوچھا:

''ابا، ہماری مینا اچھی ہو جائے گی۔''

''ہاں، اچھی ہو جائے گی'' میں نے جواب دیا، ''لیکن، بیمار کی زیادہ باتیں نہیں

इसी में खुश रहेगी कि उस की मैना अस्पताल में अच्छी हो रही है फिर उसे भूल भाल जाएगी। आज मैं ने क़फ़स की सारी मैनाओं को ग़ौर से देखा और मुझे भी उन में कुछ कुछ फ़र्क नज़र आया, और फ़लक मैना को तो मैं हजारों मैनाओं में पहचान सकता था। उस वक़्त वह सबसे अलग थलग एक टहनी पर बैठी थी और टहनी धीरे धीरे नीचे ऊपर हो रही थी। मैं ने क़रीब जाकर उसको चुमकारा। चुप चाप मेरी तरफ़ देखने लगी।

"फलक आरा याद आ रही है?" मैं ने उस से पूछा।

वह इसी तरह मेरी तरफ़ देखती रही, मैं ने कहा:

"हम से नाराज़ तो नहीं हो?"

अचानक मुझे ख़्याल आया कि मैं बिलकुल बादशाह की तरह बोल रहा हूं। मैं आप ही आप डर गया और जल्दी जल्दी क़फ़स का काम ख़त्म कर के बाहर निकल आया।

(4)

घर आकर, जैसा मेरा ख़्याल था, मुझे फ़लक आरा को बहलाने में कोई मुश्किल नहीं हुई। मैं ने खूब मज़े ले ले कर उसे बताया के किस तरह उस की मैना ने कड़वी दवा पीने से इन्कार कर दिया और उस के लिए मीठी-मीठी दवा बनवाई गई।

"और भय्या जब उसे मूंग की खिचड़ी खाने को दी गई," मैं ने बताया, "तो उसने कहा हम मूंग की खिचड़ी नहीं खाते, तो डाक्टर ने पूछा फिर क्या खाती हो।"

"उस ने कहा होगा हम तो दूध जलेबी खाते हैं।" फ़लक आरा बीच में बोल पड़ी।

"हां" मैं ने कहा, "डाक्टर की समझ में नहीं आया। बेचारा अंग्रेज था न? हम से पूछने लगा वाह मिस्टर काले खां, जलेबी क्या होता है।"

फ़लक आरा हंसी से लोट गई। उसने ख़ाली पिंजड़े को उठाकर सीने से लगा लिया और जलेबी क्या होता है, कह कह कर देर तक हंसती रही। रात गये तक मैं ने उसे अस्पताल और मैना के क़िस्से सुनाए।

जब वह सो गई तो मैं ने उठ कर पिंजड़े को उसकी सजावटों समेत कोठरी

کرتے ہیں، اس سے بیماری بڑھ جاتی ہے۔''

اس کے بعد اس نے مجھ سے یہ بھی نہیں پوچھا کہ اس کی مینا کا پنجرا کیا ہوا

میں اسے بہلانے کی ترکیبیں سوچ رہا تھا کہ کسی نے دروازہ کھٹکھٹایا۔ میں باہر نکلا۔ داروغہ نبی بخش کا آدمی کھڑا تھا۔

''خیریت تو ہے، محرم علی؟'' میں نے پوچھا۔

''داروغہ صاحب نے آج سویرے سے بلایا ہے'' اس نے کہا،'' حضرت سلطان عالم طاؤس چمن میں تشریف لا رہے ہیں۔''

''آج؟'' میں نے حیران ہو کر پوچھا،'' ابھی پرسوں ہی تو......''

''چڑیاں پڑھ گئی ہیں نا؟'' محرم علی بولا'' وہی سننے......''

''اچھا تم چلو۔''

میں نے جلدی کپڑے بدلے۔ باہر نکل کر جمعراتی کی ماں سے فلک آرا کے پاس جانے کو کہا اور لپکتا ہوا طاؤس چمن پہنچ گیا۔ راستے میں کئی بار میں نے فلک مینا کو قفس میں پہنچا دینے پر خود کو شاباش بھی دی۔

آج ایجادی قفس کے سامنے چاندی کی منقش چوبوں پر سبز اطلس کا مقیشی جھالروں والا چھوٹا شامیانا تنا ہوا تھا۔ داروغہ اور بہت سے ملازم قفس کے پاس جمع تھے۔ ان کے بیچ میں بوڑھے میر داؤد اسطرح اینٹھے ہوئے کھڑے تھے جیسے وہ بادشاہ ہوں اور ہم سب ان کے غلام۔ میر داؤد کی نازک مزاجیوں اور اکڑ کے قصے طرح طرح کی رنگ آمیزیوں اور مبالغوں کے ساتھ لکھنؤ بھر میں مشہور تھے لیکن سب جانتے تھے کہ پرندوں کو پڑھانے میں ان کا جواب نہیں ہے۔

''ہاں میاں کالے خاں،'' داروغہ نے مجھے دیکھتے ہی کہا۔'' قفس کو دیکھ بھال لو، ذرا جلدی......''

میں نے بڑی پھرتی کے ساتھ قفس کا فرش صاف کیا، پودوں پر پانی چھڑکا، گرے پڑے پھول پتے سمیٹے اور باہر نکلا ہی تھا کہ جلو خانے کی طرف شہنائیاں اور نقارے بجنے لگے۔ ہم سب ہوشیار ہو کر کھڑے ہو گئے۔ مجھے میر داؤد کی آواز سنائی دی:

के कबाड़ में छुपा दिया। मैं चाहता था फ़लक आरा अपनी मैना को बिल्कुल भूल जाए।

सुबह वह सो कर उठी चुप चुप थी। देर के बाद उसने मुझ से सिर्फ़ इतना पूछा:

"अब्बा, हमारी मैना अच्छी हो जाएगी ?"

"हां, अच्छी हो जाएगी", मैं ने जवाब दिया, "लेकिन बेटी, बीमार की ज़्यादा बातें नहीं करते हैं, इस से बीमारी बढ़ जाती है।"

इसके बाद उसने मुझसे यह भी नहीं पूछा कि उसकी मैना का पिंजड़ा क्या हुआ।

मैं उसे बहलाने की तरकीबें सोच रहा था कि किसी ने दरवाज़ा खटखटाया। मैं बाहर निकला। दारोग़ा नबीबख़्श का आदमी खड़ा था।

ख़ैरियत तो है, मोहर्रम अली ? मैं ने पूछा।

"दारोग़ा साहब ने आज सवेरे से बुलाया है," उसने कहा, "हज़रत सुलताने आलम ताऊस चमन में तशरीफ ला रहे हैं।"

"आज ?" मैं ने हैरान हो कर पूछा, "अभी परसों ही तो……"

"चिड़ियां पढ़ गई हैं न ?" मोहर्रम अली बोला, "वही सुनने……"

"अच्छा तुम चलो।"

मैं ने जल्दी कपड़े बदले। बाहर निकल कर जुमेराती की मां से फ़लक आरा के पास जाने को कहा और लपकता हुआ ताऊस चमन पहुंच गया रास्ते में कई बार मैं ने फ़लक मैना को क़फ़स में पहुंचा देने पर ख़ुद को शाबाश भी दी।

आज ईजादी क़फ़स के सामने चांदी की मुनक़्क़श[1] चोबों पर सब्ज़ अतलस[2] का मुक़य्यशी[3] झालरों वाला छोटा शामियाना तना हुआ था। दारोग़ा और बहुत से मुलाजिम क़फ़स के पास जमा थे। इन के बीच में बूढ़े मीर दाऊद इस तरह ऐंठे हुए खड़े थे जैसे वह बादशाह हों और हम सब उनके ग़ुलाम। मीर दाऊद की नाज़ुक मिज़ाजियों और अकड़ के क़िस्से तरह तरह की रंग आमेज़ियों और मुबालग़ों[4] के साथ लखनऊ भर में मशहूर थे लेकिन सब जानते थे कि परिंदों को पढ़ाने में उनका जवाब नहीं है।

"हां मिया काले खां," दारोग़ा ने मुझे देखते ही कहा, "क़फ़स को देख

1. चित्रित 2. रेश्मी कपड़ा 3. चौंदी सोने के तारों वाली 4. अतिशयोक्ति

"پھر کہتا ہوں سبق کے بیچ کوئی نہ بولے، نہیں جانور ہشک جائیں گے۔"
داروغہ کو کچھ غصہ آ گیا۔ بولے
" میر صاحب ایک بار کہہ دیا، حضرت کے سامنے کسی کی مجال ہے جو چوں بھی کر جائے مگر آپ ہیں کہ جب سے یہی رٹ لگائے ہیں۔"
جواب میں میر صاحب نے بڑے اطمینان کے ساتھ داروغہ کے سینے پر انگلی رکھ کر پھر وہی کہا:
" سبق کے بیچ میں کوئی نہ بولے، نہیں جانور ہشک جائیں گے۔"
"اماں جاؤ میر صاحب" داروغہ منھ بنا کر بولے، " کیا مٹھوؤں کی سی باتیں کر رہے ہو۔"
میر صاحب تلملا کر کچھ کہنے چلے تھے کہ شاہی جلوس دور پر نظر آنے لگا۔ ہم سب طاؤس چمن کے پھاٹک پر دو قطاریں بنا کر کھڑے ہو گئے کچھ دیر میں جلوس پھاٹک پر پہنچا۔ آج بادشاہ کے ساتھ حضور عالم اور مصاحبوں کے علاوہ بیلی گارد کے کئی انگریز افسر بھی تھے۔ حضور عالم انھیں قفس کی ایک ایک چیز دکھانے لگے۔ پھر بادشاہ نے ان سے دھیرے دھیرے کچھ کہا اور میر داؤد کو آنکھ سے اشارہ کیا۔ میر صاحب تسلیم بجالائے اور بڑھ کر قفس کے قریب آ گئے۔ انھوں نے منھ سے کچھ سیٹی سی بجائی۔ قفس میں اڑتی ہوئی مینائیں ان کی طرف آ کر جھولوں اور اڈوں پر بیٹھ گئیں اور زور زور سے چہچہانے لگیں۔ میر صاحب نے گلے پھلائے پچکائے۔ اور ایک عجیب سی آواز منھ سے نکالی۔ مینائیں ذرا دیر کو چپ ہوئیں۔ پھر سب کے گلے پھول گئے اور ان کی آوازیں ایک آواز ہو کر سنائی دیں:
"سلامت شاہ اختر، سلیمان زماں، سلطان عالم"
ایک ایک لفظ اتنا سچا نکل رہا تھا کہ مجھ کو حیرت ہو گئی۔ بالکل ایسا معلوم ہو رہا تھا کہ بہت سی گانے والیاں ایک ساتھ مل کر مبارکباد گا رہی ہیں۔ میناؤں نے دوبارہ یہی شعر پڑھا، دم بھر کر رکیں، پھر بھاری آواز اور مردانے لہجے میں بولیں:
"دل کم لو طاؤس چمن!"
اس پر انگریز افسروں کو اتنا مزہ آیا کہ وہ بار بار مٹھیاں باندھ کر ہاتھ اوپر اچھالنے لگے۔ میناؤں نے پھر شعر پڑھا، پھر ایک اور شعر، پھر ایک اور۔ بادشاہ کچھ کچھ دیر بعد مسکرا

भाल लो, ज़रा जल्दी......"

मैं ने बड़ी फुर्ती के साथ क़फ़स का फ़र्श साफ़ किया, पौधों पर पानी छिड़का, गिरे पड़े फूल पत्ते समेटे और बाहर निकला ही था के जुलू ख़ाने की तरफ़ शहनाईयां और नक़्क़ारे[1] बजने लगे। हम सब होशियार हो कर खड़े हो गए, मुझे मीर दाऊद की आवाज़ सुनाई दी:

"फिर कहता हूं, सबक़ के बीच में कोई न बोले, नहीं जानवर हुशक जाएंगे।"

दारोग़ा को कुछ गुस्सा आगया, बोले:

"मीर साहब, एक बार कह दिया, हज़रत के सामने किस की मजाल है जो चूं भी कर जाए, मगर आप हैं कि जब से यही रट लगाए हैं।"

जवाब में मीर साहब ने बड़े इत्मीनान के साथ दारोग़ा के सीने पर उंगली रख कर फिर वही कहा:

"सबक़ के बीच में कोई न बोले, नहीं जानवर हुशक जाएंगे।"

"अमां जाओ मीर साहब," दारोग़ा मुंह बना कर बोले, "क्या मिठ्ठुओं की सी बातें कर रहे हो।"

मीर साहब तिलमिला कर कुछ कहने चले थे कि शाही जुलूस दूर पर नज़र आने लगा। हम सब ताऊस चमन के फाटक पर दो क़तारें बना कर खड़े हो गए कुछ देर में जुलूस फाटक पर आ पहुंचा आज बादशाह के साथ हुज़ूरे आलम और मुसाहिबों के अलावा बेली गार्द के कई अंग्रेज़ अफ़सर भी थे। हुज़ूरे आलम उन्हें क़फ़स की एक -एक चीज़ दिखाने लगे। फिर बादशाह ने उन से धीरे-धीरे कुछ कहा और मीर दाऊद को आंख से इशारा किया। मीर साहब तसलीम[2] बजा लाए और बढ़ कर क़फ़स के क़रीब आ गए। उन्होंने मुंह से कुछ सीटी सी बजाई। क़फ़स में उड़ती हुइ मैनाएं उन की तरफ़ आकर झूलों और अड्डों पर बैठ गईं और ज़ोर ज़ोर से चहचहाने लगीं। मीर साहब ने कल्ले फुलाए पिचकाए और एक अजीब सी आवाज़ मुंह से निकाली। मैनाएं ज़रा देर को चुप हुईं फिर सब के गले फूल गए और उन की आवाज़ें एक आवाज़ हो कर सुनाई दीं:

"सलामत शाह अख़्तर सुलेमाने ज़मां, सुलताने आलम।"

एक एक लफ़्ज़ इतना सच्चा निकल रहा था कि मुझ को हैरत हो गई,

1. ढोल 2. झुक कर सलाम करना

کر میر داؤد کی طرف دیکھتے، اور میر صاحب عجیب تماشا دکھا رہے تھے۔ سینہ پھلا کر تن جاتے اور فوراً ہی اس قدر جھک کر تسلیم کرتے کہ معلوم ہوتا تھا قلابازی کھا جائیں گے۔

میناؤں نے ایک نیا شعر پڑھا اور پھر پہلا شعر پڑھنا شروع کیا:

''سلامت شاہ اختر، جان عالم......''

''لیکن ابھی شعر پورا نہیں ہوا تھا کہ قفس کے پوربی حصے سے ایک تیز بچکانی آواز آئی''

''فلک آرا شہزادی ہے!''

سب مینائیں ایک دم سے چپ ہوگئیں اور میر داؤد کا منہ کھلا کا کھلا رہ گیا۔ فلک مینا ایک ٹہنی پر اکیلی بیٹھی تھی اور اس کا گلا پھولا ہوا تھا۔ اس نے پھر کہا:

''فلک آرا شہزادی ہے۔ دودھ جلیبی کھاتی ہے۔''

بالکل میری ننھی فلک آرا کی آواز تھی۔ میری آنکھوں کے آگے اندھیرا سا چھانے لگا۔ مجھے خبر نہیں تھی کہ دوسروں پر ان بولوں کا کیا اثر ہوا لیکن میں یہی سوچ کر تھرا گیا کہ محل کی گھوڑیاں بھی دودھ جلیبی کو زیادہ منہ نہیں لگاتیں اور یہ ظالم مینا شہزادی کو دودھ جلیبی کھلائے دے رہی ہے، وہ بھی بادشاہ کے سامنے مجھے کچھ لوگوں کے دھیرے دھیرے بولنے کی آوازیں سنائی دیں لیکن سمجھ میں نہیں آیا کہ کون کیا کہہ رہا ہے اس لیے میرے کانوں میں سیٹیاں بج رہی تھیں۔ اور اب مجھے ان سیٹیوں سے بھی زیادہ تیز سیٹی کی آواز سنائی دی:

''فلک آرا شہزادی ہے۔ دودھ جلیبی کھاتی ہے۔ کالے خاں کی گوری گوری بیٹی ہے۔'' پھر فلک آرا کے کھلکھلا کر ہنسنے اور تالیاں بجانے کی آواز، اور پھر وہی:

''کالے خاں کی گوری گوری بیٹی ہے۔ کالے خاں کی گوری گوری بیٹی ہے۔''

اپنی آنکھوں کے آگے چھائے ہوئے اندھیرے میں بھی میں نے دیکھا کہ داروغہ نبی بخش آنکھیں پھاڑ پھاڑ کر میری طرف دیکھ رہے تھے۔ پھر میں نے دیکھا کہ بادشاہ نے داروغہ کو دیکھا پھر آہستہ آہستہ گردن گھمائی اور نظریں مجھ پر جم گئیں۔ میرا بدن زور سے تھر تھرایا اور دانت بیٹھ گئے۔ مجھے ایسا معلوم ہوا کہ قفس کا سفید پتھریلا چبوترا اوپر اچھلا اور میرے سر سے ٹکرا گیا۔

बिल्कुल ऐसा मालूम हो रहा था कि बहुत सी गाने वालियां एक साथ मिल कर मुबारकबाद गा रही हैं। मैनाओं ने दुबारा यही शेर पढ़ा, दम भर कर रुकीं, फिर भारी आवाज़ और मर्दाने लहजे में बोलीं:

"वैल कम टू ताऊस चमन"।

इस पर अंग्रेज़ अफ़सरों को इतना मज़ा आया कि वह बार बार मुट्ठियां बांध कर हाथ ऊपर उछालने लगें मैनाओं ने फिर शेर पढ़ा, फिर एक और शेर, फिर एक और। बादशाह कुछ कुछ देर बाद मुसकुरा कर मीर दाऊद की तरफ़ देखते, और मीर साहब अजीब तमाशा सा दिखा रहे थे। सीना फुला कर तन जाते और फ़ौरन ही इस क़दर झुक कर तसलीम करते कि मालूम होता था क़लाबाज़ी खा जाएगें।

मैनाओं ने एक नया शेर पढ़ा और फिर पहला शेर पढ़ना शुरू किया:

"सलामत शाह अखतर, जाने आलम......"

लेकिन अभी शेर पूरा नहीं हुआ था कि क़फ़स के पूर्बी हिस्से से एक तेज़ बचकानी आवाज़ आई:

"फलक़ आरा शहजादी है।"

सब मैनाएं एक दम से चुप हो गईं और मीर दाऊद का मुंह खुला का खुला रह गया। फ़लक मैना एक टहनी पर अकेली बैठी थी और उस का गला फूला हुआ था। उसने फिर कहा:

"फ़लक आरा शहज़ादी है। दूध जलेबी खाती है।"

बिल्कुल मेरी नन्हीं फ़लक आरा की आवाज़ थी। मेरी आंखों के आगे अंधेरा सा छाने लगा। मुझे ख़बर नहीं थी कि दूसरों पर इन बोलों का किया असर हुआ लेकिन मैं यही सोच कर थर्रा गया कि महल की घोड़ियां भी दूध जलेबी को मुंह नहीं लगातीं, और यह ज़ालिम मैना शहज़ादी को दूध जलेबी खिलाए दे रही है, वह भी बादशाह के सामने। मुझे कुछ लोगों के धीरे धीरे बोलने की आवाज़ें सुनाई दी लेकिन समझ में नहीं आया कि कौन क्या कह रहा है इस लिए कि मेरे कानों में सीटियां बज रही थीं। और अब मुझे इन सीटियों से भी ज़्यादा तेज़ सीटी की आवाज़ सुनाई दी—:

"फ़लक आरा शहज़ादी है। दूध जलेबी खाती है। काले खां की गोरी गोरी

دوسرے دن ہوش آیا تو میں نصیرالدین حیدر کے انگریزی اسپتال میں لیٹا ہوا تھا۔ داروغہ نبی بخش جھک کر مجھے دیکھ رہے تھے داروغہ پر نظر پڑتے ہی مجھ کو سب کچھ یاد آگیا اور اٹھ کر بیٹھنے لگا لیکن داروغہ نے میرے سینے پر ہاتھ رکھ دیا۔

''لیٹے رہو، لیٹے رہو،'' انھوں نے کہا،'' اب سر کی چوٹ کیسی ہے؟''

''چوٹ؟'' میں نے پوچھا اور سر پر ہاتھ پھیرا تو معلوم ہوا کئی پٹیاں بندھی ہوئی ہیں۔ کچھ تکلیف بھی ہو رہی تھی۔ لیکن اس وقت مجھے تکلیف کی پروانہیں تھی۔ میں نے داروغہ کا ہاتھ پکڑا اور کہا:

''داروغہ صاحب، آپ کو قسم ہے سچ سچ بتائیے وہاں کیا ہوا تھا؟''

''سب معلوم ہو جائے گا بھائی، سب معلوم ہو جائے گا۔ پہلے اچھے تو ہو جاؤ۔''

''میں بالکل اچھا ہوں، داروغہ صاحب'' میں نے کہا'' آپ کو قسم ہے۔''

''داروغہ کچھ دیر ٹالتے رہے، آخر مجبور ہو گئے۔''

''کیا پوچھتے ہو میاں کالے خاں'' انھوں نے کہنا شروع کیا،'' تم تو غش کھا کے آرام پا گئے وہاں ہم لوگوں پر جو گذر گئی...... مگر پہلے یہ بتاؤ، تم اس کو کس وقت پڑھا دیتے تھے؟''

''کس کو؟''

''فلک آرا مینا کو، اور کس کو۔''

''میں نے اسے کچھ نہیں پڑھایا، داروغہ صاحب، قسم سے۔''

''پھر؟'' انھوں پوچھا'' پھر یہ بیہودہ کلام اس نے کہاں سن لیے؟''

میں کچھ دیر تک ہچکتا رہا، آخر بولا:

''میرے گھر پر۔''

داروغہ ہکا بکا رہ گئے۔

''کیا کہہ رہے ہو!''

''تب میں نے اول سے آخر پورا قصہ سنا دیا۔ داروغہ سناٹے میں آگئے۔ دیر تک منھ سے آواز نہیں نکل سکی۔ آخر بولے:

''غضب کر دیا تم نے کالے خاں۔ بادشاہی پرندے کی چوری! اچھا اس دن حضرت

बेटी है।" फिर फ़लक आरा के खिलखिला कर हंसने और तालियां बजाने की आवाज़, और फिर वही:

"काले खां की गोरी गोरी बेटी है। काले खां की गोरी गोरी बेटी है।"

अपनी आखों के आगे छाए हुए अंधेरे में भी मैं ने देखा कि दारोग़ा नबीबख़्श आंखें फाड़ फाड़ कर मेरी तरफ़ देख रहें हैं। फिर मैं ने देखा कि बादशाह ने दारोग़ा को देखा फिर आहिस्ता आहिस्ता गर्दन घुमाई और उन की नज़रें मुझ पर जम गईं। मेरा बदन ज़ोर से थर थराया और दांत बैठ गए। मुझे ऐसा मालूम हुआ कि क़फ़स का सफ़ेद पथरीला चबूतरा ऊपर उछला और मेरे सर से टकरा गया।

दूसरे दिन होश आया तो मैं नसीरुद्दीन हैदर के अंग्रेज़ी अस्पताल में लेटा हुआ था और दारोग़ा नबीबख़्श झुक कर मुझे देख रहे थे दारोग़ा पर नज़र पड़ते ही मुझ को सब कुछ याद आगया और मैं उठकर बैठने लगा लेकिन दारोग़ा ने मेरे सीने पर हाथ रख दिया ।

"लेटे रहो, लेटे रहो," उन्हों ने कहा, "अब सर की चोट कैसी है।"

"चोट," मैंने पूछा,और सर पर हाथ फेरा तो मालूम हुआ कई पट्टियां बंधी हुई हैं। कुछ तकलीफ़ भी हो रही थी। लेकिन उस वक़्त मुझे तकलीफ़ की परवाह नहीं थी। मैने दारोग़ा का हाथ पकड़ा और कहा:

"दारोग़ा साहब, आप को क़सम है, सच सच बताइये वहां क्या हुआ था।"

"सब मालूम हो जाएगा, भाई" "सब मालूम हो जाएगा पहले अच्छे तो हो जाओ" "मैं बिल्कुल अच्छा हूं, दारोग़ा साहब मैंने कहा, आप को क़सम है।"

दारोग़ा कुछ देर टालते रहे, आख़िर मजबूर हो गए।

"क्या पूछते हो मियां काले खां" उन्होंने कहना शुरू किया, "तुम तो ग़श खा के आराम पा गए। वहां हम लोगों पर जो गुज़र गई...... मगर पहले यह बताओ, तुम उस को किस वक़्त पढ़ा देते थे ?"

"किस को ?"

"फ़लक आरा मैना को, और किसको।"

"मैं ने उसे कुछ नहीं पढ़ाया, दारोग़ा साहब, क़सम से।"

"फिर ?" उन्होंने पूछा "फिर यह बेहूदा कलाम उसने कहां सुन लिए ?"

نے فرمایا تھا کہ فلک آراء نہیں دکھائی دے رہی ہیں، تو کیا اس دن بھی وہ تمھارے گھر تھی؟''
میں نے سر جھکا لیا۔

''تم نے مجھے مار ڈالا'' داروغہ نے کہا، ''مجھے کچھ پتا نہیں، میں نے کہہ دیا ابھی تو یہیں اڑتی پھر رہی تھی۔ واہ بھائی تم تو ہماری بھی نوکری لے گئے تھے۔ اب کل جو اس نے صاحبوں کے سامنے آؤ جاؤ بکنا شروع کیا تو حضرت پر سب کچھ روشن ہو گیا۔ اف اف اس کی کل کی لن ترانیاں سن کر حضرت نے جو بات کہی —— وہی میں کہوں کہ یہ کیا زبان مبارک سے ارشاد ہو رہا ہے۔''

''کیا؟'' میں اٹھ کر بیٹھ گیا، ''حضرت نے کیا فرمایا؟''

''فرمایا تو بس اتنا کہ داروغہ صاحب ہمارے جانورں کو باہر نہ بھیجا کیجیے،'' داروغہ نے بتایا اور ٹھنڈی سانس بھری ''داروغہ صاحب! آج تک حضرت نے نبی بخش کے سوا داروغہ نہیں کہا تھا، نہ داروغہ صاحب۔ اتنے دن کے نمک خواری کے بعد تمھارے سبب یہ بھی سننا پڑا۔ ابھی تک کان کڑوے ہو رہے ہیں۔''

''داروغہ صاحب،'' میں نے لجاجت کے ساتھ کہا، ''اب تو قصور ہوا، جو سزا چاہیے......''

''اچھا خیر،'' انھوں نے ہاتھ اٹھا کر مجھے چپ کردایا ''تو حضرت تو رزیڈنسی کے صاحبوں کو لیے ہوئے سدھار گئے۔ یہاں طاؤس چمن میں غدر مچ گیا۔ حضور عالم ایک ایک کو پھاڑ کھاتے ہیں ادھر میر داؤد صاحب گردن اچھل رہے ہیں کہ دشمنوں نے ان کی میناؤں کو ہشکانے کے لیے باہر کا جانور لا کے قفس میں چھوڑ دیا۔ میں کہہ رہا ہوں۔ باہر کا جانور نہیں، حضرت کی پہچانی ہوئی مینا ہے۔ حضور عالم سامنے کھڑے ہوئے ہیں، میر صاحب نے ان کا بھی لحاظ نہیں کیا، لگے چلانے کہ میں نے اسے نہیں پڑھایا ہے۔ میں نے اسے نہیں پڑھایا ہے۔ اوپر سے حضور عالم نے اور یہ کہہ کے ان کے مرچیں لگا دیں کہ میر صاحب، وہ تو ظاہر ہے کہ تم نے اسے نہیں پڑھایا ہے، کس واسطے کہ یہ تمھاری میناؤں سے اچھا بولتی ہے۔ اب تو میر صاحب۔ کیا بتاؤں قفس سے سر تو وہیں ٹکرا دیا، پیادوں کے ہاتھ گھر کو روانہ کیے گئے تو گومتی میں پھاندے پڑتے تھے۔ جو کنواں راستے میں آیا...... درشن سنگھ کی باؤلی میں تو سمجھو کود ہی گئے تھے۔''

मैं कुछ देर हिचकिचाता रहा आख़िर बोला:

"मेरे घर पर।"

दारोग़ा हक्का बक्का रह गए।

"क्या कह रहे हो?"

"तब मैंने उन्हें अव्वल से आख़िर पूरा क़िस्सा सुना दिया।" दारोग़ा सन्नाटे में आ गए। देर तक मुंह से आवाज़ नहीं निकल सकी। आख़िर बोले:

"ग़ज़ब कर दिया तुमने काले खां। बादशाही परिंदे की चोरी! अच्छा, उस दिन जो हज़रत ने फ़रमाया था कि फ़लक आरा दिखाई नहीं दे रही हैं तो क्या उस दिन भी वह तुम्हारे घर थी?"

मैं ने सर झुका लिया।

"तुमने मुझे मार डाला," दारोग़ा ने कहा, "मुझे कुछ पता नहीं, मैंने कह दिया अभी तो यहीं उड़ती फिर रही थी। वाह भाई, तुम तो हमारी भी नौकरी ले गए थे। अब कल जो उसने साहिबों के सामने आओ जाओ बकना शुरू किया तो हज़रत पर सब कुछ रौशन हो गया। उफ़, उफ़, उस की कल की लन तरानियां सुन कर हज़रत ने जो बात कही......वही मैं कहूं कि यह क्या ज़ुबाने मुबारक से इरशाद हो रहा है।"

"क्या?" मैं उठ कर बैठ गया, "हज़रत ने क्या फरमाया?"

"फ़रमाया तो बस इतना कि, दारोग़ा साहब, हमारे जानवरों को बाहर न भेजा कीजिए।" दारोग़ा ने बताया और ठंडी सांस भरी, "दारोगा साहब! आज तक हज़रत ने, नबीबख़्श, के सिवा, दारोग़ा, नहीं कहा था, न कि दारोग़ा साहब, इतने दिन की नमक ख़ारी के बाद तुम्हारे सबब यह भी सुनना पड़ा, अभी तक कान कड़वे हो रहे हैं।"

"दारोग़ा साहब," मैंने लजाजत के साथ कहा, "अब तो क़ुसूर हुआ, जो सज़ा चाहिए......"

"अच्छा ख़ैर," उन्होंने हाथ उठा कर मुझे चुप करा दिया। तो हज़रत तो रेज़िडेंस्ती के साहबों को लिए हुए सिधार गए, यहां ताऊस चमन में ग़दर मच गया। हुज़ूरे आलम एक एक को फाड़ खाते हैं उधर मीर दाऊद साहब गर्दन उछल रहे हैं कि दुश्मनों ने उन की मैनाओं को हुशकाने के लिए बाहर का जानवर ला के

مجھے میر صاحب کی کود پھاند سے کیا لینا دینا تھا۔ میں نے کہا:

''داروغہ صاحب، یہ بتائیے۔ میرا کیا ہوا؟''

''ہونا کیا تھا،'' وہ بولے ''جہاں پناہ یہ مقدمہ حضور عالم کو سونپ کر سدھارے تھے۔ سب پر کھلا ہوا تھا کہ یہ کچھ تمھاری ہی کارستانی ہے اس علامہ چڑیا نے کوئی کسر چھوڑی تھی؟ حضور عالم نے وہیں کھڑے کھڑے تمھارا فیصلہ کر دیا تھا۔ میں نے ٹوپی اتار کے ان کے پیروں میں ڈال دی۔ خیر وہ کسی طرح ٹھنڈے پڑے، ضمانت منظور کی، گرفتاری کا حکم واپس لیا، اب مقدمہ بنوا کے اظہار لیں گے۔ دیکھو کیا فیصلہ کرتے ہیں۔ جرمانہ تو ہوا ہی سمجھو اوپر سے......''

''داروغہ صاحب'' میں گھبرا کر بولا۔ ''یہاں پھوٹی کوڑی نہیں ہے۔ جرمانہ کہاں سے بھروں گا۔''

''اے بھائی، کیوں پریشان ہوتے ہو'' داروغہ نے کہا، ''آخر ہم کس دن کے لیے ہیں۔؟ لیکن بات جرمانے ہی پر ٹل جائے تب نا؟ حضور عالم کھسیائے ہوئے ہیں، صاحبوں کے آگے کرکری ہوئی ہے۔ کیا پتا بند ہی کرادیں، یا گنگا پار اتروادیں۔''

قید خانے سے زیادہ مجھے گنگا پار ہونے کے خیال سے وحشت ہوئی۔ ساری عمر لکھنؤ میں گزری تھی۔ باہر کہیں جاتا تو پاگل ہو جاتا، میں نے کہا:

''داروغہ صاحب، اس سے تو اچھا ہے کہ حضور عالم مجھے توپ دم کرادیں، خدا کے واسطے کوئی ترکیب نکالیئے۔'' پھر مجھے ایک خیال آیا ''کیوں داروغہ صاحب، بادشاہ کو عرضی لکھوں، شاید معافی مل جائے۔''

عرضیاں بادشاہ کو پہنچتی کہاں ہیں، میرے بھائی، داروغہ ٹھنڈی سانس لے کر بولے، ''ایکوں ایک کاغذ پہلے حضور عالم کے ملاحظے سے گذرتا ہے۔ اب وہ جس پر چاہیں آپ حکم صادر کریں جسے چاہیں حضرت کی خدمت میں پیش کریں۔''

داروغہ اٹھ کھڑے ہوئے۔ چلتے چلتے ذرا رکے اور بولے:

''مگر یہ ضرور ہے کالے خاں، عرضی کی تمھیں سوجھی اچھی ہے۔''

''داروغہ صاحب، لیکن خدا را یہاں سے نکلوایئے۔'' میں نے کہا، ''نہیں تو دواؤں

क़फ़स में छोड़ दिया। मैं कह रहा हूं बाहर का जानवर नहीं, हज़रत की पहचानी हुई मैना है। हुज़ूरे आलम सामने खड़े हुए हैं, मीर साहब ने उनका भी लिहाज़ नहीं किया, लगे चिल्लाने कि मैंने उसे नहीं पढ़ाया है, मैंने उसे नहीं पढ़ाया है,। ऊपर से हुज़ूरे आलम ने और यह कह के उनके मिर्चें लगा दीं कि मीर साहब, वह तो ज़ाहिर हैं कि तुम ने उसे नहीं पढ़ाया है, किस वास्ते कि यह तुम्हारी मैनाओं से अच्छा बोलती है। अब तो मीर साहब। क्या बताऊं, क़फ़स से सर तो वहीं टकरा दिया, पियादों के हाथ घर को रवाना किये गए तो गोमती में फांदे पड़ते थे। जो कुआं रास्ते में आया……दर्शन सिंह की बाउली में तो समझो कूद ही गए थे।"

मुझे मीर साहब की कूद फांद से क्या लेना देना था। मैं ने कहा:

"दारोग़ा साहब, यह बताइये, मेरा क्या हुआ ?"

"होना क्या था," वह बोले, "जहां पनांह यह मुक़द्दमा हुज़ूरे आलम को सौंप कर सिधारे थे। सब पर खुला हुआ था कि यह कुछ तुम्हारी ही कारस्तानी है उस अल्लामा चिड़िया ने कोई कसर छोड़ी थी ? हुज़ूरे आलम ने वहीं खड़े खड़े तुम्हारा फ़ैसला कर दिया था। मैंने टोपी उतार के उनके पैरों में डाल दी। ख़ैर, वह किसी तरह ठंडे पड़े, ज़मानत मंज़ूर की, गिरफ़्तारी का हुक्म वापस लिया, अब मुक़द्दमा बनवा कर इज़हार लेंगे। देखो क्या फ़ैसला करते हैं, जुर्माना तो हुआ ही समझो ऊपर से है……"

"दारोग़ा साहब," मैं घबरा कर बोला, "यहां फूटी कौड़ी नहीं है जुर्माना कहां से भरूंगा ?"

"अरे भाई, क्यों परेशान होते हो," दारोग़ा ने कहा, "आख़िर हम किस दिन के लिए हैं ? लेकिन बात जुर्माने ही पर टल जाए तब न ? हुज़ूरे आलम खिसियाए हुए हैं, साहेबों के आगे किर किरी हुई है। क्या पता बंद ही करा दें, या गंगा पार उतरवा दें।"

क़ैद ख़ाने से ज़्यादा मुझे गंगा पार होने के ख़्याल से वहशत हुई, सारी उम्र लखनऊ में गुज़री थी, बाहर कहीं जाता तो पागल हो जाता, मैंने कहा:

"दारोग़ा साहब, इस से तो अच्छा है कि हुज़ूरे आलम मुझे तोप दम करा दें, ख़ुदा के वास्ते कोई तरकीब निकालिए ," फिर मुझे एक ख़्याल आया, "क्यों दारोग़ा साहब, बादशाह को अर्ज़ी लिखूं ? शायद माफ़ी मिल जाए।"

کے یہ بھبکے مار ڈالیں گے۔"

"سچ کہتے ہو۔ اچھا تو چھٹی میں ابھی دلائے دیتا ہوں۔ تم گھر جا کر ایک دو دن آرام کرلو پھر کسی اچھے منشی سے عرضی لکھوانا، آپ نہ لکھنے بیٹھ جایئے گا۔"

"میں داروغہ صاحب، جاہل آدمی، آپ لکھ کر بنتا کام بگاڑوں گا۔؟"

"اور ہم کہہ کیا رہے ہیں۔"

داروغہ صاحب اسپتال والوں سے بات کر کے ادھر کے ادھر نکل گئے اور میں کچھ دیر بعد چھٹی پا کے گھر آ گیا۔

ننھی فلک آرا کو گود میں بٹھا کر میں دیر تک بہلاتا رہا، لیکن مجھے خبر کچھ نہیں تھی کہ میں کیا کہہ رہا ہوں اور وہ کیا کہہ رہی ہے۔

(5)

دوسرے ہی دن میں منشیوں کی فکر میں نکل کھڑا ہوا۔ اس وقت لکھنؤ میں ایک سے ایک لکھنے والا پڑا تھا۔ منشی کالکا پرشاد تو میرے ہی محلے میں تھے۔ تین کو میں جانتا تھا کہ بادشاہ کی خدمت میں رسائی رکھتے ہیں، ایک مرزا رجب علی صاحب، ایک منشی ظہیرالدین صاحب، ایک منشی امیر احمد صاحب، مرزا صاحب بڑی چیز تھے۔ ایک عالم میں ان کے قلم کی دھوم تھی، ان سے کہنے کی تو میری ہمت نہ ہوئی، منشی ظہیرالدین کو پوچھتا پاچھتا ان کے گھر پہنچا تو معلوم ہوا، بلگرام گئے ہوئے ہیں۔ اب منشی امیر احمد صاحب رہ گئے۔ ان کا گھر بتانے والا کوئی نہ ملا لیکن یہ معلوم ہوا کہ وہ جمعرات کے جمعرات شاہ مینا صاحب کے مزار پر حاضری دیتے ہیں۔ اتفاق کی بات، اس دن جمعرات ہی تھی۔ وہ بھی نوچندی جمعرات، مغرب کے وقت مچھی بھون کے پہلو سے ہوتا ہوا میں شاہ مینا صاحب پہنچ گیا۔ آدمیوں کی ریل پیل تھی۔ کسی طرح مزار تک پہنچا، وہاں قوالی ہو رہی تھی۔ منشی صاحب ہی کا کلام گایا جا رہا تھا۔ وہ خود بھی وہیں تشریف رکھتے تھے۔ میں انھیں قیصر باغ میں کئی بار دیکھ چکا تھا۔ ایک کونے میں کھڑا ہو کر قوالی سننے لگا۔ رات گئے محفل برخاست ہوئی تو منشی صاحب کو لوگوں نے گھیر لیا۔ اب باتیں ہو رہی ہیں۔ خدا خدا کر کے منشی صاحب اٹھے۔

"अर्ज़ियां बादशाह को पहुंचती कहां हैं, मेरे भाई," दारोग़ा ठंडी सांस लेकर बोले, एकों एक कागज पहले हुज़ूरे आलम के मुलाहिज़े से गुज़रता है। अब जिस पर चाहें आप हुक्म सादिर[1] करें, जिसे चाहें हज़रत की ख़िदमत में पेश करें।"

दारोग़ा उठ खड़े हुए, चलते चलते ज़रा रुके और बोलेः

"मगर यह ज़रूर है काले ख़ां, अर्ज़ी की तुम्हें सूझी अच्छी है।"

"दारोगा साहब, लेकिन ख़ुदारा यहां से निकलवाइये, मैं ने कहा," नहीं तो दवाओं के यह भपके मार डालें गे।

"सच कहते हो। अच्छा तो छुट्टी मैं अभी दिलाए देता हूं। तुम घर जाकर एक दो दिन आराम कर लो फिर किसी अच्छे मुन्शी से अर्ज़ी लिखवाना, आप न लिखने बैठ जाइयेगा।"

"मैं दारोग़ा साहब, जाहिल आदमी आप लिख कर बनता काम बिगाड़ूंगा?

"और हम कह क्या रहे हैं।"

दारोग़ा साहब अस्पताल वालों से बात करके उधर के उधर निकल गए और मैं कुछ देर बाद छुट्टी पाके घर आ गया।

नन्हीं फ़लक आरा को गोद में बिठा कर मैं देर तक बहलाता रहा, लेकिन मुझे ख़बर कुछ नहीं थी कि मैं क्या कह रहा हूं और वह क्या कह रही है।

(5)

दूसरे ही दिन मैं मुन्शियों की फ़िक्र में निकल खड़ा हुआ। उस वक़्त लखनऊ में एक से एक लिखने वाला पड़ा था। मुन्शी कालका प्रसाद तो मेरे ही मुहल्ले में थे। तीन को मैं जानता था कि बादशाह की ख़िदमत में रसाई रखते हैं एक मिर्ज़ा रजब अली साहब, एक मुन्शी ज़हीरुद्दीन साहब, एक मुन्शी अमीर अहमद साहब। मिर्ज़ा साहब बड़ी चीज़ थे, एक आलम में उनके क़लम की धूम थी, उन से कहने की तो मेरी हिम्मत न हुई, मुन्शी ज़हीरुद्दीन को पूछता पाछता उनके घर पहुंचा तो मालूम हुआ बेलग्राम गए हुए हैं। अब मुन्शी अमीर अहमद साहब रह गए। उनका घर बताने वाला कोई न मिला लेकिन यह मालूम हुआ कि वह जुमेरात के जुमेरात शाह मीना साहब के मज़ार पर हाज़री देते हैं। इत्तेफ़ाक़ की बात, उस दिन जुमेरात ही थी, वह भी नौचंदी जुमेरात, मग़रिब के वक़्त मच्छी भवन के पहलू से होता हुआ मैं शाह मीना साहब पहुंच गया। आदमियों की रेल

1. आदेश देना

میں پیچھے پیچھے ہولیا۔ اب منشی صاحب تسبیح گھماتے ہوئے ایک گلی سے دوسری، دوسری سے تیسری میں مڑتے جارہے ہیں اور میں سائے کی طرح ساتھ ساتھ۔ آخر وہ ٹھٹھک کر رک گئے۔ میں نے سامنے آکر سلام کیا۔ انھوں نے جواب دے کر مجھے غور سے دیکھا۔

''آپ کے کرم کا محتاج ہوں،'' میں نے کہا:

منشی صاحب جیب میں ہاتھ ڈالنے لگے۔ میں نے ہاتھ جوڑ لیے۔

''حضور، فقیر نہیں ہوں،''

''اچھا تو پھر؟''

''فقیروں سے بھی بدتر ہوں۔ آپ چاہیں تو خانہ خرابی سے بچ جاؤں۔''

''ارے بندہ خدا، کیوں پہیلیاں بجھوا رہے ہو؟ کچھ کھل کر نہیں کہو گے؟''

میں نے وہیں کھڑے کھڑے اپنا قصہ شروع کر دیا مگر منشی صاحب نے تھوڑی ہی دیر میں مجھے روک دیا۔ ان کا مکان قریب آگیا تھا۔ وہاں لے گئے۔ میں نے کتنا کتنا کہا کہ رات بہت آگئی ہے، میں کل حاضر ہوجاؤں گا، مگر انھوں نے اسی وقت سارا حال سنا، بیچ بیچ میں کبھی افسوس کرتے کبھی حیرت، کبھی ہنس پڑتے، کبھی بادشاہ کی تعریف کرنے لگتے، میں نے پورا قصہ سنا کر اپنا مطلب عرض کیا تو وہ کچھ سوچ میں پڑ گئے، پھر بولے۔

''سنو بھائی کالے خاں، قصہ ہمارے دل کو لگ گیا۔ عرضی تو تمھاری ہم لکھ دیں گے۔ اور جی لگا کے لکھیں گے، لیکن وہ حضرت تک پہنچے تو کیوں کر پہنچے؟ یہ تمھارے بس کا کام نہیں، کوئی وسیلہ ہے تمھارے پاس؟''

''وسیلہ؟'' میں نے کہا، ''منشی صاحب، میرا تو جو کچھ وسیلہ ہیں آپ ہی ہیں۔ آپ حضرت سلطان عالم خدمت میں......''

''ہاں بھائی، گاہے گاہے حاضری تو دیتا ہوں۔ غریب پروری ہے۔ حضرت کی کہ یاد فرمالیتے ہیں۔''

''تو پھر منشی صاحب،'' میں نے کچھ خوش ہو کر، کچھ ڈرتے ڈرتے کہا، ''اگر وہ عرضی آپ ہی ......''

منشی صاحب ہنسنے لگے۔

'' دیکھو باپ دادا کا نام لینے کی ضرورت نہیں۔ میں اب تک شرافت سے آپ

हूं, आख़िर बात करने में क्या हर्ज है।''

मैं दरवाज़ा खोलकर बाहर आ गया। शामू दादा कमर पर दोनों हाथ रखे खड़ा था। उस के पास और दो छोकरे जेबों में हाथ डाले खड़े थे। वही छोकरा जो पहले भी आया था, झोले से बोतलें निकाल कर गटर में दबा रहा था। मेरे बाहर निकलते ही वह चारों मेरी तरफ़ देखने लगे। शामू एक लम्हे तक मुझे घूरता रहा। फिर छोकरे से मुख़ातिब हुआ।

''ऐ साले! संभाल कर रख, कोई बोतल फूट वूट गई तो तेरी बहन की ......ऐसी तैसी कर डालूंगा।''

मैं अपने चबूतरे के किनारे पर आकर खड़ा हो गया। वह लोग मेरी तरफ़ मुड़े, उन की आंखों में गुस्सा, नफ़रत और हिक़ारत[1] के भाव उतर आए। मैंने क़रीब पहुंचकर निहायत नर्म लहजे में शामू से कहा।

''आप ही शामू दादा हैं ?''

''हां क्यों ?'' शामू किसी कटखन्ने कुत्ते की तरह गुर्राया।

''देखिए यहां उन बोतलों को मत रखिए, हमें तकलीफ़ होगी''

''तकलीफ़ होगी तो कोई दूसरी जगह ढूंढो। इस झोंपड़ पट्टी में क्यों चले आए''

''मेरी बात समझने की कोशिश कीजिये। यह चीज़ें हमें पसन्द नहीं हैं किसी दूसरी जगह क्यों नहीं रखते इन्हें।''

''यह बोतलें यहीं रहेंगी, तुम्हें जो करना है कर लो''

उस के बाक़ी दोनों साथी मेरी तरफ़ बढ़ते हुए बोले ''यह तुम्हारे बाप की गटर है क्या ?''

उस वक़्त अन्दर ही अन्दर उबलते गुस्से की वजह से मेरी जो हालत हो रही थी वह बयान से बाहर है। जी में आ रहा था कि उन तीनों कमबख़्तों की एक सिरे से लाशें गिरा दूं। मगर मैं जानता था कि ऐसी जगहों पर अपना ज़ेहनी तवाज़ुन[2] खोने का मतलब सिवाए पिटने के और कुछ भी नहीं। मैंने लहजे को ज़रा भारी बनाते हुए कहा।

''देखो बाप दादा का नाम लेने की ज़रूरत नहीं। मैं अब तक शराफ़त से

1. घृणा 2. संतुलन

لوگوں کو سمجھا رہا ہوں"

"ارے تو، تو کیا کرلے گا ہمارا۔ تیری ماں کی ...... مادر...... سالا ...... ایک جھاپڑ میں مٹی چاٹنے لگے گا اور ہم سے ہوشیاری کرتا ہے" شامو نے دو قدم میری طرف بڑھتے ہوئے کہا۔

گالی سن کر میرے تن بدن میں آگ لگ گئی۔ میں نے انگلی اٹھا کر کہا" دیکھو شامو! اپنی حد سے آگے مت بڑھو۔ ایک تو غیر قانونی کام کرتے ہو اوپر سے سینہ زوری کرتے ہو۔"

"ارے تیرے قانون کی بھی ماں کی ......" شامو میری طرف لپکتا ہوا بولا۔ اس کے ایک ساتھی نے اسے پیچھے ہٹاتے ہوئے کہا۔"ٹھہرو دادا، اس سالے کو میں ٹھیک کرتا ہوں۔"

اس نے جیب سے ایک لمبا سا چاقو نکال لیا۔ کڑ، ڑ، ڑکڑ، ڑ، ، چاقو کھلنے کی آواز کے ساتھ ہی میرے جسم میں سر سے پیر تک چیونٹیاں رینگ گئیں۔ میری انتہائی کوشش کے باوجود حالات میرے قابو سے باہر ہو چکے تھے۔ ایک لمحے کو میں سر سے پیر تک کانپ گیا۔ اردگرد کے جھونپڑوں سے عورتیں، مرد اور بوڑھے سب نکل آئے تھے۔ سب کے سب اس جھگڑے کو بڑی دلچسپی سے دیکھ رہے تھے۔ شامو کے ساتھی کے چاقو نکالتے ہی دو تین عورتوں کے منہ سے چیخیں نکل گئیں اور ان چیخوں نے میری نس نس میں ایک کپکپاہٹ سی بھردی۔ میں زندگی میں پہلی دفعہ اس قسم کی سچویشن سے دوچار ہوا تھا۔ میرا سارا غصہ ایک خوف زدہ بچے کی طرح سہم کر میرے اندر ہی دبک گیا۔ میں اب صرف ایک گھبراہٹ بھرے پچھتاوے کے ساتھ اس غنڈے کے چمچماتے چاقو کی طرف دیکھ رہا تھا۔ میں اس وقت بھاگ کر اپنے کمرے میں چھپ سکتا تھا۔ مگر اب بھاگنا بھی اتنا آسان نہیں رہ گیا تھا۔ کیونکہ بیسیوں آنکھیں مجھے اپنی نظر کے ترازو میں تول رہی تھیں۔ بھاگنے کا مطلب تھا میں ہمیشہ ہمیشہ کے لیے ان نگاہوں میں مر جاتا۔

وہ غنڈا چاقو لیے میری طرف بڑھا اور میں بے حس وحرکت وہیں کھڑا رہا۔ میں یہ نہیں کہتا کہ اس وقت میں بہت بہادری سے کھڑا تھا۔ بلکہ اس وقت اپنے پیروں کو اس جگہ جمائے رکھنے میں مجھے جس کش مکش اور تکلیف کا سامنا کرنا پڑ رہا تھا وہ میرا ہی دل

आप लोगों को समझा रहा हूं।''

''अरे तो, तू क्या कर लेगा हमारा। तेरी मां की...... मादर......साला---एक झापड़ में मिट्टी चाटने लगेगा और हम से होशयारी करता है'' शामू ने दो क़दम मेरी तरफ़ बढ़ते हुए कहा।

गाली सुन कर मेरे तन बदन में आग लग गई। मैंने उँगली उठाकर कहा। ''देखो शामू! अपनी हद से आगे मत बढ़ो। एक तो ग़ैर क़ानूनी काम करते हो ऊपर से सीना ज़ोरी करते हो''

''अरे तेरे क़ानून की भी मां की......'' शामू मेरी तरफ़ लपकता हुआ बोला, उसके एक साथी ने उसे पीछे हटाते हुए कहा।''ठहरो दादा, इस साले को मैं ठीक करता हूं''

उस ने जेब से एक लम्बा सा चाक़ू निकाल लिया। कड़, ड़, कड़, डकड़, ड़, चाक़ू खुलने की आवाज़ के साथ ही मेरे जिस्म में सर से पैर तक चिटियां रेंग गई। मेरी इन्तहाई कोशिश के बावजूद हालात मेरे क़ाबू से बाहर हो चुके थे। एक लम्हे को मैं सर से पैर तक कांप गया। इर्द गिर्द के झोंपड़ों से औरतें, मर्द और बूढ़े सब निकल आए थे। सब के सब इस झगड़े को बड़ी दिलचस्पी से देख रहे थे। शामू के साथी के चाक़ू निकालते ही दो तीन औरतों के मुंह से चीखें निकल गईं और उन चीखों ने मेरी नस-नस में एक कपकपाहट सी भर दी। मैं जिन्दगी में पहली दफ़ा इस क़िस्म की सिचुएशन से दो चार हुआ था। मेरा सारा गुस्सा एक ख़ौफ ज़दा बच्चे की तरह सहम कर मेरे अन्दर ही दुबक गया। मैं अब सिर्फ़ एक घबराहट भरे पछतावे के साथ उस गुंडे के चमचमाते चाक़ू की तरफ़ देख रहा था। मैं उस वक़्त भाग कर अपने कमरे में छुप सकता था। मगर अब भागना भी इतना आसान नहीं रह गया था। क्यों कि बीसियों आंखें मुझे अपनी नज़र के तराज़ू में तौल रही थीं। भागने का मतलब था मैं हमेशा हमेशा के लिए उन निगाहों में मर जाता।

वह गुंडा चाक़ू लिए मेरी तरफ़ बढ़ा और मैं बेहिसो हरकत[1] वहीं खड़ा रहा। मैं यह नहीं कहता कि उस वक़्त मैं बहुत बहादुरी से खड़ा था। बल्कि उस वक़्त अपने पैरों को उस जगह जमाए रखने में मुझे जिस कशमकश और

1. बिना हिले डुले

جانتا ہے۔ میں اپنے کمرے کے چبوترے پر کھڑا تھا۔ وہ غنڈا بالکل میرے قریب پہنچ چکا تھا۔ قریب پہنچ کر وہ بھی ایک لمحے کو ٹھٹکا۔ شاید اسے بھی توقع تھی کہ میں بھاگ کر کمرے میں گھس جاؤں گا۔ مگر جب خلاف توقع اس نے مجھے اسی طرح کھڑا پایا تو بجائے مجھ پر چاقو کا وار کرنے کے بجائے میری ٹانگ پکڑ کر مجھے نیچے کھینچ لینا چاہا۔ میں ایک قدم پیچھے ہٹ گیا۔ میری ٹانگ اس کے ہاتھ نہ آسکی۔ اتنے میں پیچھے سے ایک چیخ سنائی دی اور کوئی آکر مجھ سے لپٹ گیا۔ میں نے پلٹ کر دیکھا۔ میری بیوی میری کمر پکڑے مجھے اندر کھینچنے کی کوشش کرنے لگی۔ وہ بری طرح رو رہی تھی۔

''چلیے آپ اندر چلیے۔ خدا کے لیے آپ اندر چلیے۔'' اس نے مجھے کمرے کی طرف گھسیٹتے ہوئے کہا۔ بیوی میں اتنی طاقت نہیں تھی کہ وہ مجھے اندر گھسیٹ لے جاتی۔ مگر میرا شعور بھی شاید اسی میں اپنی عافیت سمجھ رہا تھا۔ بیوی نے مجھے کمرے میں دھکیل کر دروازہ اندر سے بند کرلیا اور زور زور سے پھوٹ پھوٹ کر رونے لگی۔ ایک لمحے تک باہر سناٹا چھایا رہا۔ صرف میری بیوی کی زور زور سے رونے کی آواز سنائی دے رہی تھی۔ پھر باہر سے مغلظات کا ایک طوفان امڈ پڑا۔ وہ سب مجھے بے تحاشا گالیاں دے رہے تھے۔ پھر ایسا بھی سنائی دیا جیسے کچھ لوگ انھیں سمجھا رہے ہوں۔ مگر دو تین منٹ تک گالیوں کا سلسلہ برابر چلتا رہا۔ بیوی دونوں پیر پکڑے میرے گھٹنوں پر سر ٹکائے بری طرح رو رہی تھی۔ میں کھاٹ پر کسی بت کی طرح چپ چاپ بیٹھا رہا۔ آخر مغلظات کا طوفان رکا اور پھر ایسا لگنے لگا جیسے بھیڑ چھٹ رہی ہو۔ تھوڑی دیر بعد باہر مکمل سناٹا چھا گیا۔ صرف رہ رہ کر کسی کھولی سے کسی عورت کی کوئی تیکھی گالی اڑتی ہوئی آتی اور ایک طمانچے کی طرح کان پر لگتی۔ میں پتہ نہیں کتنی دیر تک اسی طرح چپ چاپ بیٹھا رہا۔ بیوی پتہ نہیں کب تک گود میں سر ڈالے روتی رہی۔ اس وقت ندامت غصہ اور خوف سے میری عجیب کیفیت تھی۔ ذہن گویا ہوا میں اڑا جارہا تھا اور دل تھا کہ سینے میں سنبھلتا ہی نہیں تھا۔ میری ساری کوششوں کے باوجود معاملہ کسی کانچ کے برتن کی طرح میرے ہاتھوں سے چھوٹ کر ٹکڑے ٹکڑے ہوگیا تھا اور اس کی کرچیں میرے جسم میں اس طرح گڑ گئی تھیں کہ میرا سارا وجود لہولہان ہوگیا تھا۔ میری ساری تدبیریں ناکام ہوگئیں تھیں اور اب میں بہت بلندی سے گرنے والے کسی بد

तकलीफ़ का सामना करना पड़ रहा था वह मेरा ही दिल जानता है। मैं अपने कमरे के चबूतरे पर खड़ा था। वह गुंडा बिल्कुल मेरे क़रीब पहुंच चुका था। क़रीब पहुंच कर वह भी एक लम्हे को ठिठका। शायद उसे भी तवक़्क़ो थी कि मैं भाग कर कमरे में घुस जाऊंगा। मगर जब ख़िलाफ़े तवक़्क़ो [1] उस ने मुझे इसी तरह खड़ा पाया तो बजाए मुझ पर चाक़ू का वार करने के मेरी टांग पकड़कर मुझे नीचे खींच लेना चाहा। मैं एक दम पीछे हट गया। मेरी टांग उस के हाथ न आ सकी। इतने में पीछे से एक चीख़ सुनाई दी और कोई आकर मुझ से लिपट गया। मैंने पलटकर देखा मेरी बीवी मेरी कमर पकड़े मुझे अन्दर खींचने की कोशिश करने लगी। वह बुरी तरह रो रही थी।

"चलिए आप अन्दर चलिए। ख़ुदा के लिए आप अन्दर चलिए" उसने मुझे कमरे की तरफ़ घसीटते हुए कहा। बीवी में इतनी ताक़त नहीं थी कि वह मुझे अन्दर घसीट ले जाती। मगर मेरा शऊर भी शायद इसी में अपनी आफ़ियत समझ रहा था। बीवी ने मुझे कमरे में धकेल कर दरवाज़ा अन्दर से बन्द कर लिया और ज़ोर ज़ोर से फूट-फूट कर रोने लगी। एक लम्हे तक बाहर सन्नाटा छाया रहा। सिर्फ़ मेरी बीवी की ज़ोर ज़ोर से रोने की आवाज़ सुनाई दे रही थी। फिर बाहर से मुग़ल्लेज़ात[2] का एक तूफ़ान उमंड पड़ा। वह सब मुझे बेतहाशा गालियां दे रहे थे। फिर ऐसा भी सुनाई दिया जैसे कुछ लोग उन्हें समझा रहे हों। मगर दो तीन मिनट तक गालियों का सिलसिला बराबर चलता रहा। बीवी दोनों पैर पकड़े मेरे घुटनों पर सर टिकाए बुरी तरह रो रही थी। मैं खाट पर किसी बुत की तरह चुप चाप बैठा रहा। आख़िर मुग़ल्लेज़ात का तूफ़ान रुका और फिर ऐसा लगने जैसे भीड़ छट रही हो। थोड़ी देर बाद बाहर मुकम्मल सन्नाटा छा गया। सिर्फ़ रह रह कर किसी खोली से औरत की कोई तीखी गाली उड़ती हुई आती और एक तमाचे की तरह कान पर लगती। मैं पता नहीं कितनी देर तक इसी तरह चुपचाप बैठा रहा। बीवी पता नहीं कब तक गोद में सर डाले रोती रही। उस वक़्त निदामत[3], गुस्सा और ख़ौफ से मेरी अजीब कैफ़ियत थी। ज़ेहन गोया हवा में उड़ा जा रहा था। और दिल था कि सीने में संभलता ही नहीं था। मेरी सारी कोशिशों के बावजूद मामला किसी कांच के बर्तन की तरह मेरे हाथों से छूटकर टुकड़े टुकड़े हो

1. आशा के विपरीत 2. गालियां 3. पछतावा

نصیب شخص کی طرح ہوا میں معلق ہاتھ پیر مار رہا تھا۔ کسی کگار کو چھوسکنے یا کسی ٹھوس جگہ پر پاؤں جمانے کی بے نتیجہ کوشش ...... آخر میں نے طے کر لیا کہ میں جلد ہی یہ کھولی چھوڑ دوں گا۔ مگر کھولی چھوڑنے سے پہلے اپنی توہین کا بدلا بھی لینا تھا۔ مگر میں اکیلا کیا کر سکتا تھا۔ میں بہت دیر تک اسی پیچ وتاب میں بیٹھا رہا۔ آج میں اپنی نظروں میں ذلیل ہوگیا تھا۔ رہ رہ کران غنڈوں کی گالیاں میرے کانوں میں گونج رہی تھیں اور میری بے بسی کا احساس بڑھتا جارہا تھا اور اس بے بسی کے احساس کے ساتھ ہی میرا غصہ بھی بڑھتا جارہا تھا۔ بیوی کی سسکیاں اب تھم چکی تھیں مگر اس کا سر میری گود میں اسی طرح رکھا تھا۔ میں نے آہستہ سے اس کا سر اٹھاتے ہوئے کہا۔

''اٹھو چارپائی پر لیٹ جاؤ''

بیوی اسی طرح فرش پر بیٹھی ساڑی کے پلو سے اپنی ناک سڑکنے لگی۔ میں اٹھ کر بش شرٹ پہننے لگا۔ بیوی نے میری طرف دیکھتے ہوئے پوچھا: ''کہاں جارہے ہو؟''

میں نے کہا: ''تم آرام کرو۔ میں ابھی پولیس اسٹیشن سے آتا ہوں''

''نہیں آپ کہیں نہ جایئے۔''

''گھبراؤ نہیں'' میں نے تسلی دیتے ہوئے کہا: ''میں ابھی دس منٹ میں آجاؤں گا۔''

''نہیں خدا کے لیے آپ ان لوگوں سے نہ الجھیے۔ وہ لوگ بہت بدمعاش ہیں''

''تم خواہ مخواہ گھبرا رہی ہو۔ یہ لوگ سیدھے سادے لوگوں پر اسی طرح دھونس جماتے ہیں۔ کسی کو مارنا اتنا آسان نہیں ہوتا۔ تم دیکھنا دس منٹ بعد پولیس ان سب کے ہتکڑیاں لگا کے لے جائے گی۔ کسی شریف آدمی کو اس طرح پریشان کرنا ہنسی کھیل نہیں ہے۔''

''مگر آپ اکیلے ہیں اور وہ بہت سارے ہیں۔ آپ اکیلے کتنوں سے لڑیں گے۔''

''ارے میں لڑنے کہاں جارہا ہوں۔ پولیس میں شکایت درج کراؤں گا۔ پولس خود آن کران سے سمجھ لے گی۔ ہم اس طرح ان کی بدمعاشی کو سہتے رہیں تو جینا دوبھر ہو جائے گا۔ انھیں ان کی بدمعاشی کی آخر کچھ تو سزا ملنی چاہیے۔''

بیوی کی آنکھوں سے پھر آنسو بہنے لگے۔ ''جب ہمیں یہاں رہنا ہی نہیں ہے تو پھر خواہ مخواہ ان کے منہ لگنے کی کیا ضرورت؟''

गया था और अब उस की किर्चें मेरे जिस्म में इस तरह गड़ गई थीं कि मेरा सारा वजूद लहू लोहान हो गया था। मेरी सारी तदबीरें नाकाम हो गईं थीं और अब मैं बहुत बुलन्दी से गिरने वाले किसी बदनसीब शख़्स की तरह हवा में मुअल्लक़[1] हाथ पैर मार रहा था। किसी कणार को छू सकने या किसी ठोस जगह पर पांव जमाने की बे नतीजा कोशिश...... आख़िर मैं ने तै कर लिया कि मैं जल्द ही यह खोली छोड़ दूंगा। मगर खोली छोड़ने से पहले अपनी तौहीन का बदला भी लेना था। मगर मैं अकेला क्या कर सकता था। मैं बहुत देर तक इसी पेचोताब में बैठा रहा। आज मैं अपनी नज़रों में ज़लील हो गया था। रह रह कर उन गूंडों की गालियां मेरे कानों में गूंज रही थीं और मेरी बेबसी का एहसास बढ़ता जा रहा था और उस बेबसी के एहसास के साथ ही मेरा ग़ुस्सा भी बढ़ता जा रहा था। बीवी की सिसकियां अब थम चुकी थीं। मगर उस का सर मेरी गोद में उसी तरह रखा था। मैंने आहिस्ता से उस का सर उठाते हुए कहा।

"उठो चारपाई पर लेट जाओ"

बीवी उसी तरह फ़र्श पर बैठी साड़ी के पल्लू से अपनी नाक सुड़कने लगी। मैं उठ कर बुश शर्ट पहनने लगा। बीवी ने मेरी तरफ़ देखते हुए पूछा "कहां जा रहे हो?" मैंने कहा "तुम आराम करो मैं अभी पुलिस स्टेशन से हो आता हूं"

"नहीं आप कहीं न जाइये।"

"घबराओ नहीं" मैंने तसल्ली देते हुए कहा "मैं अभी दस मिनट में आ जाऊंगा।"

"नहीं ख़ुदा के लिए आप उन लोगों से न उलझिए। वह लोग बहुत बदमाश हैं"

"तुम ख़्वाह म ख़्वाह घबरा रही हो। यह लोग सीधे सादे लोगों पर इसी तरह धौंस जमाते हैं। किसी को मारना इतना आसान नहीं होता। तुम देखना दस मिनट बाद पुलिस उन सब को हथकड़ियां लगाके ले जाएगी। किसी शरीफ़ आदमी को इस तरह परेशान करना हंसी खेल नहीं है।"

"मगर आप अकेले हैं और वह बहुत सारे हैं। आप अकेले कितनों से लड़ेंगे" "अरे मैं लड़ने कहां जारहा हूं। पुलिस में शिकायत दर्ज कराऊंगा। पुलिस

---
1. टंगा हुआ

میں نے ذرا کڑا کے لہجے میں کہا۔ ''تم اندر سے کنڈی لگا لو۔ تم ان باتوں کو نہیں سمجھتیں۔ وہ لوگ ہمارے دروازے پر آ کر ہمیں یوں ذلیل کر جائیں اور ہم پولس میں شکایت تک نہ کریں۔ اس سے بڑی بزدلی اور کیا ہو سکتی ہے۔ آج انھوں نے دروازے پر گڑبڑ کی، کل گھر میں گھس سکتے ہیں۔''

پھر لہجے کو تھوڑا نرم بناتے ہوئے کہا: '' تم سمجھ دار ہو۔ ہمت سے کام لو۔ میں ابھی لوٹ آؤں گا۔ چلو اٹھو دروازہ اندر سے بند کرو۔''

یہ کہہ کر میں باہر نکل گیا۔ بیوی مرے قدموں سے چلتی میرے پیچھے آئی۔ میں نے دروازہ بند ہونے کے ساتھ ہی اس کی ہلکی ہلکی سسکیوں کی آواز بھی سنی۔ گلی میں کافی اندھیرا تھا۔ پاس کی کھولیوں کے دروازے بند ہو چکے تھے۔ چاروں طرف ایک ناگوار قسم کا سناٹا چھایا ہوا تھا۔ میں گلی کو پار کر کے سڑک کے کنارے آ گیا۔ یہاں لیمپ پوسٹ کی ملگجی روشنی اونگھ رہی تھی۔ میں نے مڑ کر دائیں طرف نظر دوڑائی جہاں شامو کا شراب کا اڈا تھا۔ چاروں طرف ٹاٹ سے گھرے اس اڈے میں کافی روشنی ہو رہی تھی۔ باہر بنچوں پر کچھ لوگ بیٹھے پیتے دکھائی دیے۔ پاس ہی سیخ کباب والا اپنی انگیٹھی دہکائے بیٹھا تھا۔ اڈے سے رہ رہ کر ہلکے ہلکے قہقہوں اور گلاسوں کے کھنکنے کی ملی جلی آوازیں آ رہی تھیں۔ پولیس اسٹیشن جانے کا راستہ اسی طرف سے تھا۔ مگر میں اس طرف جانے کے بجائے دوسری طرف مڑ گیا اور ریل کی پٹری کراس کر کے بڑی سڑک پر نکل آیا۔ میں دل ہی دل میں پولیس اسٹیشن میں انسپکٹر کے سامنے کی جانے والی شکایت کا خاکہ ترتیب دینے لگا۔ میں زندگی میں پہلی دفعہ پولیس اسٹیشن جا رہا تھا۔ دل میں ایک طرح کی گھبراہٹ بھی تھی۔ مگر ان بدمعاشوں کو مزہ چکھانے کا جذبہ اس گھبراہٹ پر کچھ ایسا حاوی تھا کہ پیر پولیس اسٹیشن کی طرف بڑھتے ہی گئے میں نے سن رکھا تھا کہ وہاں شریف آدمیوں سے کوئی سیدھے منہ بات تک نہیں کرتا۔ میں ذہن میں ایسے جملوں کو ترتیب دینے لگا جن کے ذریعے پولیس انچارج کے سامنے اپنی بے بسی اور پریشانی کا واضح نقشہ کھینچ سکوں اور وہ فوراً متاثر ہو جائے۔ پولیس اسٹیشن کی عمارت آ گئی تھی۔ گیٹ میں داخل ہوتے وقت ایک بار پھر میرا دل زور سے دھڑکا۔

میں عمارت کی سیڑھیاں چڑھ کر ورانڈے میں پہنچا۔ پاس ہی بچھی بینچ پر ایک کانسٹیبل

खुद आकर उन से समझ लेगी। हम इस तरह उन की बदमाशी को सहते रहेंगे तो जीना दूभर हो जाएगा। उन्हें उन की बदमाश की आख़िर कुछ तो सज़ा मिलनी चाहिए।"

"बीवी की आंखों से फिर आंसू बहने लगे। जब हमें यहां रहना ही नहीं है तो फिर ख़्वाह मख़्वाह उन के मुंह लगने की क्या ज़रूरत?"

मैंने ज़रा कड़के लहजे में कहा "तुम अन्दर से कुंडी लगा लो। तुम इन बातों को नहीं समझतीं । वह लोग हमारे दरवाज़े पर आकर हमें यूं ज़लील कर जाएं। और हम पुलिस में शिकायत तक न करें। इससे बड़ी बुज़दिली और क्या हो सकती है। आज उन्होंने दरवाज़े पर गड़बड़ की, कल घर में भी घुस सकते हैं।"

फिर लहजे को थोड़ा नर्म बनाते हुए कहा। "तुम समझदार हो। हिम्मत से काम लो। मैं अभी लौट आऊंगा। चलो उठो दरवाज़ा अन्दर से बन्द करो।"

यह कह कर मैं बाहर निकल गया। बीवी मरे क़दमों से चलती मेरे पीछे आई। मैंने दरवाज़े बन्द होने के साथ ही उस की हलकी हलकी सिसकियों की आवाज़ भी सुनी। गली में काफ़ी अंधेरा था। पास की खोलियों के दरवाज़े बन्द हो चुके थे। चारों तरफ़ एक नागवार क़िस्म का सन्नाटा छाया हुआ था। मैं गली को पार करके सड़क के किनारे आ गया। यहां लैम्प पोस्ट की मलगुजी[1] रौशनी ऊंघ रही थी। मैंने मुड़कर दाऐ तरफ़ नज़र दौड़ाई जहां शामू का शराब का अड्डा था। चारों तरफ़ टाट से घिरे उस अड्डे में काफ़ी रौशनी हो रही थी। बाहर बेंचों पर कुछ लोग बैठे पीते दिखाई दिए। पास ही सीख़ कबाब वाला अपनी अंगीठी दहकाए बैठा था। अड्डे से रह रह कर हलके-हलके क़हक़हों और गिलासों के खनकने की मिली जुली आवाज़े आ रही थीं। पुलिस स्टेशन जाने का रास्ता उसी तरफ़ से था। मगर मैं उस तरफ़ जाने के बजाए दूसरी तरफ़ मुड़ गया और रेल की पटरी क्रास करके बड़ी सड़क पर निकल आया। मैं दिल ही दिल में पुलिस स्टेशन में इन्सपेक्टर के सामने की जाने वाली शिकायत का ख़ाका तरतीब देने लगा। मैं ज़िन्दगी में पहली दफ़ा पुलिस स्टेशन जा रहा था। दिल में एक तरह की घबराहट भी थी। मगर उन बदमाशों को मज़ा चखाने का जज़्बा इस घबराहट पर कुछ ऐसा

1. धुंधली

بیٹھا ہتھیلی پر تمباکو اور چونا مسلتا نظر آیا۔ اس نے اپنی ٹوپی اتار کر بینچ پر رکھ لی تھی اور اس کی گنجی کھوپڑی بلب کی روشنی میں چمک رہی تھی۔ مجھ پر نظر پڑتے ہی اس نے استفہامیہ نظروں سے میری طرف دیکھا۔ میں اس کے قریب پہنچ کر ایک وقفے کے لیے رکا۔ پھر بولا'' مجھے ایک کمپلینٹ لکھوانی ہے''

''کہاں سے آئے ہو؟'' اس نے تیوری چڑھا کر پوچھا۔

''نہرو نگر سے''

''کیا ہوا؟'' اس کی نظریں سر سے پیر تک میرا جائزہ لے رہی تھیں۔

''وہاں کچھ غنڈوں نے مجھ پر حملہ کرنا چاہا تھا۔''

''ہم'' اس نے تمباکو کو اپنے نچلے ہونٹ کے نیچے دباتے ہوئے زور سے ہنکاری بھری۔ پھر ہاتھ جھاڑتا ہوا بولا۔'' جاؤ، ادھر جاؤ'' اس نے سیدھے ہاتھ کی طرف اشارہ کرتے ہوئے کہا اور دیوار سے ٹیک لگا کر بیٹھ گیا۔ میں اس طرف مڑ گیا جدھر کانسٹیبل نے اشارہ کیا تھا۔ کچھ قدم چلنے کے بعد ایک کھلا دروازہ دکھائی دیا۔ میں دروازے میں ٹھٹک گیا اور سامنے کرسی پر بیٹھے ایک موٹے حولدار کو دیکھنے لگا۔ وہ شاید ہیڈ کانسٹیبل تھا اور گردن جھکائے ہوئے کوئی فائل الٹ پلٹ رہا تھا۔ پاس ہی ایک دوسری میز پر کوئی کلرک کچھ ٹائپ کر رہا تھا اور ایک دوسرا کانسٹیبل ایک طرف کرسی پر بیٹھا جمائیاں لے رہا تھا۔ میں نے ایک لمحے توقف کے بعد کھنکار کر کہا'' مے آئی، کم ان؟'' ہیڈ کانسٹیبل نے فائل سے گردن اٹھائی اور جماہی لینے والا کانسٹیبل چندھیائی آنکھوں سے مجھے دیکھنے لگا۔ ہیڈ کانسٹیبل نے گردن ہلا کر مجھے اندر آنے کی اجازت دی۔ میں اندر داخل ہوا اور میز کے پاس جا کھڑا ہوا۔

''کیا ہے؟'' ہیڈ کانسٹیبل نے فائل پر سے نظریں اٹھاتے ہوئے پوچھا۔

''جی ......جی...... مجھے ایک کمپلین لکھوانی ہے۔''

''کہاں رہتے ہو؟''

''نہرو نگر میں۔''

''کیا ہوا، جلدی بولو۔''اس کا لہجہ بڑا اہانت آمیز تھا۔

हावी था कि पैर पुलिस स्टेशन की तरफ़ बढ़ते ही गए। मैंने सुन रखा था कि वहां शरीफ आदमियों से कोई सीधे मुंह बात तक नहीं करता। मैं ज़ेहन में ऐसे जुमलों को तरतीब देने लगा जिन के ज़रिये पुलिस इन्चार्ज के सामने अपनी बेबसी और परेशानी का वाज़ेह नक़्शा खींच सकूं। और वह फ़ौरन मुतास्सिर हो जाए। पुलिस स्टेशन की इमारत आ गई थी। गेट में दाख़िल होते वक़्त एक बार फिर मेरा दिल ज़ोर से धड़का।

मैं इमारत की सीढ़ियां चढ़कर वराण्डे में पहुंचा। पास ही बिछी बेंच पर एक कांस्टेबल बैठा हथेली पर तम्बाकू और चूना मसलता नज़र आया। उसने अपनी टोपी उतारकर बेंच पर रख ली थी और उस की गंजी खोपड़ी बल्ब की रौशनी में चमक रही थी। मुझपर नज़र पड़ते ही उस ने इस्तफ़्हामिया[1] नज़रों से मेरी तरफ़ देखा। मैं उस के क़रीब पहुंच कर एक वक़्फे के लिए रुका, फिर बोला "मुझे एक कम्पलेंट लिखवानी है।"

"कहां से आए हो ?" उसने त्योरी चढ़ाकर पूछा।

"नेहरू नगर से"

"क्या हुआ ?" उस की नज़रें सर से पैर तक मेरा जायज़ा ले रही थीं।

"वहां कुछ गुंडों ने मुझ पर हमला करना चाहा था"

"हुम" उस ने तम्बाकू को अपने निचले होंठ के नीचे दबाते हुए ज़ोर से हुंकारी भरी। फिर हाथ झाड़ता हुआ बोला। "जाओ, उधर जाओ" उसने सीधे हाथ की तरफ़ इशारा करते हुए कहा और दीवार से टेक लगाकर बैठ गया। मैं उस तरफ़ मुड़ गया जिधर कान्सटेबल ने इशारा किया था। कुछ क़दम चलने के बाद एक खुला दरवाज़ा दिखाई दिया। मै। दरवाज़े में ठिठक गया और सामने कुर्सी पर बैठे एक मोटे हवलदार को देखने लगा। वह शायद हेड कान्सटेबल था और गर्दन झुकाए हुए कोई फ़ाइल उलट पलट रहा था। पास ही एक दूसरी मेज़ पर कोई क्लर्क कुछ टाईप कर रहा था और एक दूसरा कान्सटेबल एक तरफ़ कुर्सी पर बैठा जमाईयां ले रहा था। मैंने एक लम्हे तवक़्क़ुफ़[2] के बाद खंखार कर कहा "मे आई, कमइन ?" हेड कान्सटेबल ने फ़ाईल से गरदन उठाई और जमाई लेने वाला कान्सटेबल चुंधियाई आंखों से मुझे देखने लगा हेड कान्सटेबल ने गर्दन हिलाकर

1. प्रश्नवाचक 2. विलंब

میں نے دل میں الفاظ تولتے ہوئے کہا۔ ''جی بات یہ ہے کہ میں نہرونگر میں پانچ نمبر بلاک میں رہتا ہوں۔ وہاں شامو دادا کا شراب کا اڈا ہے۔ اس کے چھوکروں نے آج مجھ پر چاقو سے حملہ کرنا چاہا تھا۔''

''کیوں؟ تم نے اسے چھیڑا ہوگا۔'' ہیڈ کانسٹیبل نے کہا۔

میں اس ریمارک پر بوکھلا گیا۔ میں سمجھ رہا تھا شراب کے اڈے کا ذکر آتے ہی یہ لوگ ان غنڈوں کی غنڈا گردی کو سمجھ جائیں گے۔ کیونکہ شامو ناجائز شراب کا کاروبار کرتا تھا۔ مگر اب حولدار کے تیور دیکھ کر میرا دل ڈوبنے لگا۔ میں نے مسمسی صورت بنا کر کہا۔ ''جی میں نے کچھ نہیں کیا۔''

''پھر کیا اس کا دماغ خراب ہوگیا تھا کہ جو خواہ مخواہ تم سے جھگڑا کرنے آگیا۔'' اس کے درشت لہجے نے میرے رہے سہے حواس بھی غائب کردیے تھے۔ پھر بھی میں نے سنبھلتے ہوئے کہا:

''جی بات یہ تھی کہ وہ ہمارے گھر کے سامنے والی نالی میں شراب کی بوتلیں چھپا رہا تھا۔ میں نے منع کیا بس اسی پر بگڑ گیا۔''

''ہم، یہ بات ہے۔ یہ بتاؤ تم نے منع کیوں کیا؟''

''جی!۔'' میں حیرت سے اس کی طرف دیکھنے لگا۔'' صاحب وہ میرے گھر کے سامنے شراب چھپا رہا تھا۔ میں ایک شریف آدمی ہوں۔ کیا مجھے اس پر اعتراض کرنے کا حق بھی نہیں۔''

ہیڈ کانسٹیبل نے ایک بار مجھے گھور کر دیکھا اور بولا: ''ارے شراب کی بوتلیں نالی میں چھپا رہا تھا نا، تمھارا کیا بگڑتا تھا اس سے۔''

مجھے اب سچ مچ غصہ آگیا تھا۔ میں نے دل ہی دل میں اس موٹے حولدار کو ایک موٹی سی گالی دی مگر بہ ظاہر اپنے لہجے کو حتی الامکان نرم بناتے ہوئے کہا۔'' مگر حولدار صاحب (حرامی صاحب) وہ غنڈا آدمی ہے۔ اگر میں اس وقت اعتراض نہ کرتا تو وہ کل میرے گھر میں گھس سکتا تھا اور پھر اس کا دھندا بھی تو قانوناً ناجائز ہے۔''

''بس بس ہم کو معلوم ہے۔ یہاں قانون مت بگھارو۔ ادھر جاؤ پہلے صاحب سے

मुझे अन्दर आने की इजाज़त दी। मैं अन्दर दाख़िल हुआ और मेज़ के पास जा खड़ा हुआ।

"क्या है?" हेड कान्सटेबल ने फ़ाइल पर से नज़रें उठाते हुए पूछा।

"जी......जी......मुझे एक कंप्लेंट लिखवानी है।"

"कहां रहते हो?"

"नेहरू नगर"

"क्या हुआ, जल्दी बोलो" उसका लहजा बड़ा अहानत आमेज़ था।

मैंने दिल में अलफ़ाज़ तौलते हुए कहा। "जी बात यह है कि मैं नहरू नगर में पांच नंबर ब्लॉक में रहता हूं। वहां शामू दादा का शराब का अड्डा है। उस के छोकरों ने आज मुझ पर चाकू से हमला करना चाहा था।"

"क्यों? तुम ने उसे छेड़ा होगा" हेड कान्सटेबल ने कहा।

मैं इस रिमार्क पर बौखला गया। मैं समझ रहा था शराब के अड्डे का ज़िक्र आते ही यह लोग उन गुंडों की गुंडा गर्दी को समझ जाऐंगे। क्यों कि शामू नाजायज़ शराब का कारोबार करता था। मगर अब हवलदार के तेवर देखकर मेरा दिल डूबने लगा। मैंने मिसमिसी सूरत बनाकर कहा। "जी मैंने कुछ नहीं किया।"

फिर क्या उस का दिमाग़ ख़राब हो गया था जो ख़्वाह-म-ख़्वाह[1] तुम से झगड़ा करने आ गया उस के दुरुश्त[2] लहजे ने मेरे रहे सहे हवास[3] भी ग़ायब कर दिए थे। फिर भी मैंने संभलते हुए कहा।

"जी बात यह थी कि वह हमारे घर के सामने वाली नाली में शराब की बोतलें छुपा रहा था। मैंने मना किया। बस इसी पर बिगड़ गया।"

"हुम, यह बात है। यह बताओ तुम ने मना क्यों किया।?"

"जी!" मैं हैरत से उसकी तरफ़ देखने लगा। "साहब वह मेरे घर के सामने शराब छुपा रहा था। मैं एक शरीफ आदमी हूं। क्या मुझे उस पर एतराज़ करने का हक़ भी नहीं।"

हेड कान्सटेबल ने एक बार मुझे घूरकर देखा और बोला। "अरे शराब की बोतलें नाली में छुपा रहा था ना, तुम्हारा क्या बिगड़ता था उससे।"

1. यूं ही 2. कठोर 3. होश

شکایت کرو۔ وہ کہے گا تو ہم کمپلین لکھ لے گا۔'' اس نے بائیں طرف ایک کیبن کے بند دروازے کے طرف اشارہ کرتے ہوئے کہا۔ پھر وہ کرسی میں پڑے جماہی لیتے سپاہی سے مخاطب ہوا۔ ''بھالے راؤ اس آدمی کو صاحب کے پاس لے جاؤ۔''

بھالے راؤ نے ایک بار پھر منہ پھاڑ کر جماہی لی اور کچھ بڑبڑاتا ہوا ناگواری سے بولا: ''چلو!''

وہ کرسی سے اٹھا اور لڑکھڑاتے قدموں سے چلتا ہوا کیبن کی چق ہٹا کر اندر چلا گیا۔ پھر چند سکنڈ بعد ہی باہر نکلا اور میری طرف دیکھے بغیر بولا۔'' جاؤ'' اور خود دوبارہ اسی کرسی کی طرف مڑ گیا جہاں پہلے بیٹھا جماہیاں لے رہا تھا۔ میں چق ہٹا کر اندر داخل ہوا۔ سامنے ایک سخت چہرے اور بڑی بڑی مونچھوں والا شخص مجھے گھور رہا تھا۔ میں نے تھوک نگلتے ہوئے دونوں ہاتھ جوڑ کر اسے نمسکار کیا اور اس کے سامنے جا کھڑا ہوا (میرے دونوں ہاتھ نمسکار کی شکل میں اب بھی جڑے ہوئے تھے) سامنے دو خالی کرسیاں پڑی تھیں۔ مگر میں اس قدر نروس ہو گیا تھا کہ کرسی پر بیٹھنے کے بجائے، میز کے کونے سے لگ کر کھڑا ہو گیا۔

''کیا بات ہے؟'' اس سخت چہرے والے پولیس انسپکٹر نے (ہاں وہ صورت سے پولیس انسپکٹر ہی لگتا تھا) اپنی موٹی آواز میں پوچھا۔

میں نے پھر اپنے خشک ہوتے گلے پر ہاتھ پھیرتے ہوئے کہا'' صاحب میں ایک کمپلین لکھوانے آیا ہوں۔''

''کہاں رہتے ہو؟'' اس نے بھی مجھے سر سے پاؤں تک گھورتے ہوئے پوچھا۔

''نہرو نگر میں'' میں نے انتہائی نرم اور ملتجی آواز میں جواب دیا۔

''بیٹھو'' اس نے کرسی کی طرف اشارہ کیا۔

میں ایک کرسی پر بیٹھ گیا اور شام کے جھگڑے کی تفصیلات سنانے لگا۔ میری گفتگو کے دوران وہ سگریٹ سلگا کر ہلکے ہلکے کش لیتا رہا۔ وہ میری باتیں اتنی بے دلی سے سن رہا تھا جیسے کوئی گھسا پٹا ریکارڈ سن رہا ہو۔ بس وہ سننے کے لیے سن رہا تھا۔ جب میں چپ ہوا تو ایک لمحے کو اس کی تیز نگاہیں میرے چہرے پر جمی رہیں۔ پھر اس کی آواز میرے کانوں سے ٹکرائی۔

मुझे अब सचमुच गुस्सा आ गया था। मैंने दिल ही दिल में उस मोटे हवलदार को एक मोटी सी गाली दी मगर बज़ाहिर अपने लहजे को हत्तल-इमकान[1] नर्म बनाते हुए कहा। मगर हवलदार साहब (हरामी साहब) वह गुंडा आदमी है अगर मैं उस वक़्त एतराज़ न करता तो वह कल मेरे घर में घुस सकता था और फिर उस का धंधा भी तो क़ानूनन नाजायज़ है।''

''बस बस हम को मालूम है। यहां क़ानून मत बघारो। उधर जाओ पहले साहब से शिकायत करो। वह कहेगा तो हम कंप्लेन लिख लेगा।'' उस ने बाएं तरफ़ एक केबिन के बन्द दरवाज़े की तरफ़ इशारा करते हुए कहा। फिर वह कुर्सी में पड़े जमाही लेते सिपाही से मुख़ातिब हुआ। भाले राव इस आदमी को साहब के पास ले आजो।''

भाले राव ने एक बार फिर मुंह फाड़कर जमाही ली और कुछ बड़बड़ाता हुआ नागवारी से बोला ''चलो!''

वह कुर्सी से उठा और लड़खड़ाते क़दमों से चलता हुआ केबिन की चिक़ हटाकर अन्दर चला गया। फिर चन्द सैकेंड बाद ही बाहर निकला और मेरी तरफ़ देखे बग़ैर बोला ''जाओ'' और ख़ुद दोबारा उसी कुर्सी की तरफ़ मुड़ गया जहां पहले बैठा जमाइयां ले रहा था। मैं चिक़ हटाकर अन्दर दाख़िल हुआ। सामने एक सख़्त चेहरे और बड़ी बड़ी मूछों वाला शख़्स मुझे घूर रहा था। मैंने थूक निगलते हुए दोनों हाथ जोड़कर उसे नमस्कार किया और उसके सामने जा खड़ा हुआ। (मेरे दोनों हाथ नमस्कार की शकल में अब भी जुड़े हुए थे।)सामने दो खाली कुर्सियां पड़ी थीं मगर मैं इस क़द्र नरवस हो गया था कि कुर्सी पर बैठने के बजाए, मेज़ के कोने से लग कर खड़ा हो गया।

''क्या बात है?'' उस सख़्त चेहरे वाले पुलिस इन्सपैक्टर ने (हां वह सूरत से पुलिस इन्सपैक्टर ही लगता था।) अपनी मोटी आवाज़ में पूछा।

मैंने फिर अपने ख़ुश्क होते गले पर हाथ फेरते हुए कहा। ''साहब मैं एक कंप्लेन्ट लिखवाने आया हूं।

''कहां रहते हो?'' उसने भी मुझे सर से पांव तक घूरते हुए पूछा।

''नेहरू नगर में'' मैंने इन्तहाई नर्म और मुल्तजी[2] आवाज़ में जवाब

1. यथासम्भव 2. प्रार्थना करने वाली

''اچھا تو اب تم کیا چاہتے ہو؟''

''جی!'' میں اس کے سوال کا مطلب نہیں سمجھ سکا تھا۔ اس لیے صرف جی کر کے رہ گیا۔ انسپکٹر نے شاید میرے لہجے میں چھپے استعجاب کو بھانپ لیا تھا۔ اس نے فوراً دوسرا سوال کیا۔

''کیا کام کرتے ہو؟''

''جی صاحب میں 'سی' وارڈ میں کلرک ہوں۔''

''گھر میں کون کون ہے؟۔''

''جی میں اور میری بیوی۔''

''شاید نئے آئے ہو؟''

''جی ہاں، چھ سات مہینے ہوئے ہیں''

''اچھا دیکھو واقعی تمھارے ساتھ زیادتی ہوئی ہے اور مجھے اس کا بڑا افسوس ہے مگر......''

انسپکٹر کے ان جملوں سے میری ڈھارس بندھی اور میرا حوصلہ بھی بڑھا۔ میں نے درمیان میں جلدی سے کہا۔ ''سر! اگر آپ چاہیں تو......''

انسپکٹر کو شاید میرا اس طرح درمیان میں ٹوکنا برا لگا۔ اس نے قدرے سخت لہجے میں کہا:

''پہلے ہماری بات تو سنو!''

''جی سر!'' میں سہم کر ایک دم سے چپ ہو گیا۔

''دیکھو! ہم ابھی تمھارے ساتھ دو چار سپاہی روانہ کر سکتے ہیں اور ساتھ ہی اس کے آدمیوں کی مشکیں کسوا کر یہاں بلا سکتے ہیں۔ مگر سوچو اس سے کیا ہوگا۔ وہ دوسرے ہی دن ضمانت پر چھوٹ جائے گا اور پھر تمھیں وہیں رہنا ہے اور وہ ہے غنڈا آدمی چھوٹنے کے بعد وہ انتقاماً کچھ بھی کر سکتا ہے۔ کیا تم میں اتنی طاقت ہے کہ اس سے ٹکرا سکو؟''

''مگر سر! قانون......''

اس نے ہاتھ اٹھا کر مجھے چپ کرا دیا اور سگریٹ کی راکھ ایش ٹرے میں جھاڑتا ہوا بولا:

''قانون کی بات مت کرو۔ قانون ہم کو بھی معلوم ہے۔ پولیس تمھاری کمپلین پر ایکشن لے سکتی ہے۔ مگر چوبیس گھنٹے تمھاری حفاظت کی گارنٹی نہیں دے سکتی۔''

दिया। "बैठो" उस ने कुर्सी की तरफ़ इशारा किया।

मैं एक कुर्सी पर बैठ गया और शाम के झगड़े की तफ़सीलात सुनाने लगा। मेरी गुफ़्तगू के दौरान वह सिगरेट सुलगाकर हलके-हलके कश लेता रहा मेरी बातें इतनी बे दिली से सुन रहा था जैसे कोई घिसा पिटा रिकार्ड सुन रहा हो। बस वह सुनने के लिए सुन रहा था। जब मैं चुप हुआ तो एक लमहे को उसकी तेज़ निगाहें मेरे चेहरे पर जमी रहीं। फिर उस की आवाज़ मेरे कानों से टकराई।

"अच्छा तो अब तुम क्या चाहते हो?"

"जी!" मैं उस के सवाल का मतलब नहीं समझ सका था। इसलिए सिर्फ़ जी करके रह गया। इन्सपैक्टर ने शायद मेरे लहजे में छुपे इस्तेजाब[1] को भांप लिया था। उसने फौरन दूसरा सवाल किया।

"क्या काम करते हो?"

"जी साहब मैं 'सी' वार्ड में कलर्क हूं"

"घर में कौन कौन है?"

"जी, मैं और मेरी बीवी"

"शायद नए आए हो?"

"जी हां, छः सात महीने हुए"

"अच्छा देखो वाक़ई तुम्हारे साथ ज़्यादती हुई है और मुझे इस का बड़ा अफ़सोस है मगर............"

इन्सपैक्टर के उन जुमलों से मेरी ढाढ़स बंधी और मेरा हौसला भी बढ़ा। मैंने दरमियान में जल्दी से कहा। "सर! अगर आप चाहें तो......"

इन्सपैक्टर को शायद मेरा इस तरह दरमियान में टोकना बुरा लगा। उसने क़दरे सख़्त लहजे में कहा।

"पहले हमारी बात तो सुनो!"

"जी सर!" मैं सहम कर एकदम से चुप हो गया।

"देखो! हम अभी तुम्हारे साथ दो चार सिपाही रवाना कर सकते हैं और साथ ही उस के आदमियों की मशकें कसवा कर यहां बुलवा सकते हैं। मगर सोचो उस से क्या होगा। वह दूसरे ही दिन ज़मानत पर छूट जाएगा और फिर तुम्हें

1. आश्चर्य

میں گردن جھکائے چپ چاپ بیٹھا رہا۔ انسپکٹر نے دوسری سگریٹ سلگاتے ہوئے کہا:

"دیکھو! تم سیدھے سادے آدمی معلوم ہوتے ہو۔ ہوسکے تو وہ جگہ چھوڑ دو، اور اگر وہیں رہنا چاہتے ہو تو پھر ان غنڈوں سے مل کر رہو۔"

"مگر سر! وہ ناجائز شراب کا دھندا کرتا ہے کیا پولیس اس کا دھندا بند نہیں کرا سکتی؟"

(مجھے فوراً احساس ہوا کہ مجھے یہ سوال نہیں پوچھنا چاہیئے تھا) ایک پل کے لیے انسپکٹر کی آنکھوں میں غصہ اتر آیا۔ اس نے مجھے گھور کر دیکھا۔ پھر گمبھیر آواز میں بولا: "پولیس خوب جانتی ہے کہ اسے کیا کرنا چاہیے اور کیا نہیں۔ شامو کا دھندا بند ہونے سے سارے کالے دھندے بند ہو جائیں گے، ایسا نہیں ہے۔"

جی میں آیا کہہ دوں۔ کالے دھندے تو بند نہیں ہوں گے۔ مگر شامو سے ملنے والا ہفتہ ضرور بند ہو جائے گا اور تم یہی نہیں چاہتے۔ مگر ایسا کچھ کہنا اپنے آپ کو اندھے کنویں میں گرانے جیسا ہی تھا۔ کیونکہ اگر یہ سامنے بیٹھا ہوا انسپکٹر ناراض ہو جائے تو الٹا مجھے اندر کرسکتا ہے۔ میں نے کتنی ہی دفعہ شامو کے اڈے پر پولیس والوں کو کوکا کولا پیتے اور سیخ کباب اڑاتے دیکھا تھا۔ ایک دو دفعہ تو وہ باہر بیٹھا ہوا ہیڈ کانسٹیبل بھی دکھائی دیا تھا۔ یہ میری ہی بھول تھی کہ میں یہاں دوڑا چلا آیا تھا۔ مجھے سچ مچ یہاں نہیں آنا چاہیے تھا۔ ان حرام خوروں سے منصفی کی توقع رکھنا، کنجوس سے سخاوت کی امید رکھنے جیسا ہی تھا۔ مجھے یوں گم سم بیٹھا دیکھ کر انسپکٹر نے سگریٹ کو ایش ٹرے میں رگڑتے ہوئے کہا۔

"دیکھو! اب بھی تم کمپلین لکھوانا چاہتے ہو تو باہر جا کر کمپلین لکھوا دینا۔ ایک کانسٹیبل تمھارے ساتھ جائے گا اور شامو کو یہاں بلا لائے گا۔ اب تم جاسکتے ہو" اتنا کہہ کر اس نے میز پر رکھی گھنٹی بجائی۔ جھٹ ایک حولدار اندر داخل ہوا۔ انسپکٹر نے رعب دار آواز میں کہا۔

"دیکھو یہ کوئی کمپلین لاج کرنا چاہتے ہیں۔ پانڈے سے کہو ان کی کمپلین لکھ لے اور بھالے راؤ کو ان کے ساتھ بھیج دے۔"

"یس ......سر......!" حولدار نے سر جھکا کر کہا۔ پھر میری طرف مڑ کر بولا۔ "چلو"

میں حولدار کے پیچھے باہر نکل آیا۔ حولدار نے اسی موٹے کانسٹیبل کو مخاطب کرتے

वहीं रहना है और वह है गुंडा आदमी। छूटने के बाद वह इन्तेक़ामन[1] कुछ भी कर सकता है। क्या तुम में इतनी ताक़त है कि उससे टकरा सको?"

"मगर सर! क़ानून......"

उसने हाथ उठाकर मुझे चुप करा दिया और सिगरेट की राख ऐशट्रे में झाड़ता हुआ बोला।

"क़ानून की बात मत करो। क़ानून हमको भी मालूम है। पुलिस तुम्हारी कंप्लेन पर एक्शन ले सकती है। मगर चौबीस घन्टे तुम्हारी हिफ़ाज़त की गारन्टी नहीं दे सकती।" मैं गर्दन झुकाए चुपचाप बैठा रहा। इन्सपैक्टर ने दूसरी सिगरेट सुलगाते हुए कहा।

--देखो! तुम सीधे सादे आदमी मालूम होते हो। हो सके तो वह जगह छोड़ दो, और अगर वहीं रहना चाहते हो तो फिर उन गुंडों से मिल कर रहो।"

"मगर सर! वह नाजायज़ शराब का धंधा करता है क्या पुलिस उस का धंधा बन्द नहीं करा सकती?" (मुझे फ़ौरन एहसास हुआ कि मुझे यह सवाल नहीं पूछना चाहिए था।) एक पल के लिए इन्सपैक्टर की आंखों में गुस्सा उतर आया। उसने मुझे घूर कर देखा फिर गंभीर आवाज़ में बोला। "पुलिस ख़ूब जानती है कि उसें क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। शामू का धंधा बन्द होने से सारे काले धंधे बन्द हो जाऐंगे, ऐसा नहीं है।"

जी में आया कह दूँ- काले धंधे तो बंद नहीं होगें। मगर शामू से मिलने वाला हफ़्ता जरूर बंद हो जायेगा और तुम यही नहीं चाहते। मगर ऐसा कुछ कहना अपने आप को अंधे कुएं में गिराने जैसा ही था। क्योंकि अगर यह सामने बैठा हुआ इन्सपैक्टर नाराज़ हो जाये तो उलटा मुझे अन्दर करा सकता है। मैंने कितनी ही दफ़ा शामू के अड्डे पर पुलिस वालों को कोका कोला पीते और सीख़ कबाब उड़ाते देखा था। एक दो दफ़ा वह बाहर बैठा हुआ हेड कांसटेबल भी दिखाई दिया था। यह मेरी ही भूल थी कि मैं यहां दौड़ा चला आया था। मुझे सचमुच यहां नहीं आना चाहिए था। इन हरामख़ोरो से मुंसिफ़ी[2] की तवक्क़ो[3] रखना, कंजूस से सख़ावत[4] की उम्मीद रखने जैसा ही था। मुझे यूं गुम सुम बैठा देख कर इन्सपेक्टर ने सिगरेट को ऐश में रगड़ते हुए कहा।

---

1. बदले में 2. न्याय 3. आशा 4. दान शीलता

ہوئے کہا:

"پانڈے صاحب! بڑے صاحب نے اس آدمی کی کمپلین لاج کرنے کو کہا ہے۔"

پانڈے نے خشونت آمیز نظروں سے میری طرف دیکھا۔ چڑچڑاہٹ اور بیزاری اس کے چہرے سے صاف پڑھی جا سکتی تھی۔ اک لمحے کو اس کی اور میری نظریں ملیں۔ میں نے دھیرے سے کہا:

"نہیں مجھے کوئی کمپلین نہیں لکھوانی ہے۔"

اتنا کہہ کر میں تیزی سے دروازے کے باہر نکل گیا۔ اپنے پیچھے میں نے پانڈے کی آواز سنی جو شاید بھالے راؤ سے کہہ رہا تھا۔

"ذرا ان کا حلیہ تو دیکھو۔ دم تو کچھ بھی نہیں اور چلے ہیں دادا لوگوں سے ٹکر لینے۔"

میں تیز تیز قدم اٹھاتا ہوا پولیس اسٹیشن کے باہر نکل آیا۔ کلائی کی گھڑی دیکھی، دس بج رہے تھے۔ دکانیں قریب قریب بند ہو چکی تھیں۔ صرف، نیو اسٹار، ہوٹل کھلا تھا اور پان والے کی دکان پر کچھ لوگ کھڑے نظر آ رہے تھے۔ میں نے جیب سے دس پیسے کا ایک سکہ نکالا اور پان والے سے ایک پنا ما سگریٹ خرید کر پاس ہی جلتے ہوئے چراغ سے اسے سلگایا۔

میرے قدم پھر اپنے محلے کی طرف اٹھ گئے۔ میں اس وقت بالکل خالی الذہن ہو گیا تھا۔ نہ مجھے شامو پر غصہ آ رہا تھا نہ پانڈے حولدار پر نہ پولیس انسپکٹر پر۔ مجھے وہ تینوں ایک جیسے ہی لگے۔ انسپکٹر کی باتوں نے مجھے جھنجھوڑ کر رکھ دیا تھا۔ مجھے لگ رہا تھا، سچائی، انصاف اور شرافت سب کتابی باتیں ہیں۔ حقیقی زندگی سے اس کا دور کا بھی واسطہ نہیں۔ اس دنیا میں شریف اور ایمان دار آدمی کو لوگ اسی طرح نفرت و حقارت کی نظر سے دیکھتے ہیں جس طرح کسی زمانے میں برہمن، شدر لوگوں کو دیکھتے تھے۔ میں ریلوے پٹری کراس کر کے پتلی سڑک پر آ گیا تھا۔ نالیوں سے اٹھنے والے بد بو کے بھبکوں نے میرا استقبال کیا۔ میں پھر اپنے محلے میں داخل ہو چکا تھا۔ سامنے شامو کے اڈے پر ویسی ہی چہل پہل تھی۔ سیخ کباب والے کی انگیٹھی برابر دہک رہی تھی اور گلاسوں کی کھنک اور پینے والوں کی بہکی بہکی گالیاں فضا میں تیرتی پھر رہی تھیں۔

میں ایک پل کے لیے ٹھٹکا۔ پھر اپنے گھر کی طرف مڑنے کے بجائے شامو کے

"देखो! अब भी तुम कम्पलेन लिखाना चाहते हो तो बाहर जा कर कम्पलेन लिखा देना। एक कान्सेटबल तुम्हारे साथ जायेगा और शामू को यहां बुला लायेगा। अब तुम जा सकते हो।" इतना कह कर उस ने मेज़ पर रखी घंटी बजायी। झट एक हवलदार अन्दर दाख़िल हुआ। इन्सपैक्टर ने रौब दार आवाज़ में कहा।

"देखो यह कोई कम्पलेन लाज करना चहाते हैं। पांडे से कहो इन की कम्पलेन लिख ले और भाले राव को इन के साथ भेज दे।"

"यस----सर----।" हवलदार ने सर झुका कर कहा फिर मेरी तरफ़ मुड़ कर बोला "चलो"

मैं हवलदार के पीछे बाहर निकल आया। हवलदार ने उसी मोटे कान्सटेबल को मुख़ातिब करते हुए कहा।

"पांडे साहब! बड़े साहब ने इस आदमी की कम्पलेन लाज करने को कहा है।"

पांडे ने ख़ुशूनत[1] आमेज़ नज़रों से मेरी तरफ़ देखा। चिड़चिड़ाहट और बेज़ारी उस के चेहरे से साफ़ पढ़ी जा सकती थी। एक लम्हे को उस की और मेरी नज़रे मिलीं मैंने धीरे से कहा।

"नहीं मुझे कोई कम्पलेन नहीं लिखवानी है।"

इतना कह कर मैं तेज़ी से दरवाज़े के बाहर निकल गया। अपने पीछे मैं ने पांडे की आवाज़ सुनी जो शायद भाले राव से कह रहा था।

"ज़रा इन का हुलिया तो देखो। दम तो कुछ भी नहीं और चले है दादा लोगों से टक्कर लेने।"

मैं तेज तेज़ क़दम उठाता हुआ पुलिस स्टेशन के बाहर निकल आया। कलाई की घड़ी देखी, दस बज रहे थे। दुकानें क़रीब क़रीब बंद हो चुकी थीं। सिर्फ़ न्यू स्टार होटल खुला था। और पान वाले की दुकान पर कुछ लोग खड़े नज़र आ रहे थे। मैं ने जेब से दस पैसे का एक सिक्का निकला और पान वाले से एक पनामा सिगरेट ख़रीद कर पास ही जलते हुए चिराग़ से उसे सुलगाया।

मेरे क़दम फिर अपने मुहल्ले की तरफ़ उठ गये। मैं इस वक़्त बिलकुल ख़ाली ज़हन हो गया था। न मुझे शामू पर गुस्सा आ रहा था। न पांडे हवलदार पर

---
1. कड़ाई

اڈے کی طرف بڑھ گیا۔ قریب پہنچ کر میں نے اڈے کا جائزہ لیا۔ ۔ پانچ دس آدمی بنچوں پر بیٹھے، سیخ کباب چکھتے، شراب کے گھونٹ لے رہے تھے۔ سوڈا واٹر کی بوتلیں اور شراب کے گلاس ان کے سامنے رکھے تھے۔ دیسی شراب کی تیز بو میرے نتھنوں سے ٹکرائی دو چھوکرے پینے والوں کو سرد کر رہے تھے۔ ان میں ایک وہی تھا، جس نے مجھ پر چاقو اٹھایا تھا۔ میں جیسے ہی روشنی میں آیا۔ اس کی نظر مجھ پر پڑی۔ ایک لمحے کے لیے وہ چونکا پھر اپنے ہاتھ میں دبی سوڈے کی بوتل دوسرے چھوکرے کے ہاتھ میں تھماتا ہوا دھیمی آواز میں کچھ بولا۔ اس چھوکرے نے بھی پلٹ کر مجھے دیکھا اور پھر لپک کر اندر کے کمرے میں چلا گیا۔ مجھ پر چاقو اٹھانے والا اپنی کمر پر دونوں ہاتھ رکھے اسی طرح کھڑا مجھے گھور رہا تھا۔ میں دھیرے دھیرے چلتا ہوا قریب کی ایک بینچ پر جا کر بیٹھ گیا۔ اتنے میں شامو لنگی اور بنیان پہنے باہر نکلا۔ اس کے ساتھ دو چھوکرے اور بھی تھے۔ شامو کے تیور اچھے نہیں تھے۔

''کون ہے رے!'' اس نے تیکھے لہجے میں مجھ پر چاقو اٹھانے والے چھوکرے سے پوچھا۔ پھر اس کے جواب دینے سے پہلے ہی اس کی نظر مجھ پر پڑ گئی اور وہ بھی ایک لمحے کے لیے ٹھٹک گیا۔ میری نظریں اس کے چہرے پر گڑی ہوئی تھیں۔ اس نے ان چھوکروں سے کچھ کہا۔ جسے میں نہیں سن سکا۔ پھر وہ دھیرے دھیرے چلتا ہوا میرے قریب آ کر کھڑا ہو گیا۔ دوسرے چھوکرے چند قدم کے فاصلے سے مجھے نیم دائرے کی شکل میں گھیرے کھڑے ہو گئے۔ شراب پینے والے دوسرے گاہک بھی اب بہکی بہکی باتیں کرنے کی بجائے ہماری طرف دیکھنے لگے تھے۔ شاید وہ بھی سمجھ گئے تھے کہ اب یہاں کچھ ہونے والا ہے میں اسی طرح بینچ پر بیٹھا شامو کی طرف دیکھ رہا تھا۔ شامو نے اپنی لنگی اوپر چڑھاتے ہوئے کڑے لہجے میں پوچھا:

''اب کیا ہے؟''

معاً اس کی اور میری نظریں ملیں۔ اس کی آنکھوں سے چنگاریاں نکل رہی تھیں۔ میں نے نہایت پرسکون لہجے میں جواب دیا۔

''پاؤ سیر موسمبی اور ایک سادا سوڈا۔''

شامو کے ہاتھ سے لنگی کے چھور چھوٹ گئے اور وہ حیرت سے میری طرف دیکھنے لگا۔

न पुलिस इन्सपैक्टर पर मुझे वह तीनों एक जैसे ही लगे। इन्सपैक्टर की बातों ने मुझे झिंझोंड़कर रख दिया था। मुझे लग रहा था। सच्चाई, इन्साफ़, और शराफ़त सब किताबी बातें है। हक़ीक़ी जिन्दगी से इन का दूर का भी वास्ता नहीं। इस दुनिया में शरीफ़ और ईमानदार आदमी को लोग इसी तरह नफ़रत व हिक़ारत की नज़र से देखते हैं। जिस तरह किसी ज़माने में ब्राह्मण, शुद्र लोगों को देखते थे। मैं रेलवे पटरी क्रास करके पतली सड़क पर आ गया था। नालियों से उठने वाले बदबू के भबकों ने मेरा इस्तेक़बाल[1] किया। मैं फिर अपने मुहल्ले में दाख़िल हो चुका था। सामने शामू के अड्डे पर वैसी ही चहल पहल थी। सीख़ कबाब वाले की अंगीठी बराबर दहक रही थी और गिलासों की ग्नक और पीने वालों की बहकी बहकी गालियां फ़िज़ा में तैरती फिर रही थीं।

मैं एक पल के लिये ठिठका। फिर अपने घर की तरफ़ मुड़ने के बजाये शामू के अड्डे की तरफ़ बढ़ गया। क़रीब पहुंच कर मैं ने अड्डे का जायज़ा लिया। पांच दस आदमी बेंचो पर बैठे सीख़ कबाब चखते, शराब के घूंट ले रहे थे। सोडा वाटर की बोतलें और शराब के गिलास उन के सामने रखे थे। देसी शराब की तेज़ बू मेरे नथुनों से टकराई। दो छोकरे पीने वालों को सर्व कर रहे थे। उनमें एक वही था, जिसने मुझपर चाक़ू उठाया था। मैं जैसे ही रौशनी में आया। उसकी नज़र मुझपर पड़ी। एक लम्हे के लिए वह चौंका फिर अपने हाथ में दबी सोडे की बोतल दूसरे छोकरे के हाथ में थमाता हुआ धीमी आवाज़ में कुछ बोला। उस छोकरे ने भी पलटकर मुझे देखा और फिर लपककर अन्दर के कमरे में चला गया। मुझ पर चाक़ू उठाने वाला अपनी कमर पर दोनों हाथ रखे उसी तरह खड़ा मुझे घूर रहा था। मैं धीरे-धीरे चलता हुआ क़रीब की एक बेंच पर जाकर बैठ गया। इतने में शामू लुंगी और बनियान पहने बाहर निकला। उसके साथ दो छोकरे और भी थे। शामू के तेवर अच्छे नहीं थे।

"कौन है रे!" उसने तीखे लहजे में मुझपर चाक़ू उठाने वाले छोकरे से पूछा। फिर उसके जवाब देने से पहले ही उसकी नज़र मुझपर पड़ गई और वह भी एक लम्हे के लिए ठिठक गया। मेरी नज़रें उसके चेहरे पर गड़ी हुई थीं। उसने उन छोकरों से कुछ कहा। जिसे मैं नहीं सुन सका। फिर वह धीरे-धीरे चलता

1. स्वागत

نیم دائرے کی شکل میں کھڑے اس کے چھوکرے بھی حیران نظروں سے ایک دوسرے کی طرف دیکھنے لگے۔ ان کے لیے میرا یہ رویہ شاید قطعی غیر متوقع تھا۔ وہ سب پتھر کی مورتیوں کی طرح بے حس و حرکت کھڑے میری طرف دیکھ رہے تھے۔ ان کی آنکھوں میں اس وقت ایک عجیب قسم کی پریشانی جھلک رہی تھی۔ چند ثانیوں کے لیے ہی کیوں نہ ہو، اس وقت وہ مجھے بہت بے بس نظر آئے اور ان کی اس بے بسی کو دیکھ کر مجھے اندر سے بڑی راحت کا احساس ہوا۔ چند سیکنڈ تک کوئی کچھ نہ بولا۔ میں نے اسی ٹھہرے ہوئے لہجے میں آگے کہا۔

''اور ایک پلیٹ بھنی ہوئی کلیجی بھی دینا۔''

हुआ मेरे क़रीब आकर खड़ा हो गया। दूसरे छोकरे चन्द क़दम के फ़ासले से मुझे नीम दायरे की शक्ल में घेरे खड़े हो गए। शराब पीने वाले दूसरे ग्राहक भी अब बहकी बहकी बातें करने के बजाये हमारी तरफ़ देखने लगे थे। शायद वह भी समझ गए थे कि अब कुछ होने वाला है। मैं उसी तरह बेंच पर बैठा शामू की तरफ़ देख रहा था। शामू ने अपनी लुंगी ऊपर चढ़ाते हुए कड़े लहजे में पूछा।

"अब क्या है ?"

मअन उसकी और मेरी नज़रें मिलीं। उसकी आंखों से चिंगारियां निकल रही थीं। मैंने निहायत पुरसुकून लहजे में जवाब दिया।

"पाव सेर मौसम्बी और एक सादा सोडा"

शामू के हाथ से लुंगी के छोर छूट गये और वह हैरत से मेरी तरफ़ देखने लगा।

नीम-दायरे[1] की शक्ल में खड़े उसके छोकरे भी हैरान नज़रों से एक दूसरे की तरफ़ देखने लगे। उन के लिए मेरा यह रवैया शायद क़तई ग़ैर मुतवक़्क़ा था। वह सब पत्थर की मूर्तियों की तरह बेहिसोहरकत खड़े मेरी तरफ़ देख रहे थे। उन की आंखों में उस वक़्त एक अजीब क़िस्म की परेशानी झलक रही थी। चन्द सानियों[2] के लिए ही क्यों न हो, उस वक़्त वह मुझे बहुत बेबस नज़र आए और उन की उस बे बसी को देखकर मुझे अन्दर से बड़ी राहत का एहसास हुआ। चन्द सेकेंड तक कोई कुछ न बोला। मैंने उसी ठहरे हुए लहजे में आगे कहा।

"और एक प्लेट भुनी हुई कलेजी भी देना"

انور خان

حق

''اپن کھالی میت کو کاندھا دینے کا پیسا نہیں لیتا، باقی ہر کام کا پیسا ہے فاروق بھائی ان کو سمجھا دو۔''

چائے پیتے ہوئے چونک کر میں نے اس کی طرف دیکھا۔ چہرے وہ کریہہ نہیں لگتا تھا۔ مسلسل پان چباتے چباتے اس کے دانت سڑ چکے تھے۔ برسہا برس کی شراب نوشی کے اثر سے چہرہ آگ بھبھوکا سا اور سوجا سوجا سا لگتا تھا۔ پھر بھی اندازہ ہوتا تھا کہ جوانی میں وہ خاصا برد بار رہا ہوگا، کپڑوں سے نفاست ظاہر تھی۔ سونے کی انگوٹھی، کلائی پر بیش قیمتی گھڑی، چہرے سے چالاکی ٹپکتی تھی۔ گفتگو کا انداز ممبئی کے سیانوں جیسا۔ ہر دو جملوں کے بعد ایک سوکھا قہقہہ۔ عمر پچاس سے کچھ اوپر ہی ہوگی۔ لیکن یہ جملہ سننے کے بعد وہ گندا سا ہوٹل ہم جس میں بیٹھے چائے پی رہے تھے، اس کا مالک، سامنے کرسی پر پیر چڑھائے قیمہ پاؤ کھاتا ادھیڑ عمر شخص، چائے کی بے رونق پیالیاں، ان پر بھنکتی مکھیاں سب انتہائی ناقابل برداشت معلوم ہوئے۔ وہاں سے بھاگ جانے کو جی چاہا لیکن پیر جمے رہے کیوں کہ میرے دوست فاروق نے مجھے یقین دلایا تھا کہ دانتوں میں خلال کرتا یہ شخص الہ دین کے جن سے کم نہیں۔ مکان کی ضرورت ہو، دکان خریدنی یا بیچنی ہو، یا پاسپورٹ بنوانا ہو۔ مصالحت کروانی ہو۔ طلاق دلوانی ہو، معاملہ سلجھانا ہو یا پھر الجھانا ہو۔ رئیس ایسے کام چٹکی بجاتے ہی کر دیتا ہے۔ سچ پوچھو تو جن بھی ایسے کام اتنی سہولت کے ساتھ نہیں کر سکتا۔

''آپ کب سے یہ کام کر رہے ہیں، رئیس بھائی'' میرے دوست نے یونہی گفتگو جاری رکھنے کے خیال سے پوچھا۔

''تم لوگ پیدا بھی نہیں ہوئے ہوگے۔'' رئیس ہنسا۔ ''اس وقت سے میں یہ کام

अनवर ख़ान

हक़

"अपन ख़ाली मय्यत को कांधा देने का पैसा नहीं लेता, बाक़ी हर काम का पैसा है फारूक़ भाई इनको समझा दो।"

चाय पीते हुए चौंक कर मैं ने उस की तरफ़ देखा। चेहरे से तो वह करीह नहीं लगता था। मुसलसल पान चबाते चबाते उस के दांत सड़ चुके थे। बरसहा बरस की शराब नोशी के असर से चेहरा आग भभूका सा और सूजा -सूजा सा लगता था। फिर भी अन्दाज़ा होता था कि जवानी मैं वह ख़ासा ख़ूबरू रहा होगा कपड़ो से नफ़ासत ज़ाहिर थी। सोने की अंगूठी कलाई पर बेशक़ीमत घड़ी, चेहरे से चालाकी टपकती थी। गुफ़्तगू का अन्दाज़ बम्बई के सियानों जैसा -हर दो जुमलों के बाद एक सूखा क़हक़हा - उम्र 50 से कुछ ऊपर ही होगी। लेकिन यह जुमले सुनने के बाद वह गन्दा सा होटल हम जिसमे बैठे चाय पी रहे थे, उसका मालिक सामने कुर्सी पर पैर चढ़ाये क़ीमा पाव खाता अधेड़ उम्र शख़्स, चाय की बेरौनक़ प्यालियाँ, उन पर भिनकती मक्खियां सब इन्तहाई नाक़ाबिले बरदाश्त मालूम हुए। वहां से भाग जाने को जी चाहा लेकिन पैर जमे रहे क्योंकि मेरे दोस्त फ़ारूक़ ने मुझे यक़ीन दिलाया था। कि दांतो में खिलाल करता यह शख़्स अलादीन के जिन से कम नहीं। मकान की ज़रूरत हो, दुकान ख़रीदनी या बेचनी हो,या पासपोर्ट बनवाना हो, मसालेहत[1] करवानी हो, तलाक़ दिलवानी हो, मामला सुलझाना हो या फिर उलझाना हो, रईस ऐसे काम चुटकी बजाते ही कर देता है। सच पूछिये तो जिन भी ऐसे काम इतनी सहूलियत के साथ नहीं कर सकता।

"आप कब से यह काम कर रहे है, रईस भाई," मेरे दोस्त ने यूं ही ग़ुफ़्तगू

---

1. मेल जोल

کر رہا ہوں۔"

لہجہ سوکھا اور سپاٹ تو تھا لیکن اس میں طنز کا شائبہ نہ تھا۔ وہ ایک سادہ سچائی بیان کر رہا تھا۔

مجھے اچھو لگا' میں ایسے جواب کا متوقع نہ تھا۔کھانس کے بہانے میں نے جھک کر منہ چھپانے کی کوشش کی، فاروق نے پیر دبا کر سنبھلنے کا اشارہ کیا اور میں نے ہنسی کو دباتے ہوئے چہرے پر سنجیدگی طاری کرلی۔وہ کہہ رہا تھا۔

''انیس سو پچپن میں میں اپنی پہلی بیوی کے ساتھ کراچی چلا گیا تھا۔ بیس سال کا بھی نہ تھا۔ وہاں جا کر چائے کی دکان شروع کی۔ بہت اچھا دھندا تھا۔ پچاس ساٹھ روپے روز کما لیتا تھا۔ بچہ تو تھا نہیں ٹھاٹھ سے زندگی گزرتی تھی لیکن سالی ممبئی بہت یاد آتی تھی۔ ممبئی بھی بیوی سے کم نہیں ۔ اس کی عادت لگ گئی تو سمجھو آدمی گیا کام سے۔ ایک دن اپنی بیوی کو بولا۔ چلو ممبئی واپس چلتے ہیں۔ ادھر میرا من نہیں لگتا۔ اس کے بھائی بہن سگے سمبندی سبھی ساتھ تھے کراچی میں۔ وہ کیوں تیار ہوتی۔ میں نے اس سے کہا۔ دیکھ امینہ ابھی تو جوان ہے دوسری شادی کرسکتی ہے۔ اپنی چائے کی دکان ہے اچھی چلتی ہے۔ تیرے بھائی دکان سنبھال سکتے ہیں تجھے کوئی تکلیف نہیں ہوگی۔ میں ممبئی واپس چلا جاتا ہوں۔ زندگی رہی، قدرت کو منظور ہوا تو پھر ملیں گے۔ وہ بہت روئی دھوئی بہت گڑگڑائی۔ میرے ہاتھ پیر جوڑے اس کے بھائیوں نے بھی سمجھایا۔ پر میرا دل تو ممبئی میں اٹکا تھا، اٹھتے بیٹھتے، سوتے جاگتے ممبئی آنکھوں کے آگے گھومتی تھی۔ کبھی دیکھتا میں میرین ڈرایو پر چل رہا ہوں۔ کبھی چوپاٹی پر ریت میں لیٹا ہوں۔ کبھی بھنڈی بازار میں اپنے دوستوں کے ساتھ ہنسی مذاق ہو رہا ہے۔ نیند میں بھی ممبئی بلاتی تھی۔ ایک دن چپکے سے نکلا اور کھوکھرا پار کے راستہ واپس ممبئی آ گیا۔"

ادھر آ کر میرے کو بہت سکون ملا۔ وہی پرانی لائف چالو ہوگئی۔ صبح کو میٹنی شو۔ شام کو کبھی وی ٹی اسٹیشن پر فاؤنٹین پین بیچا۔ کبھی سڑک پر پلاسٹک کے کھلونے، اڑی جوڑی، تین پتہ کی اڑی، ربر کا سانپ، سب دھندا اپن نے کیا۔ وہ گھاس میں چٹھی ڈالتے ہیں نا۔

जारी रखने के ख़्याल से पूछा।

"तुम लोग पैदा भी नहीं हुए होंगे" रईस हंसा "उस वक़्त से मैं यह काम कर रहा हूं।"

लहजा सूखा और सपाट तो था। लेकिन उसमें तंज़[1] का शायबा[2] न था। वह एक सादा सच्चाई बयान कर रहा था। बस।

मुझे उच्छू लगा, मैं ऐसे जवाब का मोतवक़्क़ा[3] न था। खांसी के बहाने मैंने झुक कर मुंह छिपाने की कोशिश की, फ़ारूक़ ने पैर दबा कर संभलने का इशारा किया और मैंने हंसी को दबाते हुए चेहरे पर संजीदगी तारी कर ली । वह कह रहा था ।

"उन्नीस सौ पचपन में अपनी पहली बीवी के साथ कराची चला गया था। बीस साल का भी न था। वहां जाकर चाय की दुकान शुरू करी। बहुत अच्छा धंधा था। पचास साठ रूपये रोज़ कमा लेता था। बच्चा तो था नहीं ठाठ से जिन्दगी गुज़रती थी। लेकिन साली बम्बई बहुत याद आती थी। बम्बई भी बीवी से कम नहीं। इसकी आदत लग गई तो समझो आदमी गया काम से। एक दिन अपनी बीवी को बोला चलो बम्बई वापस चलते हैं। इधर मेरा मन नहीं लगता। उसके भाई बहन सगे संबंधी साथ थे कराची में वह क्यों तैयार होती, । मैंने उससे कहा देख अमीना अभी तू जवान है, दूसरी शादी कर सकती है। अपनी चाय की दुकान है। अच्छी चलती है, तेरे भाई दुकान संभाल सकते हैं। तुझे कोई तकलीफ़ नहीं होगी। मैं वापस बम्बई जाता हूं जिन्दगी रही, और क़ुदरत को मंज़ूर हुआ तो फिर मिलेंगे। वह बहुत रोई धोई। बहुत गिड़गिड़ाई। मेरे हाथ पैर पकड़े उसके भाइयों ने भी समझाया। पर मेरा दिल तो बम्बई में अटका था, उठते बैठते, सोते जागते बम्बई आंखों में घूमती थी। कभी देखता मैं मेरिन ड्राइव पर चल रहा हूं। कभी चौपाटी पर रेत में लेटा हूं, कभी भिंडी बाज़ार पर अपने दोस्तों के साथ हंसी मज़ाक़ हो रहा है। नींद में भी बम्बई बुलाती थी। एक दिन चुपके से निकला और खोखरा पार के रस्ते वापस बम्बई आ गया।

"इधर आकर मेरे को बहुत सुकून मिला। वही पुरानी लाइफ़ चालू हो गई। सुबह को मैटनी शो। शाम को कभी वी. टी. स्टेशन पर फाउन्टेन पेन बेचा। कभी

1. कटाक्ष 2. सन्देह 3. आशा

کسی چٹھی میں ایک کا' دو کا پانچ کا نوٹ ہوتا ہے۔ باقی سب خالی ہوتی ہے۔ چار آنے میں کوئی بھی چٹھی اٹھاؤ پھر جیسی جس کی قسمت۔ یہ میرا آئڈیا تھا۔ سب سے پہلے میں نے اندھیری اسٹیشن پر شروع کیا۔ ٹی وی آیا تو سب سے پہلے میں نے مستم ل کمپاؤنڈ میں اتوار کو فلم دکھانا چالو کیا۔ بڑے آدمی کا چار آنہ، بچے کا دو آنہ۔ عورتیں اور بچہ بہت آتے تھے۔ پورا کمپاؤنڈ بھر جاتا تھا۔"

مجھے الجھن ہو رہی تھی۔ اس کی باتیں سننے کا جی تو چاہ رہا تھا لیکن میرے کام کی اب تک کوئی بات ہی نہ ہوئی تھی۔ مجھے کمرہ کرائے پر چاہیے تھا۔ بال بچوں کو وطن سے لانا تھا۔ میرا دل کہیں اور تھا۔

"آپ نے شادی نہیں کی' فاروق نے پوچھا۔

"اس کی لمبی اسٹوری ہے۔ بالکل فلم کے مافک۔ ایک دن ناز سنیما پر ٹکٹ کی لائن میں کھڑا تھا۔ بہت لمبی لائن تھی۔ ایک لڑکی آئی میرے پاس بولی۔ میرا ٹکٹ نکالیں گے آپ؟ میں بولا کیوں نہیں۔ لڑکی ناک نقشے کی بہت اچھی تھی۔ رنگ گورا پان۔ آنگ اکھا اسپنج اور اسپرنگ میں تو مست ہوگیا۔ ٹکٹ نکالا تو اس کی سیٹ میرے بازو میں ہی آئی۔ میں اس کے ساتھ بہت شرافت کے ساتھ بیٹھا۔ میرے لیے وہ انٹرویل میں آئس کریم لے کر آئی۔ میں بولا تھینک یو، خوش ہوگئی۔ بولی پڑھے لکھے معلوم ہوتے ہو۔ میں نے کہا انگلش میڈیم سے آٹھویں تک پڑھا ہوں۔ آپ روز پکچر دیکھتے ہیں؟ میں نے کہا ہاں میں ہر روز میٹنی شو دیکھتا ہوں۔ وہ ہنسی بولی میں بھی روز میٹنی شو دیکھتی ہوں۔ کل آپ کون سی فلم دیکھیں گے۔ میں نے چانس لیا۔ کل امپریل میں "جال" دیکھنے کا ارادہ ہے، دیو آنند کی۔ ابھی ٹھیک سے یاد نہیں شاید جال ہی تھی، دوسرے دن ہم دونوں نے امپریل میں ساتھ میں فلم دیکھی۔ پھر تو معاملہ جمتا ہی چلا گیا۔ دونوں کا شوق ایک، نمبر ایک۔ مجھے وہ پسند، اس کو میں پسند۔ ہم لوگ شادی کر کے ساتھ ساتھ رہنے لگے ناگپاڑے پر۔"

ٹیبل والا تیسری بار میز صاف کرنے کے لیے آیا تو رئیس بھڑک اٹھا۔ "کیوں بے نیا آیا ہے کیا۔ یہ تیسری بار ٹیبل صاف کرتے میں دیکھ رہاں ہوں۔"

"جانے دو رئیس بھائی" گلے والے نے معاملہ ٹھنڈا کرنے کے لیے کہا "نیا چھوکرا

सड़क पर प्लास्टिक के खिलौने, अड़ी जोड़ी, तीन पत्ते की अड़ी, रबड़ का सांप, सब धंधा अपन ने किया। वह घास में चिट्ठी डालते हैं ना। किसी चिट्ठी में एक का, दो का या पांच का नोट होता है। बाकी सब खाली होती है। चार आने में कोई भी चिट्ठी उठाओ। फिर जैसी जिसकी क़िस्मत। यह मेरा आइडिया था। सब से पहले मैंने अंधेरी स्टेशन पर शुरू किया। टी. वी. आया तो सब से पहले मैंने हस्ती मिल कम्पाउंड में इतवार की फ़िल्म दिखाना चालू किया। बड़े आदमी का चार आना बच्चे का दो आना, औरतें और बच्चे बहुत आते थे। पूरा कम्पाउंड भर जाता था।''

मुझे उल्झन हो रही थी। उसकी बातें सुनने को जी तो चाह रहा था लेकिन मेरे काम की अब तक कोई बात ही न हुई थी। मुझे कमरा किराये पर चाहिये था, बाल बच्चों को वतन से लाना था। मेरा दिल कहीं और था।

''आप ने शादी नहीं की,'' फ़ारूक़ ने पूछा।

''इस की लम्बी स्टोरी है। बिल्कुल फ़िल्म के माफ़िक़[1]। एक दिन नाज़ सिनेमा पर टिकट की लाइन में खड़ा था बहुत लम्बी लाइन थी। एक लड़की आई मेरे पास, बोली मेरा टिकट निकालेंगे आप? मैं बोला क्यों नहीं, लड़की नाक नक़्शे की बहुत अच्छी थी। रंग गोरापान, आंग अखा स्पंज, और स्प्रिंग में तो मस्त हो गया। टिकट निकाला तो उसकी सीट मेरे बाज़ू में ही आई। मैं उसके साथ बहुत शराफ्त में बैठा। मेरे लिये वह इंटरवल में आईस क्रीम लेकर आई। मैं बोला थैंक्यू। खुश हो गई। बोली पढ़े लिखे मालूम होते हो। मैंने कहा इंगिलश मीडियम से आठवीं तक पढ़ा हूं। आप रोज़ पिक्चर देखते हैं? मैंने कहा हां मैं हर रोज़ मैटनी शो देखता हूं। वह हंसी। बोली मैं भी डेली मैटनी शो देखती हूं। कल आप कौन सी फ़िल्म देखेंगे। मैंने चांस लिया, कल इम्पेरियल में जाल देखने का इरादा है, देवानंद की अभी ठीक से याद नहीं शायद जाल, ही थीं दूसरे दिन हम दोनों ने इम्पेरियल में साथ में फ़िल्म देखी। फिर तो मामला जमता ही चला गया दोनों का शौक़ एक टेम्पर एक, मुझे वह पसंद, उसको मैं पसंद। हम लोग शादी करके साथ साथ रहने लगे नागपाड़े पर।''

टेबुल वाला तीसरी बार मेज़ साफ़ करने के लिये आया तो रईस भड़क

1. अनुरूप

ہے۔ اس کو ابھی سمجھ نہیں کون پرانا گراہک ہے کون نیا"

رئیس کا بھڑکنا میری سمجھ میں نہیں آیا۔ فاروق نے بتایا کہ یہ گاہک کو ایک طرح کا اشارہ ہے ٹیبل خالی کرو۔ بہت وقت ہو گیا۔

فاروق بھائی نے موقع غنیمت جان کر تین چائے کا آرڈر دیا۔ اور رئیس کا غصہ جھاگ کی طرح بیٹھ گیا۔

"رئیس بھائی ان کو ایک کمرہ چاہیے"۔ اس سے پہلے کہ رئیس بھائی دوبارہ اپنی پیاری کہانی سنائیں فاروق نے جلدی سے کہا۔

"مل جائے گا" رئیس نے بے پروائی سے کہا۔ "آپ مجھ سے دوچار دن کے بعد ملیں۔ رئیس کے پاس آئے تو سمجھو کام ہو گیا۔"

ہم اپنی بات کہہ چکے تو دوسرے کام یاد آئے۔ ہم نے سوچا کہ اب چائے پی کر جلدی سے سکیں۔ چائے پینے لگے تو رئیس نے پھر یاد دلایا اپن کھالی میت کو کاندھا فری دیتا ہے۔

"رئیس بھائی یہ کارڈ رکھیے۔ ہم تو آپ سے ملیں گے ہی۔ لیکن آپ اگر ہمیں فون کردیں تو ہم فوراً آجائیں گے۔"

چائے کے پیسے فاروق نے ادا کیے۔ رئیس نے تکلفاً بھی منع نہیں کیا بلکہ اس طرح غافل ہو گیا۔ گویا ہمیں پہچانتا ہی نہ ہو۔

